kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-339 ❒ मंगलवार, 13 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

युवा लेखक राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक भारत के निर्माताओं जैसे विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं। **धर्मेंद्र प्रधान**



ग्रीनलैंड को 'किसी भी तरह से' हासिल करेंगे : ट्रंप 11

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है पूरा देश : रेखा गुप्ता 12

# यूपी में 2000 करोड़ से शुरू होगा मिशन एआई: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यूपी में एआई मिशन लागू करने की घोषणा की है। 'एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कॉन्फ्रेंस' का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि एआई मिशन से लगभग 2000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से लागू होंगे। यूपी स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग में देश में अग्रणी होगा। प्रदेश में 62 और एआई डाटा लैब (कुल 65) बनेंगी। ये सभी लैब छोटे शहरों में स्थापित होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शासन को प्रतिक्रियात्मक (रिएक्टिव) से सक्रियात्मक (प्रोएक्टिव) बना रहा है। तकनीक जब संवेदना से जुड़ती है, नीति जब नवाचार से संचालित होती है और शासन जब विश्वास पर आधारित होता है, तभी विकास समावेशी बनता है और भविष्य सुरक्षित होता है। स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग से स्वास्थ्य नीतियों को अधिक सटीक और प्रभावी बनाया जा सकता है। एआई के उपयोग से महामारियों, वेक्टर जनित रोगों के संबंध में डेटा एकत्रित करने और उसके फीडबैक से बेहतर निर्णय, बेहतर नीति और बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जा सकते हैं। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीकी उन्नयन और नई तकनीक के प्रयोग को प्रोत्साहित करती रही है। इस क्रम में प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क, फार्मा पार्क, लखनऊ में मेडिटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, गौतम बुद्ध नगर में एआई एंड इनोवेशन आधारित उद्यमिता केंद्र, आईआईटी कानपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई है कि सम्मेलन व्यावहारिक समाधानों, पायलट परियोजनाओं और समयबद्ध कार्ययोजना की दिशा में सार्थक परिणाम देगा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के मंत्री सुनील ● शेष पेज 11 पर





### योगी बोले

- ❒ प्रदेश में 62 एआई डाटा लैब बनेंगी, छोटे शहर में बढ़ेगा नवाचार और निवेश
- ❒ सीएम बोले, स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग में देश में अग्रणी बनेगा यूपी
- ❒ तकनीक जब संवेदना से जुड़ती है तभी विकास समावेशी बनता है
- ❒ प्रदेश के युवाओं को एआई क्षेत्र में शोध के अवसर मिलेंगे

### नशा कारोबारियों की जब्त होगी संपत्ति और जाएंगे जेल : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए और लोगों को भी जागरुक करना चाहिए। उन्होंने नशे का कारोबार करने वालों को आगाह करते हुए अगर बाज नहीं आए तो न केवल उन्हें जेल भेजा जाएगा बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त होगी, क्योंकि ऐसे लोग देश और समाज को खोखला कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर प्रदेश के युवा एवं खेलकूद विभाग की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित युवा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न? जिलों के युवा व महिला मंगल दलों को नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, जनता लाइब्रेरी, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र व राशि प्रदान की। इससे पहले युवा एवं खेलकूद मंत्री गिरीश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक डॉ नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव व लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में मुख्यमंत्री ने 40 करोड़ रुपये अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण व शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए कहा ● शेष पेज 11 पर

# हमारे लिए भारत जितना आवश्यक कोई अन्य देश नहीं है : अमेरिकी राजदूत

एजेंसी

नयी दिल्ली। तनाव को दूर कर द्विपक्षीय संबंधों को दोबारा मजबूत करने के संकेत देते हुए दिल्ली में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को कहा कि वाशिंगटन के लिए भारत जितना आवश्यक कोई अन्य देश नहीं है और दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।

उन्होंने यहां आने पर एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में भारत के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अमेरिका के नेतृत्व वाले रणनीतिक गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में शामिल होने के निमंत्रण की भी घोषणा की। पदभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद गोर द्वारा दिए गए इन बयानों को ट्रंप प्रशासन की ओर से ऐसे समय में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जब उसने हाल के महीनों में शुल्क (टैरिफ) और एच-1बी वीजा को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए गोर ने कहा, ''आपके और मेरे सामने कूटनीति को फिर से परिभाषित करने का जीवन में एक बार मिलने वाला अविश्वसनीय अवसर है। इससे जो हासिल किया जा सकता है, वह इस सदी की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक साझेदारी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा, ''भारत से अधिक आवश्यक कोई साझेदार नहीं है। आने वाले महीनों और वर्षों में राजदूत के रूप में मेरा लक्ष्य एक अत्यंत महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ाना है। हम इसे सच्चे रणनीतिक साझेदारों के रूप में करेंगे, जहां दोनों पक्ष अपनी ताकत, सम्मान



❒ सर्जियो गोर ने कहा, 'अगले स्तर' तक ले जाएंगे भारत-अमेरिका साझेदारी

और नेतृत्व के साथ आगे आएंगे। गोर (38) ने इस बात पर जोर दिया कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच दोस्ती ''सच्ची'' है और यह उन ''मतभेदों'' को सुलझाने में मदद करेगी, जिनके कारण पिछले दो दशकों में संबंधों का सबसे खराब दौर देखने को मिला। द्विपक्षीय संबंधों में यह गिरावट तब शुरू हुई जब ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया, जिसमें भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल था। शुल्क के अलावा भारत-पाकिस्तान संघर्ष को मई में समाप्त करने के ट्रंप के दावे और अमेरिका की नयी आव्रजन नीति एवं कई अन्य मुद्दों पर भी द्विपक्षीय संबंधों में गंभीर तनाव देखा गया। गोर ने कहा, ''अमेरिका और भारत केवल साझा हितों से ही नहीं जुड़े हैं बल्कि यह रिश्ता सर्वोच्च स्तरों पर आधारित है। सच्चे मित्र असहमति रख सकते हैं, लेकिन अंततः अपने मतभेद सुलझा लेते हैं। उन्होंने यह ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन विफल

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन रविवार को तकनीकी खामी के कारण विफल घोषित कर दिया गया। इस मिशन के तहत रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अत्यंत गोपनीय हाइपरस्पेक्ट्रल निगरानी उपग्रह 'अन्वेषा' का प्रक्षेपण किया गया था, लेकिन रॉकेट के तीसरे चरण (पीएस3) के अंतिम चरण में आई गड़बड़ी के कारण उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित नहीं किया जा सका। इसरो के अनुसार, मिशन के दौरान पीएसएलवी रॉकेट का उड़ान क्रम सामान्य रूप से आगे बढ़ रहा था, लेकिन तीसरे स्टेज के अंत में रॉकेट मार्ग से भटक गया, जिससे पेलोड को अपेक्षित कक्षा में इंजेक्ट नहीं किया जा सका। इसके बाद इसरो ने मिशन को विफल घोषित करते हुए विस्तृत तकनीकी विश्लेषण शुरू कर दिया है।

### नए कनेक्शन में मीटर के दाम 2800 रुपये लागू

**लखनऊ।** नए कनेक्शन पर पावर कॉरपोरेशन ने मीटर की नई दरें लागू कर दी हैं। 31 दिसंबर को नियामक आयोग ने कनेक्शन की नई दरें तय करने के लिए कॉस्ट डाटा बुक को मंजूरी देते हुए मीटर के दाम 2800 रुपये तय किए थे। आयोग द्वारा दरें तय किए जाने के बाद भी 10 जनवरी तक मीटर के लिए 6016 रुपये लिए जा रहे थे। मीटर के दाम कम होने से एक व दो किलोवॉट का कनेक्शन 6400 रुपये मिल रहा था, वह अब 3198 रुपये में मिलने लगा है। हालांकि, कॉस्ट डाटा बुक की दरें पूरी तरह लागू होने के बाद इस दाम में अभी कुछ बदलाव होगा। थ्री फ़ेस स्मार्ट मीटर का दाम 4100 रुपये होगा।

### यूपी रेरा ने 12 परियोजनाओं को दी हरी झंडी


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने राज्य के छह जिलों में 4,100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 12 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से कुल 7,147 आवासीय और व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। इन परियोजनाओं को यूपी रेरा की 193वीं प्राधिकरण बैठक में स्वीकृति दी गई, जो वर्ष 2026 की पहली बैठक भी थी। यह बैठक यूपी रेरा मुख्यालय में अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में रियल एस्टेट सेक्टर के पारदर्शी, नियोजित और समयबद्ध विकास पर जोर दिया गया। लखनऊ में पांच परियोजनाओं को मंजूरी निवेश के लिहाज से गौतमबुद्ध नगर जिला सबसे आगे रहा। यहां तीन परियोजनाओं को 2,460.59 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ मंजूरी दी गई है। लखनऊ में पांच परियोजनाओं को 1,091.16 करोड़ रुपए के कुल निवेश के साथ स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं के जरिए कुल 3,569 इकाइयों का विकास होगा।

# केजीएमयू में धर्मांतरण मामले की जांच करेगी यूपी एसटीएफ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। लव जिहाद और धर्मांतरण के मामले में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का विवादों से पीछा नही छूट रहा है। डॉ रमीज उद्दीन नायक की गिरफ्तारी के बाद सामने आ रहे उसके पीएफआई कनेक्शन के बाद मामले में आगे की जांच यूपी एसटीएफ ने अपने हाथ मे ले ली है। एसटीएफ पूरे मामले की जांच करने के साथ विवि परिसर में संचालित हो रही अन्य गतिविधियों को भी खंगालेगी।

प्रकरण को यूपी एसटीएफ द्वारा हाथ मे लिए जाने के बाद केजीएमयू प्रशासन ने पीड़ित छात्रा के मामले की जांच के लिए गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को भंग कर दिया है। विवि के मीडिया प्रभारी प्रो केके सिंह का कहना है कि विवि की तरफ से धर्मांतरण सहित पूरे मामले की जांच के लिए एसटीएफ से अनुरोध किया गया था। एसटीएफ ने जांच हाथ मे ले ली है। इसलिए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को भंग कर दिया गया है। गौरतलब है कि केजीएमयू से



एमडी पैथोलॉजी कर रही एक छात्रा ने अपने वरिष्ठ पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और धर्मांतरण का आरोप लगाया था। मामला के तूल पकड़ने के बाद प्रकरण की जांच के लिए केजीएमयू ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की थी। इस बीच पुलिस की तरफ से आरोपी रेजिडेंट डॉक्टर रमीज उद्दीन नायक और उसके माता पिता को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद ने एक प्रेस कांफ्रेंस में रेजिडेंट डॉक्टर रमीज उद्दीन नायक उर्फ रमीज मलिक को दोषी बताया है। जांच में उसके खिलाफ फिजिकल, इमोशनल और मेंटल हरासमेंट के आरोप सही पाए गए।

## संजय प्रसाद समेत आठ आईएएस अफसर बने अपर मुख्य सचिव

लखनऊ। राज्य सरकार ने वर्ष 1995 बैच के आईएएस व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद समेत आठ अफसरों को अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति दी है। यूपी में तैनात पांच आईएएस को मिली पदोन्नति प्रभावी हो गई है और केंद्र में तैनात तीन को प्रोफार्मा दी गई है। उनके यूपी आने की तिथि से यह पदोन्नति प्रभावी मानी जाएगी। यूपी में इसके पहले वर्ष 1994 बैच के तीन आईएएस अफसरों को अपर प्रमुख सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई थी। रिक्तियों के आधार पर अब वर्ष 1995 बैच के अफसरों को अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई है।

प्रमुख सचिव नियुक्ति एम देवराज ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। इसके मुताबिक मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल, प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति व धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात, सदस्य राजस्व परिषद आर रमेश कुमार, प्रमुख सचिव पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन ● शेष पेज 11 पर

# सब्जियों-दालों के दाम बढ़ने से दिसंबर में महंगाई बढ़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सब्जियों और दालों के दाम एक साल पहले की तुलना में दहाई प्रतिशत में घटने से दिसंबर 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर 1.33 प्रतिशत पर नरम बनी रही।

इससे पहले, नवंबर में खुदरा महंगाई 0.71 प्रतिशत और अक्टूबर में 0.25 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। वहीं, दिसंबर 2024 में यह 8.39 प्रतिशत रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति लगातार सातवें महीने शून्य से नीचे रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, फल, दूध, मांसाहार और खाद्य तेलों की कीमतों में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि के बावजूद सब्जियों और दालों की कीमतों में सालाना आधार पर दहाई अंक में बड़ी गिरावट के कारण खाद्य पदार्थों की महंगाई दर दिसंबर में शून्य से 2.71 प्रतिशत नीचे दर्ज की गयी। नवंबर में यह शून्य से 3.91



❒ 3 महीने में सबसे ज्यादा, 1.33% पर पहुंची, नवंबर में 0.71% थी

प्रतिशत नीचे थी जबकि दिसंबर 2024 में 5.22 प्रतिशत ऊपर दर्ज की गयी थी। खुदरा महंगाई पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सितंबर में किये गये सुधारों का असर भी देखा जा रहा है। दिसंबर में सालाना आधार पर सब्जियों के दाम 18.47 प्रतिशत और दालों तथा उनके उत्पादों के 15.09 प्रतिशत घट गये। मसालों के दाम में 2.15 प्रतिशत और अनाजों में 0.35 प्रतिशत की नरमी रही। तेल एवं वसायुक्त उत्पादों के दाम 6.75 प्रतिशत बढ़ गये। फलों की कीमतों में 6.66 फीसदी और मांस एवं मछलियों की कीमतों में 5.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दिसंबर 2024 के मुकाबले दिसंबर 2025 में अंडों के दाम 4.76 प्रतिशत और चीनी तथा कंफ़ेक्शनरी उत्पादों के 4.66 प्रतिशत बढ़े। दूध तथा डेयरी उत्पादों के दाम 2.56 फीसदी बढ़े। जीएसटी सुधारों के कारण दिसंबर में सिले-सिलाये वस्त्रों की महंगाई दर 1.68 फीसदी के निचले स्तर पर रही। वहीं, जूते-चप्पलों के दाम सालाना आधार पर 0.43 प्रतिशत घटे हैं। आवास वर्ग की महंगाई दर 2.86 प्रतिशत और ईंधन एवं बिजली वर्ग की 1.97 प्रतिशत दर्ज की गयी। सोने-चांदी की महंगाई दर दिसंबर में भी ऊंची बनी रही। एक साल पहले के मुकाबले चांदी 97.07 प्रतिशत और सोना 68.66 प्रतिशत महंगा हुआ है। दिसंबर में ग्रामीण इलाकों में महंगाई दर 0.76 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 2.03 प्रतिशत दर्ज की गयी। खुदरा ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में 17 लापरवाह डॉक्टर बर्खास्त, कई पर विभागीय कार्रवाई

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सरकारी अस्पतालों में अनुशासनहीनता और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले 17 चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक मरीजों को बेहतर इलाज और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसी क्रम में मरीजों के साथ अभद्रता करने वाले 4 चिकित्साधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा स्थानांतरण के बाद भी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण न करने वाले डॉ. गजेंद्र सिंह के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बीकेटी ट्रामा सेंटर में तैनात 4 चिकित्साधिकारियों से लापरवाही के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। साथ ही काम में ढिलाई बरतने पर 3 चिकित्साधिकारियों को चेतावनी देने का फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कार्य में लापरवाही व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में 5 चिकित्साधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है और उनके खिलाफ परनिंदा दंड भी लगाया गया है। इतना ही नहीं, क्रय नीति के विरुद्ध दवा खरीद के मामले में दोषी पाए गए 2 चिकित्साधिकारियों की पेंशन में 10 प्रतिशत कटौती के निर्देश भी दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्पष्ट किया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## हिन्द प्रशांत क्षेत्र भारत-जर्मनी के लिए उच्च प्राथमिकता, आपूर्ति श्रृंखला को मिलकर बनायेंगे मजबूत: मोदी

# सुरक्षित, भरोसेमंद और वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क पर सहमति

एजेंसी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र भारत और जर्मनी दोनों के लिए उच्च प्राथमिकता है और इस क्षेत्र में तालमेल बढ़ाने के लिए एक परामर्श तंत्र की शुरुआत की जा रही है साथ ही दोनों देश सुरक्षित, विश्वसनीय और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। भारत की दो दिन की यात्रा पर आये जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ वार्ता के बाद श्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और जर्मनी हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं और इस दोस्ती का प्रभाव विश्व स्तर पर भी दिखाई देता है। घाना, कैमरून और मलावी जैसे देशों में संयुक्त परियोजनाओं से हमारी त्रिस्तरीय विकास साझेदारी दुनिया के लिए एक सफल मॉडल है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों के विकास के लिए अपने साझा प्रयासों को आगे भी निरंतर जारी रखेंगे।

### मोदी और फ्रेडरिक मर्ज 'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव' में शामिल हुए

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज सोमवार को गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव-2026' में शामिल हुए। श्री मोदी और श्री मर्ज ने इस अवसर पर पतंग उड़ाने का आनंद भी लिया। हर साल की तरह इस वर्ष भी अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर 'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव-2026' का आयोजन किया गया है। प्रशासन ने पतंग महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विशेष आयोजन किए हैं। इस महोत्सव में दुनियाभर के 30 से अधिक देशों के 150 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पतंगबाज अपनी अनोखी पतंगों के साथ भाग ले रहे हैं जिसमें गुजरात और भारत के विभिन्न राज्यों के पतंगबाज भी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। गणमान्य व्यक्तियों के लिए विशाल और कई अत्यंत आकर्षक मंच तैयार किए गए है। 'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में देश-विदेश की विशालकाय और अनोखे आकार की पतंगें आसमान में आकर्षण का केंद्र बनी हुयी हैं। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गुजराती हस्तशिल्प, फूड स्टॉल का भी आयोजन किया गया है। महोत्सव का आयोजन 11 जनवरी से 14 जनवरी के दौरान किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज यहां जर्मनी के चांसलर का स्वागत किया और दोनों नेताओं ने रिवरफ्रंट पर पतंग महोत्सव का आनंद लिया। रिवरफ्रंट क्षेत्र तथा अहमदाबाद शहर में कड़ा पुलिस बंदोबस्त और अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।



उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत दोनों देशों के लिए उच्च प्राथमिकता है। इस क्षेत्र में तालमेल को बढ़ाने के लिए हम एक परामर्श तंत्र की शुरुआत करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन और गाज़ा सहित कई वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा,'' भारत सभी समस्याओं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर रहा है, और इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है। हम एकमत हैं कि आतंकवाद पूरी ● शेष पेज 11 पर

# माघ मेला में कला संगम की सांस्कृतिक संध्या, भजनों–नृत्यों ने बांधा समां

**देश के विख्यात लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेला के अंतर्गत संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित ल्कला संगमङ्क सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन गंगा पंडाल, सेक्टर 3, परेड ग्राउंड में किया गया। कला, लोकगीत, शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य और लोक धुनों की सुरमयी धारा में दर्शक देर रात तक गोता लगाते रहे।

देश के विख्यात लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ के प्रसिद्ध भजन गायक हितेश भारद्वाज व उनके साथियों द्वारा गणेश वंदना से हुआ। कबीर की सूफी विचारधारा पर आधारित कुछ लेना न देना मगन रहना , मन लागा मेरा यार फकीरी में जैसी रचनाओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। शास्त्रीय संगीत के प्रख्यात गायक प्रो. पं. साहित्य कुमार नाहर ने सितार वाद्य वृंद के साथ राग कल्याण, मिश्र खमाज और राम चंद्र कृपालु भजमन की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस दौरान 10 वर्षीय बाल कवि कविराज रघुनंदन ने गिद्धराज जटायू की वीरता पर कविता सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। वाराणसी के प्रसिद्ध भजन गायक मासूम अली व टीम ने ल्गंगा मैय्या सुन लो अर्जियां हमारे, जय बोलो राजा राम की, जैसे भजनों से वातावरण भक्तिरस में डुबो दिया।

नृत्य प्रस्तुतियों में रंजना उपाध्याय की टीम ने शिव स्तुति नृत्य, माला शर्मा ने कथक व लोक नृत्य तथा डा. मेनका मिश्रा (लखनऊ) ने राम भजन, गंगा गीत और सूफी रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। लखनऊ घराने की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना माला शर्मा ने अपनी टीम के साथ केवट के राम नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। वहीं अंशिका त्यागी ने राजस्थानी, अवधी और हरियाणवी नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के समापन चरण में मशहूर भजन गायिका तृप्ति शाक्या व उनके साथियों ने कभी राम बनके कभी श्याम बनके, सत्यम शिवम सुंदरम जैसे भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

मंच का सफल संचालन पियूष श्रीवास्तव ने किया। अंत में अश्विनी पटेल (अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, काशी प्रांत), आर.पी. बघेल (पर्यटन एवं संस्कृति परिषद), संस्कृति विभाग के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र यादव, गुलाम सरवर ने कलाकारों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा एवं ललित कला अकादमी, लखनऊ के अधिकारी देवेन्द्र त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# माघ मेला अक्षयवट मार्ग के फुटपाथ दुकानदारों ने नगर विकास मंत्री को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**परम्परागत विरासत बाजारों के स्ट्रीट वेंडरों को हटाकर बाहरी दुकानदारों से हो रही अवैध वसूली : रवि शंकर द्विवेदी**

**बिना नोटिस सामान हटाया जा रहा, न ही जब्ती की रसीद दी जा रही**

प्रयागराज । माघ मेला क्षेत्र के अक्षयवट मार्ग, संगम किला घाट सहित सभी विरासत बाजारों में वर्षों से आजीविका चला रहे परम्परागत स्थानीय फुटपाथ दुकानदारों को मेला प्राधिकरण के कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों के इशारे पर उनके निर्धारित बिक्री स्थलों से हटाया जा रहा है।

आरोप है कि पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थी मूल निवासी दुकानदारों को हटाकर बाहरी दुकानदारों को स्थान दिया जा रहा है, जिससे अवैध वसूली को बढ़ावा मिल रहा है। इस संबंध में मार्केट लीडर राधा रानी निषाद ने आज़ाद स्ट्रीट वेंडर वेलफ़ेयर यूनियन के प्रदेश महासचिव रवि शंकर द्विवेदी को लिखित शिकायत दी। इसके बाद पीड़ित दुकानदारों के साथ यूनियन पदाधिकारियों ने नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा को सर्किट हाउस में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए रवि शंकर द्विवेदी ने कहा कि प्रयागराज में लगने वाले पौराणिक माघ मेला, अर्धकुंभ एवं महाकुम्भ में सैकड़ों वर्षों से स्थानीय परम्परागत दुकानदार–माला, फूल, प्रसाद, नारियल, चुनरी, बिंदी, चूड़ी, खिलौना, चाय, बाटी-चोखा व खाद्य सामग्री आदि–बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते आ रहे हैं। इसके बावजूद मेला प्राधिकरण व पुलिस द्वारा उन्हें बार-बार उनके मूल स्थानों से हटाया जाता है। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ मेले में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पर्यटन विभाग द्वारा जिन दुकानदारों को प्रशिक्षण और वर्दी दी गई, उन्हीं गरीब दुकानदारों को अब हटाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि बड़े पूंजीपतियों, बाहरी दुकानदारों और अवैध वसूली की निष्पक्ष जांच कराई जाए। मांग-पत्र में पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियम-2014 की धारा 38 के अंतर्गत प्राकृतिक बाजार (नेचुरल मार्केट) के स्थानीय परम्परागत रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को बिना हटाए, पूर्व मेलों की भांति मेले में सम्मान पूर्वक समाहित करने की मांग की गई। इस अवसर पर पार्षद आनंद घिड़ियाल, कुसुमलता गुप्ता, आशीष द्विवेदी, शिव सेवक सिंह, रितेश द्विवेदी, राधा रानी निषाद, रवि शंकर, महंत लाल यादव, त्रिलोकी, मुकेश सोनकर, सविता देवी, मुन्ना लाल, राहुल निषाद, श्याम कली, लाल बाबू, रितेश श्रीवास्तव, अरविन्द मिश्रा, पंकज मिश्रा, विनोद, रंजीत सोनकर सहित बड़ी संख्या में महिला दुकानदार मौजूद रहीं।

## प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में रिश्वतखोरी का ऑडियो वायरल

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस कमिश्नरेट में रिश्वतखोरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। यमुनानगर जोन के खीरी थाने में तैनात उप निरीक्षक विशाल मौर्य का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ऑडियो में दरोगा कथित रूप से यह कहते सुने जा रहे हैं कि यदि पैसा नहीं दिया गया तो किसी अन्य मामले में फंसाकर जेल भेज दिया जाएगा, जबकि पैसे देने पर थाना प्रभारी से बात कर मामला निपटाने की बात कही जा रही है। वायरल ऑडियो ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## धूमनगंज बमबाजी मामले में पुलिस का आधिकारिक बयान

प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र में हुई बमबाजी की घटना को लेकर पुलिस ने अपना आधिकारिक बयान जारी किया है। पुलिस के अनुसार घटना में कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश की गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति को नियंत्रण में लिया और साक्ष्य संकलन के साथ जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों की पहचान की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गई है।

## सीडीओ ने गणतंण दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में 26 जनवरी 2026 गणतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में सीडीओ ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ- सफाई एक सप्ताह पहले कर ली जाए। सभी विद्यालयों में गणतंत्र दिवस पर बच्चों को महापुरुषों के बारे में बताया जाए। गणतंत्र दिवस से संबंधित कार्यक्रम 23 जनवरी से 26 जनवरी तक चलेगें। कहा कि सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय झंडा अभिवादन तथा ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रातः 8:30 बजे होगा। वृद्ध आश्रम तथा कुष्ठ आश्रम आदि में फल वितरण किया जाए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## दबिश के दौरान 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

रायबरेली , कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-01 अखिलेश कुमार की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा तहसील सदर के थाना गुरुबख्शगंज अंतर्गत ग्राम घाटमपुर एवं कोरिहर में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300 किलोग्राम महुआ लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## बैंती गांव मे जबरन जमीन हड़पने का गंभीर आरोप

रायबरेली , कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के बैंती गांव से सूदखोरी और जबरन जमीन हड़पने का गंभीर मामला सामने आया है। गांव निवासी राजकुमार सैनी ने अपने भाई को सूदखोरी के जाल में फंसाकर धमकी, मारपीट और जबरन बैनामा कराए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक रायबरेली को शिकायती पत्र सौंपा है।आपको बता दें कि, पीड़ित के अनुसार, उसके भाई अरविंद कुमार सैनी से गांव के ही उमाशंकर मिश्रा उर्फ मुटुरू ने 20 हजार रुपये 10 प्रतिशत मासिक ब्याज पर उधार दिए थे। बाद में 6 मार्च 2023 को अरविंद के भाई गणेश द्वारा मूलधन व ब्याज सहित 40 हजार रुपये आरोपी के खाते में जमा कर दिए गए। आरोप है कि भुगतान के बावजूद आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए ब्याज अधिक बताकर अरविंद से जबरन भूमि गाटा संख्या 1809 सहित अन्य जमीन का 29 जनवरी 2024 को बैनामा करवा लिया, जो वास्तविक देनदारी से कहीं अधिक है। पीड़ित का यह भी कहना है कि आरोपी ने 2.50 लाख रुपये का एक फर्जी चेक (चेक संख्या 000105, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बैंती) दिखाकर बाद में वापस छीन लिया, जिसका भुगतान कहीं भी नहीं हुआ। परिजनों के विरोध करने पर आरोपी द्वारा मारपीट किए जाने का भी आरोप है। पीड़ित का कहना है कि शिवगढ़ थाने में शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और उल्टा पीड़ित परिवार पर ही सुलह का दबाव बनाया गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि, आरोपी सूदखोर खुलेआम धमकियां देता है, गवाहों को डराता है और झूठे मुकदमों में फंसाने की साजिश रच रहा है। पीड़ित के पास ऑडियो साक्ष्य भी मौजूद होने का दावा किया गया है।इनसेट - मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## भीषण ठंड के इस मौसम में समाजसेवियों द्वारा गरीबों की मदद का सिलसिला जारी

रायबरेली, , कैनविज टाइम्स संवाददाता। भीषण ठंड के इस मौसम में समाजसेवियों द्वारा गरीबों की मदद का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में मऊ ग्राम पंचायत में बीते तीन दिनों से लगातार जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया जा रहा है। यह सराहनीय कार्य मऊ सर्की गांव निवासी पूर्व प्रमुख एवं वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि तथा भाजपा नेता सत्येंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। आपको बता दें कि, कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह द्वारा लगभग 1500 गरीब, जरूरतमंद वृद्धों एवं महिलाओं को कंबल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। टेलीफोनिक बातचीत में सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि, वे यह सेवा कार्य प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में नियमित रूप से करते आ रहे हैं। उनका मानना है कि, गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है, और यह कार्य वे पूरी तरह निस्वार्थ भाव से करते हैं। उन्होंने बताया कि, उनके पिता स्वर्गीय गोकुल सिंह भी समाजसेवा को अपना धर्म मानते थे और सदैव जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। उन्हीं से प्रेरणा लेकर उन्होंने गरीबों की मदद को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। उनका कहना है कि, गरीबों द्वारा दिया गया सच्चा आशीर्वाद अवश्य फलित होता है, और उसी के परिणामस्वरूप आज वे इस योग्य हैं कि, दूसरों की सहायता कर सकें।आपको यह भी बता दे कि, पिछले कई वर्षों से मऊ बाजार स्थित रामलीला मैदान में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है, लेकिन इस वर्ष उन्होंने कुछ अलग करते हुए घर-घर जाकर प्रत्येक महिला सदस्य को कंबल देने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे वे पूरी निष्ठा से पूरा करने में जुटे हैं।

## सड़क सुरक्षा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सम्पन्न



रायबरेली । महात्मा गांधी इंटर कॉलेज रायबरेली में सड़क सुरक्षा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे राही, अमावां, हरचंदपुर एवं सतांव ब्लॉक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में शशि को प्रथम, नीलम को द्वितीय एवं सलोनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। चित्रकला प्रतियोगिता में अंजली को प्रथम, इसिका को द्वितीय तथा आकांक्षा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज रायबरेली की टीम विजेता रही इसमें सोनल, मानवी, श्रेया एवं अलशिफा ने भाग लिया। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य ले0 दिनेश कुमार ने स्वामी विवेकानंद जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

# अंबेडकर प्रतिमा के पास विरोध करने पर दलित युवक से मारपीट

**जाति–सूचक गालियाँ और जान से मारने की धमकी, डेढ़ माह बीतने के बाद भी पुलिस ने नहीं लिखी दलित की रिपोर्ट**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जनपद कौशाम्बी के थाना करारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैला मकदुमपुर में 23 नवंबर 2025 को एक गंभीर और संवेदनशील घटना सामने आई है। आरोप है कि गांव निवासी अनिल सरोज (अनुसूचित जाति) के साथ शिवलोचन पटेल और उनके परिजनों ने मारपीट की, जाति-सूचक गालियाँ दीं और जान से मारने की धमकी दी।

यह घटना उस समय हुई जब अनिल सरोज ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास शिवलोचन द्वारा अवैध रूप से नींव खोदे जाने का विरोध किया। डेढ़ माह बीतने के बाद भी रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई है। विपक्षी झूठी शिकायत कर अधिकारियों को भी गुमराह कर रहा है। दबंगो को एक बिस्वा जमीन पट्टे के नाम मिला था लेकिन तीन तीन विस्वा जमीन पर मकान बनाकर कब्जा किया है,और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की लगी प्रतिमा के पास गंदगी फैलाता है और जमीन पर कब्जा कर रहा है । अब तक 3 बार एसपी कार्यालय और कई बार थाना करारी का चक्कर पीड़ित काट चुका है जांच के नाम पर टरकाया जा रहा है। पीड़ित अनिल सरोज के अनुसार, जैसे ही उसने प्रतिमा स्थल के पास हो रही खुदाई पर आपत्ति जताई, वैसे ही शिवलोचन पटेल व उनके परिजनों ने उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान उसे उसकी जाति को लेकर अपमानजनक शब्द कहे गए और खुलेआम धमकी दी गई कि यदि उसने दोबारा विरोध किया तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इस घटना के समय गांव के कई लोग मौजूद थे,अनिल सरोज के 112 नंबर पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पुलिस पहुंची है।

घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई। घटना के संबंध में अनिल सरोज ने उसी दिन थाना करारी में लिखित तहरीर दी। इसके एक सप्ताह बाद पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी तथा अन्य उच्च अधिकारियों को भी प्रार्थना पत्र भेजा गया, लेकिन अब तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस अनुमति और जांच का बहाना बनाकर मामला दर्ज करने से बच रही है।कानून के जानकारों के अनुसार, यह मामला एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाना चाहिए। अधिनियम की धारा 3(1)(न), 3(1)(प)(जाति-सूचक गाली/अपमान) तथा धारा 3(2)(पथ) के साथ मारपीट व धमकी की धाराएँ बनती हैं। साथ ही एससी/एसटी एक्ट की धारा 18 इ साफ कहती है कि ऐसे मामलों में रिपोर्ट से पहले न तो किसी तरह की प्रारंभिक जांच की जा सकती है और न ही किसी अधिकारी की अनुमति ली जा सकती है। इसके अतिरिक्त भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 93 भी पुलिस को यह बाध्य करती है कि संज्ञेय अपराध की सूचना मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की जाए। इसके बावजूद कार्रवाई न होना पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

पीड़ित अनिल सरोज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई, तो वह एससी/एसटी स्पेशल कोर्ट में धारा 156(3) के तहत आवेदन देकर न केवल मुकदमा दर्ज कराने बल्कि दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेगा। पीड़ित अनिल ने दिनांक 11 जनवरी 2026 को पुनः थाना प्रभारी करारी से मिलकर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही लेकिन पुलिस जांच के नाम पर डेढ़ माह से टरका रही है।यह मामला कानून के पालन और दलितों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की संवेदनशीलता की कड़ी परीक्षा बन गया है।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में बैठक कर मेला क्षेत्र की तैयारियों का गहन जायजा लिया। बैठक में मंत्री शर्मा ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्थाएं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।

उन्होंने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, निर्बाध विद्युत व्यवस्था, रैन बसेरे और अलाव की व्यवस्था को पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। मंत्री शर्मा ने कहा कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त और स्पष्ट साइनेज लगाए जाएं ताकि श्रद्धालुओं को मार्ग, घाट, चिकित्सा सुविधा और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हुए सभी प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।मंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि मेला एवं त्योहार रेहड़ी-पटरी वालों की आजीविका के प्रमुख साधन हैं, इसलिए अतिक्रमण के नाम पर उन्हें अनावश्यक रूप से हटाया न जाए। बैठक में मेलाधिकारी श्री ऋषिराज ने जानकारी दी कि 10 जनवरी तक लगभग एक करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने की संभावना है। 14 से 18 जनवरी के बीच सर्वाधिक दबाव रहने की आशंका के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है, सभी कनेक्शन दिए जा चुके हैं और कैंपों में पेयजल की कोई समस्या नहीं है।स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के संबंध में मेलाधिकारी ने बताया कि त्रिवेणी और गंगा नाम से दो बड़े अस्पताल स्थापित किए गए हैं, जिनमें एक्स-रे की सुविधा भी उपलब्ध है। अब तक 31,651 ओपीडी पंजीकरण हो चुके हैं। मेला क्षेत्र में 80 एम्बुलेंस तैनात हैं तथा 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह सक्रिय हैं। प्रमुख स्नान पर्वों के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी देते हुए एसपी मेला ने ट्रैफिक कंट्रोल रूम, अग्निशमन व्यवस्था और साइबर क्राइम सुरक्षा की विस्तृत जानकारी मंत्री जी को दी।मंत्री श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान सतर्कता, संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक मेला अनुभव प्रदान किया जाए।

# रायबरेली के स्थापना दिवस पर एक दिवसीय रायबरेली महोत्सव का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। रायबरेली स्थापना दिवस पर गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान पार्क में आयोजित एक दिवसीय रायबरेली महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उप्र सरकार दिनेश प्रताप सिंह व अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने दीप प्रज्वलन कर स्वामी विवेकानंद जी व गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में वैदिक कन्या इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत (वन्देमातरम) एवं सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति दी गयी। राइजिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा (हम रहे न रहे भारत रहना चाहिए) की सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। इसके पश्चात संतों का पूजन, सम्मान एवं आरती मुख्य अतिथि द्वारा की गई, इसके साथ ही कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों, वरिष्ठ सेनानी, किसानो, चिकित्सको एवं समाजसेवियों को माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों एवं जनपद से लेकर लखनऊ, बाराबंकी, प्रयागराज एवं मथुरा तक के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोक गायिका सृष्टि परिहार का लोक गायन, काजल सिंह का आल्हा व राजेश प्रसाद (मथुरा) का बृज वन्दना, बरसाने का मयूर नृत्य, लठ्ठमार फूलों की होली एवं वन्दा बैरागी का (कबीर, शिव, राम) गायन रहा। इस अवसर पर मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन रायबरेली की वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने अगली पीढ़ियों को इससे परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। रायबरेली का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है।

# बालामऊ विधान सभा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया प्रियंका गांधी का जन्म दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरदोई। कछौना बालामऊ विधान सभा क्षेत्र से कंाग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवम कॉग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र कुमार ने बालामऊ विधान सभा क्षेत्र के अपने निवास कुकुही में कंाग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव, सांसद प्रियंका गांधी का जन्म दिवस पर केक काट कर धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके विधान सभा क्षेत्र से हजारों लोग मौजूद रहे और गरीब, विधवाओं, दिव्यांगों, और असहाय लोगों को कम्बल वितरीत किए, और उन्होंने कहा प्रियंका गांधी का जन्मः 12 जनवरी ,1972, दिल्ली एक भारतीय राजनीतिज्ञ परिवार में हुआ था । वे वर्तमान में अखिल भारतीय कंाग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी हैं। वे गांधी-नेहरू परिवार से है और फिरोज़ गाँधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की पोती राजीव गांधी और सोनिया गांधी की पुत्री हैं। आज उनका जन्म दिवस पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है।कंाग्रेस का यह कदम आगामी राजनीतिक चुनौतियों से पहले उत्तर प्रदेश में पार्टी की सक्रियता बढ़ाने और संगठन को नई दिशा देने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है. कंाग्रेस नेता सुरेन्द्र कुमार ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा प्रियंका गांधी का जन्मदिन के कार्यक्रम को संपन्न कराने में बालामऊ विधान सभा क्षेत्र की जनता का बड़ा योगदान दिया है इसको भुलाया नहीं जा सकता।

प्रियंका गांधी कंाग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर उत्तर प्रदेश की प्रभारी रह चुकी हैं और राज्य की राजनीति में उनकी भूमिका हमेशा अहम मानी गई है. बीते दो वर्षों से संगठन में उनके पास कोई औपचारिक जिम्मेदारी नहीं थी, लेकिन हाल ही में वायनाड से सांसद बनने के बाद उन्हें असम विधानसभा चुनाव के लिए गठित स्क्रीनिंग कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया है.इस नई जिम्मेदारी के साथ ही प्रियंका गांधी की संगठनात्मक सक्रियता फिर से बढ़ती दिख रही है. ऐसे में उनके जन्मदिन के मौके पर यूपी कंाग्रेस द्वारा 100 दिनों का एजेंडा पेश करना महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पार्टी के भीतर चल रही बड़ी राजनीतिक रणनीति का संकेत माना जा रहा है इस मौके पर उत्तर प्रदेश कंाग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मोमीन सिद्दीकी , गुड्डू कश्यप, रामलोटन रावत, शेष राम, नरेंद्र वर्मा, बख्तियार अली, देवेंद्र कुमार गौतम, विजय कुरील, शाहिद अली, विजय शुक्ला, संतोष दिवाकर, राकेश वर्मा आदित्य मौर्या, अमित पाल, नरेन्द्र कुमार गौतम, आदि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

# मंदिरों से घंटा चोरी करने वाले गिरोह के 7 सदस्यों को किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता


रायबरेली। मंदिरों से घंटे चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। कार्रवाई के दौरान बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ भी हुई जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है।

पुलिस के अनुसार, गैर जनपद के बदमाशों ने रायबरेली के दो स्थानीय लोगों के साथ मिलकर जिले के विभिन्न मंदिरों को निशाना बनाया। गिरोह के सदस्य गूगल लोकेशन के जरिए मंदिरों तक पहुंचते फिर वहां से घंटे चोरी कर निकल जाते। गिरोह ने हाल ही में जगतपुर थाना क्षेत्र स्थित एक मंदिर से घंटे चोरी किए थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 3 क्विंटल से अधिक मंदिर के घंटे और एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है। पूछताछ में ये भी सामने आया कि बदमाश गूगल लोकेशन के माध्यम से मंदिरों की पहचान कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। जगतपुर थाना पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपियों को ऊंचाहार क्षेत्र से गिरफ्तार किया। एसपी डॉ यशवीर सिंह के अनुसार आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। इन लोगों ने उन्नाव जिले में भी मंदिरों से घंटे चोरी किए हैं।

# यूपी में गाय बनेगी मजबूत अर्थव्यवस्था का आधार बड़ी संख्या में लाभान्वित होंगे गो पालक

## गाय के गोबर से बड़े पैमाने पर बायोगैस बनाकर घटाई जाएगी तेल–एलपीजी पर निर्भरता

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । देश में रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश तेजी से लीडिंग स्टेट के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत अब बड़ी मात्रा में कंप्रेस्ड बॉयो गैस (CBG) बनाकर क्रूड ऑयल और एलपीजी पर निर्भरता घटाने की ठोस रणनीति पर काम हो रहा है। बॉयोगैस बनाने में अधिक पैमाने पर गाय के गोबर का सदुपयोग किया जाएगा, जिसका सबसे ज्यादा लाभ गोपालकों को मिलेगा। इस योजना में 26 से अधिक सीबीजी प्लांट लगाए जा चुके हैं। एक वैज्ञानिक आंकलन के अनुसार यूपी में एक लाख गायों के गोबर से मीथेन का दोहन कर पेट्रोलियम उत्पादों में लगभग 500 करोड़ रुपये तक की बचत की संभावना बन सकती है।2022 से अब तक यूपी नेडा के अंतर्गत प्रदेश में 26 से अधिक सीबीजी प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें लखनऊ, गोरखपुर, मथुरा, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलंदशहर, बाराबंकी, बदायूं, बरेली और मिर्ज़ापुर जिलों में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 21 से अधिक नए सीबीजी प्लांट निर्माणाधीन हैं।गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि सीबीजी को वैकल्पिक ईंधन के रूप में स्थापित करने के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना लागू की जा रही है। प्राथमिक तकनीकी आकलनों के अनुसार एक देशी गाय से प्रतिदिन औसतन लगभग 10 किलोग्राम गोबर प्राप्त होता है, जिससे मीथेन युक्त बॉयोगैस का उत्पादन संभव है।

गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि परिशोधन के बाद यही गैस सीबीजी के रूप में रसोई और वाहनों में उपयोग की जा सकती है। यदि प्रदेश में गायों के गोबर से मीथेन का दोहन किया जाए, तो पेट्रोलियम उत्पादों पर होने वाले व्यय में उल्लेखनीय कमी की संभावना बन सकती है।एक वैज्ञानिक आकलन के अनुसार यूपी में एक लाख गायों के गोबर से मीथेन का दोहन कर पेट्रोलियम उत्पादों में लगभग 500 करोड़ रुपये तक की बचत की संभावना बन सकती है।

इससे अन्य देशों से आयात होने वाले कच्चे तेल और एलपीजी पर निर्भरता भी घटेगी। बाराबंकी का निजी सहभागिता वाला सीबीजी प्लांट और मथुरा की श्री माताजी गौशाला जैसे प्रयोग इस मॉडल की व्यवहारिक सफलता के उदाहरण हैं। गोबर से ऊर्जा, ऊर्जा से जैव-उर्वरक और जैव-उर्वरक से कृषि उत्पादकता का यह चक्र गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ राज्य को ऊर्जा सुरक्षा की ओर ले जाएगा।

## नगर निगम की संपत्तियों की सुरक्षा और तालाबों के संरक्षण पर नगर आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ के नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने सोमवार शाम को नगर निगम के संपत्ति विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में संपत्तियों की सुरक्षा, अतिक्रमण नियंत्रण, तालाबों के संरक्षण एवं नगर निगम की भूमि से जुड़े न्यायालयीन मामलों की प्रगति पर गहन चर्चा की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा, संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, समस्त अधिशासी अभियंता, नायब तहसीलदार तथा तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने नगर निगम की खाली पड़ी संपत्तियों पर किए जा रहे तारबाड़ (फेंसिंग) कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से उन सभी चिन्हित भूमि का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करने को कहा, जहां तारबाड़ किया जाना प्रस्तावित है। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि निगम की संपत्तियों की सुरक्षा प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को रोकने के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# कॉस्मेटिक व फोटो स्टूडियो में भीषण आग,12 लाख से अधिक का नुकसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र के फ़रीदीपुर स्थित किंग कॉम्प्लेक्स में एक कॉस्मेटिक एवं फोटो स्टूडियो में भीषण आग लगने से भारी नुकसान हो गया। इस हादसे में दुकानदार की वर्षों की मेहनत पलभर में राख हो गई।

आग से लगभग 12 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गस्त पर निकली भूहर चौकी के हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह ने सोमवार देर रात करीब 2 बजे दुकान से धुआं उठता देखा। उन्होंने तुरंत दुकान पर लिखे मोबाइल नंबर के आधार पर दुकानदार को फोन कर इसकी सूचना दी। जब तक दुकानदार मौके पर पहुंचा, तब तक पूरी दुकान आग की चपेट में आ चुकी थी।सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग को अवगत कराया गया। दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।पीड़ित दुकानदार आलोक कुमार पुत्र राम कुमार जब मौके पर पहुंचे और दुकान का शटर खोला गया। तो अंदर का दृश्य देख सभी स्तब्ध रह गए। आदर्श स्टूडियो' नामक दुकान में रखा सारा सामान पूरी तरह नष्ट हो चुका था।पीड़ित के अनुसार आग में दो कैमरे, छह ड्रू-6 कैमरे, कैमरा ल्यूमिनस, 50 एमएम लेंस, चार एक्सटर्नल हार्ड डिस्क, एक कंप्यूटर सेट, दो इंटरनल हार्ड डिस्क, एक प्रिंटर, महंगे कॉस्मेटिक सामान, सिलाई मशीन, ग्राहकों के कपड़े और करीब पांच वर्षों का कीमती डिजिटल डाटा जलकर नष्ट हो गया।आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मीडिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र और जिम्मेदार होना अनिवार्य है :अनिल सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ । बख्शी का तालाब वार्ड न03 से जिला पंचायत सदस्य अरुण रावत ने इंदारा स्थित अपने कार्यालय पर रविवार को लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका विषय पर एक परिचर्चा व पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया।परिचर्चा में बीकेटी मीडिया एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।इस मौक़े पर उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष,तथ्यपरक एवं जनहित से जुड़ी पत्रकारिता को प्राथमिकता देनी चाहिए,जो आपको एक अलग पहचान देगी।

बीकेटी मीडिया एसोसिएशन (बीएमए) की लखनऊ महिला ज़िला अध्यक्ष ममता सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष,स्वतंत्र और जिम्मेदार मीडिया अनिवार्य है।मीडिया ही जनता की आवाज़ को शासन तक पहुँचाने का सबसे तेज महत्वपूर्ण माध्यम है।आयोजक अरुण रावत ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव,फ़ेक न्यूज़ की समस्या तथा पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनाए रखने पर जोर दिया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से परिचर्चा को सार्थक बनाया,वही आयोजक द्वारा बीकेटी मीडिया एसोसिएशन(बीएमए) के सभी पदाधिकारियों को अंग वस्त्र,पेन,डायरी भेंट कर सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम के समापन के पश्चात आयोजक की ओर से मौसमी भोज का आयोजन किया गया,जिसमें सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने मौसमी भोज बाटी-चोखा का आनंद लिया।अंत में आयोजक ज़िला पंचायत सदस्य अरुण रावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।वही इस अवसर पर बीकेटी मीडिया एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष प्रवीण यादव,संप्रेक्षक राज प्रताप सिंह,ज़िला अध्यक्ष लखनऊ रामचरण,ज़िला उपाध्यक्ष सुनील यादव,जिला महामंत्री विशाल सिंह चौहान,जिला संगठन मंत्री हरिओम दीक्षित, तहसील अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव, तहसील महामंत्री दिनेश सिंह,किसान नेता अमरेंद्र सिंह सहित अन्य सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# दीनदयाल बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

## भारत माता पूजन व आरती में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । राजधानी के इंदिरा नगर स्थित दीनदयाल बस्ती, दीनदयाल नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहयोग से हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता पूजन और आरती के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धा पूर्वक सहभागिता की।इस अवसर पर सांस्कृतिक व वैचारिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज को एकजुट रखने, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्र सेवा के विषय पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में राष्ट्रीय चेतना, संस्कार और सामाजिक समरसता को बल मिलता है। भारत माता के जयकारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत नजर आया।स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नई पीढ़ी को संस्कृति, राष्ट्र और समाज के प्रति जागरूक करने का कार्य करते हैं।कार्यक्रम का समापन सामूहिक वंदे मातरम् और जय घोष के साथ शांतिपूर्ण ढंग से किया गया।

## धूमधाम से मनाई गई विवेकानंद जयंती



गोसाईगंज, लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और एकल अभियान के द्वारा गोसाईगंज बाजार स्थित लाला महादेव प्रसाद बालिका महाविद्यालय में प्रबंधक अम्बिका प्रसाद वर्मा के सौजन्य से राष्ट्रीय युवा दिवस के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत गोसाईगंज के अध्यक्ष निखिल मिश्रा की अध्यक्षता में संघ के विभाग प्रचारक अमित राजावत का खंड संघ चालक जयप्रकाश की उपस्थिति में पाथेय सभी को प्राप्त हुआ। संघ के नंदकिशोर , रामदीन , खंड सह संघ चालक वेद जी एवं विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल से राजेश हिंदू, कुलदीप हिंदू, जिला धर्म जागरण प्रमुख सत्यम मोहन गुप्ता जी सहित कार्यक्रम में एकल विद्यालय के प्राथमिक शिक्षा अध्यक्ष श्याममूर्ती गुप्ता, गोसाईगंज संच सदस्य कुलदीप गुप्ता और अरविन्द गुप्ता के साथ अभियान प्रमुख संतोष के साथ सेवाव्रती सुनील कुमार, नीतू पाल, मेवालाल, जगदीश जी सहित आचार्य बहनें और एन सी सी कैडेट्स बालिकाएं और महाविद्यालय की शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के साथ प्रिंसिपल डॉ नीरज उपस्थिति रहीं। विभाग प्रचारक अमित द्वारा महाविद्यालय परिसर में लाला महादेव प्रसाद एवं दद्दा गणेश प्रसाद की मूर्ति पर माल्यार्पण के पश्चात गोष्ठी हाल में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर खंड कार्यवाह हेमराज के संचालन में कार्यक्रम संयोजित किया गया। प्रबंधक अम्बिका प्रसाद वर्मा ने सभी अतिथियों का महाविद्यालय पर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और सभी को जलपान के लिए आमंत्रित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दुग्ध उत्पादकों को दिया गया बोनस



लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता । गोसाईगंज क्षेत्र के गांव रतियामऊ में शिवलर दुग्ध उत्पादक एसोसिएशन की ओर से 100 से अधिक दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रेशर कुकर,बाल्टी, कम्बल टिफिन और थाली वितरित किए गए। यह कार्यक्रम दुग्ध उत्पादक एसोसिएशन के सचिव रिंकू यादव की ओर से आयोजित किया गया।इस मौके पर डेयरी के लखनऊ जोन की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉक्टर हेमंत गंगवार ने बताया कि डेयरी की वार्षिक आम सभा होती है जिसमें पूरे साल में होने वाले लाभ को दुग्ध उत्पादकों में वितरित कर दिया जाता है। इसके अलावा उन्होंने पशु पलकों को उनके लाभ की अन्य तमाम जानकारियां भी दी। उन्होंने दूध देने वाले पशुओं की देख भाल करने के तरीके भी बताए।उन्होंने ने बनास डेयरी के इतिहास पर भी प्रकाश डाला। इस आयोजन में अमूल बनास डेयरी के अर्पित मिश्रा,आशीष पाल,व दुग्ध समिति सदस्य भी मौजूद रहे।

## एड्स पर जागरूकता के लिए किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम



लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता । राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर लोगों को एड्स के प्रति जागरुक करने और भारतीय सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी और आकाशवाणी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को लुलु मॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम ''स्वैग से अवरनेस '' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि यूपीएसएसीएस के अपर परियोजना निदेशक रवीन्द्र कुमार और अन्य सम्मानित अतिथियों के दीप प्रज्वलन के साथ की गई।इसके बाद आकाशवाणी लखनऊ के केंद्राध्यक्ष आर.बी. सिंह ने अतिथियों और मौजूद दर्शकों का स्वागत किया।लोगों को संबोधित करते हुए अपर परियोजना निदेशक श्री रवीन्द्र कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम जनता के बीच एचआईवी/ एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों और भेदभाव को मिटाना है। उन्होंने एचआईवी संक्रमण के कारणों, लक्षणों और उपलब्ध उपचारों (इटट्ठ) के बारे में भी जानकारी दी।इसके बाद गीत और भजन गायिका डॉ रंजना अग्रहरि ने अपनी मधुर आवाज से सबका दिल जीत लिया। फिर लोक गायिका संजोली पांडेय ने मै बनाऊं तरकारी बताके जाना.. राजा जी खजनवा दे दा..... गाया। जब रेडियो प्रेजेंटर सुरेंद्र राजेश्वरी ने चुनरी तेरी चमकनी गुलाबी शरारा और बेडू पाको बार मासा गाया, तो माल में मौजूद दर्शक झूम उठें।कवि मुकुल महान और गजेन्द्र प्रियांशु की हास्य कविताओं ने भी दर्शकों को खूब गुदगुदाया। मुकुल महान की पंक्तियां ''बेशक खुली किताबें रहना ,पन्ने मगर नियंत्रित रखना '' और प्रियांशु गजेन्द्र की ''गुड़हल और बबूलों के दिन सबके आते हैं, दिन से क्या घबराना दिन तो आते जाते हैं ... ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। वहीं, आरजे की प्रस्तुतियाँ भी दर्शकों को खूब भाया।

# राजाजीपुरम में ओवरहेड टैंक की सफाई के चलते 13 जनवरी को प्रभावित रहेगी जलापूर्ति


कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजाजीपुरम क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के लिए जलापूर्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण है। नगर निगम के जलकल विभाग द्वारा सी-ब्लाक, राजाजीपुरम में स्थित ओवरहेड टैंक की नियमित सफाई का कार्य मंगलवार 13 जनवरी 2026 को कराया जाना प्रस्तावित है।

जिसके कारण आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते क्षेत्र के कई इलाकों में सायंकालीन समय में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहने की संभावना है। जलकल विभाग के अनुसार, ओवरहेड टैंक की सफाई पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समय-समय पर की जाती है। इसी क्रम में मंगलवार को होने वाले इस कार्य के कारण मिनी एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी, एलआईजी, सपना कॉलोनी, न्यू बिहारीपुरी, सी-ब्लाक और राजाजीपुरम सहित आसपास के क्षेत्रों में शाम के समय पानी की आपूर्ति बाधित रह सकती है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी समस्या होगी और सफाई कार्य पूर्ण होते ही जलापूर्ति को सामान्य कर दिया जाएगा।नगर निगम प्रशासन ने इन क्षेत्रों के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे मंगलवार प्रातःकाल में प्राप्त होने वाली जलापूर्ति से अपनी आवश्यकता के अनुसार पेयजल का भंडारण पहले से कर लें, ताकि सायंकाल के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में पानी सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है।जलकल विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सफाई कार्य को तय समय सीमा में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि जलापूर्ति जल्द से जल्द बहाल हो सके। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे पानी का उपयोग सोच-समझकर करें और अनावश्यक बर्बादी से बचें।

# नगर निगम ने बड़े बकाएदारों पर कसा शिकंजा,आईसीएआर–एनबीएफजीआर को किया गया सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर निगम लखनऊ के नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा बड़े बकाएदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में नगर निगम जोन-4 की टीम ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी विभाग के विरुद्ध भी सीलिंग की कार्रवाई की है।

जोन-4 की टीम ने जोनल अधिकारी सुश्री शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्स (एनबीएफजीआर) परिसर को सील कर दिया। इस संस्थान पर नगर निगम का कुल 1 करोड़ 36 लाख 65 हजार 932 रुपये का गृहकर का बकाया लंबे समय से चला आ रहा था। कई बार नोटिस और पत्राचार के बावजूद बकाया राशि जमा न किए जाने पर नगर निगम ने यह कठोर कदम उठाया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि बकाया कर की वसूली को लेकर किसी भी स्तर पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी, चाहे बकाएदार निजी हो या सरकारी विभाग। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राजस्व वसूली को प्राथमिकता दी जाए और बड़े बकाएदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के कर अधीक्षक, कर निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। नगर निगम प्रशासन ने आम नागरिकों और संस्थानों से अपील की है कि वे समय से अपने करों का भुगतान करें और अनावश्यक कार्रवाई से बचें।

# मोदी–योगी के नेतृत्व में देश की बेटिया भारत के विकास में अहम भूमिका निभा रही है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश की बेटियां सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं आज बेटियां हवाई जहाज की उड़ान से लेकर देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का जो नारा बीजेपी ने दिया था वह पूर्णतया सार्थक होता जा रहा है। आज समाज की उन्नत में बेटियों पर बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है यह बात आज बिटिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहीं।

उन्होंने कहा कि आज बेटियां अपने बौद्धिक क्षमता से हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही हैं आज उच्च पदों में बेटियां विद्यमान है नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है आर्मी पुलिस बल सीआरपीएफ आदि विभागों में पुरुषों के समान कंधे से कंधा मिलाकर देश की सेवा में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर में देश की बेटियों ने पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया उन्होंने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां डॉक्टर इंजीनियर बनकर देश की सेवा में अहम भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि जब से देश में और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है उन्होंने कहा कि आज किसी की भी हिम्मत नहीं है कि वह बेटियों की तरफ आंख उठा कर देख ले उन्होंने कहा कन्यादान से बड़ा कोई पुण्य नहीं होता है जिन घरों में बेटियां होती हैं वह घर हमेशा खुशियों से भरा रहता है कन्यादान करने का सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है उन्होंने कहा कि हम लोगों ने एक सुखद पहल की है पिछले 18 सालों से निर्धन बेटियों की शादी करने का काम निरंतर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा बेटियों की शादी में घर का सारा सामान दिया जाता है उन्होंने कहा इससे पूर्व जो सरकारें थी उसमें बेटियों का शोषण उत्पीड़न किया जाता था उनको न्याय नहीं मिल पाता था न्याय के लिए उन्हें भटकना पड़ता था लेकिन भाजपा सरकार ने बेटियों को बराबर का दर्ज़ा दिया और उनकी तरफ बुरी नजर रखने वालों को सख्त से सख्त सजा दी जा रही है उन्होंने कहा कि आज दिन हो या रात बेटियां घर से निकल कर अपने काम पर जा सकती हैं उनकी सुरक्षा की गारंटी भाजपा सरकार लेती है जनता के विश्वास पर भाजपा खरी उतर रही है उन्होंने कहा की डबल इंजन सरकार जिन-जिन राज्यों में है वहां चौमुखी विकास किया जा रहा है

## अतिक्रमण के विरुद्ध नगर निगम लखनऊ का सघन अभियान, यातायात व्यवस्था सुधारने पर जोर

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने शहर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को व्यापक स्तर पर सघन एवं बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। इस क्रम में जोन-05 क्षेत्र में विशेष अभियान संचालित किया गया। एयरपोर्ट नादरगंज चौराहे से जोन-05 पटरी दरोगा खेड़ा तक तथा सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अस्थायी अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ठेला, ठेलिया, खुमचा, गुमटी और काउंटर जैसे अवैध ढांचों को हटाया गया। इस कार्रवाई में कुल 05 ठेले, 03 गुमटी और 02 काउंटर हटाए गए।नगर निगम की टीम ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी।

# मीरख नगर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन, विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। मीरख नगर गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को हवन-यज्ञ, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भव्य समापन हुआ। कथा के समापन अवसर पर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

कथा वाचक अंकिता जी द्वारा राजा परीक्षित की कथा से लेकर भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग तक भावपूर्ण कथा का झांकियों के माध्यम से वर्णन किया गया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंचे और धार्मिक आयोजनों में सहभागिता निभाई।यह सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित की गई। भंडारे के सहयोग में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर द्वारा, अपना दल (एस) व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष भावी प्रत्याशी विकास पटेल द्वारा 5100, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुजीत यादव द्वारा 25,000, भैरमपुर निवासी विमल किशोर 'रामू' द्वारा 10,000 तथा भावी जिला पंचायत सदस्य नवीन मिश्रा द्वारा 5100 का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। वहीं कथा प्रांगण में लगाया गया हजारों रुपये मूल्य का टेंट निर्मल वर्मा द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया गया, जिसकी आयोजकों ने सराहना की। कथा आयोजकों ने बताया कि सोमवार को विधिवत हवन-यज्ञ, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन को ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

# प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने निर्माणाधीन जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निर्माण के दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सिविल लाइन क्षेत्र में निर्माणाधीन जिला चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय भवन का निर्माण निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। जिला चिकित्सालय लगभग पाँच एकड़ भूमि पर निर्माणाधीन जिला अस्पताल का नवीन भवन तीन मंजिला होगा। भवन के प्रथम तल पर ओपीडी, द्वितीय तल पर विभिन्न जाँच सुविधाएँ तथा तृतीय तल पर मरीजों के भर्ती की समुचित व्यवस्था की जाएगी।मा0 मंत्री जी ने कहा कि चिकित्सालय भवन का निर्माण समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाये, जिससे जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।मा0 मंत्री जी ने क्रिटिकल केयर यूनिट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नेशनल हाईवे से क्रिटिकल केयर यूनिट तक मरीजों के त्वरित एवं सुगम आवागमन हेतु मार्ग निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित किया जाए। मंत्री जी ने कहा कि क्रिटिकल केयर से संबंधित मरीजों के लिए प्रत्येक क्षण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, अतः इसे ध्यान में रखते हुए विशेष एवं प्रभावी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। निरीक्षण के दौरान विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत किया राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार

शाहजहांपुर। शासन के निर्देश पर 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक जनपद में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके क्रम में विभिन्न चैराहों पर वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण कर पम्प संचालकों व कर्मचारियों को हिदायत दी जा रही है कि हेलमेट का उपयोग न करने वालों को पेट्रोल न दिया जाए। अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में सोमवार को चिकित्सा, पुलिस एवं परिवहन विभाग के सहयोग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार किया गया और लोगों से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की गई। कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीर को जनपद की अप्रेजल कमेटी के अनुमोदन के बाद पच्चीस हजार पुरस्कार राशि की व्यवस्था है। यातायात उपनिरीक्षक विनय कुमार पांडेय ने बताया कि आज जनपद में यातायात नियमों का पालन न करने वाले 53 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, यात्री/माल कर अधिकारी आरपी गौतम, यातायात उपनिरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# विश्व हिन्दू परिषद ने सडिला में आयोजित किया तहड़ी भोज कार्यक्रम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सडिला में विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में तहड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करना रहा।इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के महेंद्र पाण्डेय सहित सुनील अवस्थी, भोला नाथ अवस्थी, जमुना दक्षित, त्रिवेणी दीक्षित, मोहित दीक्षित, गोलू, मनुज दीक्षित, गोपी, पीताम्बर, नीरज पांडे, सरोज एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ बैठकर तहड़ी भोज ग्रहण किया और आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। ग्रामवासियों ने विश्व हिन्दू परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजनों के निरंतर आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# धोखाधड़ी कर खाते से रूपए निकालने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। थाना बंडा पुलिस ने धोखाधड़ी कर मृतक के खाते से रूपए निकालने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती 07 जुलाई 2025 को थाना बंडा क्षेत्र के गांव उगनपुर निवासी जगदेवी पत्नी मेवाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति मेवाराम की 07 अप्रैल 2024 को मौत हो चुकी है। उसके पति का बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच बण्डा में खाता खुला है। उसके पति के खाते से 04 जनवरी 2025 को 90 हजार पांच सौ रूपए और 15 जनवरी 2025 को एक लाख 20 हजार रूपए धोखाधड़ी से निकाल लिए गए।

यह रूपए थाना बंडा के गांव आलमपुर पिपकरया निवासी रामनरेश पुत्र भगवानदास ने बैक कर्मियों की मिलीभगत से निकाले हैं। बताया कि रामनरेश ने बैंक कर्मियों की मिलीभगत और श्यामाचरण पुत्र दुलारेलाल से चेक लेकर फर्जी हस्ताक्षर कर धोखाधड़ी से निकाले हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रामनरेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। साक्ष्य संकलन में विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा हस्ताक्षर मिलान कराए जाने पर मेवाराम के हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त रामनरेश को सुनासिरनाथ मंदिर मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रामनरेश को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना बंडा के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय के साथ उपनिरीक्षक शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

## महिला पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

शाहजहांपुर। एसपी के निर्देशन में जनपद की महिला पुलिस टीम ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, बाजारों, मुख्य चैराहों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिला पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन सेवाओं तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए। कहा कि जनपद के प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केंद्र पूरी तरह क्रियाशील हैं। इन केंद्रों पर महिलाओं व बालिकाओं को त्वरित सहायता, परामर्श, शिकायत पंजीकरण व निस्तारण, योजनाओं व अधिकारों की जानकारी दी जाती है। महिला पुलिस टीम ने महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं से अपील की है कि जागरूक बनें, सुरक्षित रहें और किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों पर तत्काल संपर्क करें।

# जिहादियों के खिलाफ एनकाउंटर व बुलडोजर की कार्रवाई करने की मांग

## हिन्दू जागरण मंच ने एसपी को दिया ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर । हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एसपी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि लव जिहादियों और धर्मान्तरण करने वालों के हौसले बुलन्द हैं।

12 जनवरी को थाना कोतवाली क्षेत्र के गर्रा फाटक के पास एक मैरिज लॉन में कार्ड बांटकर खुलेआम एक हिन्दू लड़की के साथ शादी करने के बाद दावते वलीमा कार्यक्रम किया जा रहा था। पुलिस प्रशासन की सतर्कता न होती, तो शाहजहापुर दंगे की चपेट में आ सकता था। कहा कि ऐसे लव जिहादियों एवं धर्मान्तरण करने वाले के खिलाफ एनकाउंटर व बुलडोजर की कार्रवाई की जाए। जिससे जिहादियों के अन्दर डर व्याप्त हो। कहा गया कि खुलेआम मैरिज लॉन में दावते वलीमा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रासुका की कार्रवाई की जाए। साथ ही मैरिज लॉन को सीज करके उसके मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए। अन्यथा हिन्दू जनमानस को लेकर बड़ा आन्दोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस दौरान हिन्दू जागरण मंच के प्रान्त विधि प्रमुख राजेश अवस्थी एडवोकेट, जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# संतोष पैलेस में प्रशिक्षण के दौरान घटिया खाना, सैकड़ों महिलाओं का जोरदार विरोध

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। शहर स्थित संतोष पैलेस में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भोजन की खराब गुणवत्ता को लेकर प्रशिक्षण ले रही सैकड़ों महिलाओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें जो भोजन दिया गया, वह बेहद घटिया गुणवत्ता का था। खाने में परोसे गए चावल और सब्जी कच्ची होने के कारण कई महिलाओं को पेट दर्द और अस्वस्थता की शिकायत हुई।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, लखीमपुर खीरी की ओर से आयोजित किया गया है, जिसमें प्रशिक्षण के साथ टूलकिट वितरण का भी कार्यक्रम शामिल है। कार्यक्रम का उद्घाटन होने के बाद नियमित रूप से प्रशिक्षण चल रहा है, लेकिन भोजन व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है।प्रशिक्षण ले रही महिलाओं का कहना है कि सरकार एक ओर गुणवत्ता को लेकर बड़े-बड़े निर्देश और मानक तय कर रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मूलभूत सुविधाओं, खासकर भोजन की गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। महिलाओं ने बताया कि कच्चा और बेस्वाद खाना खाने के बाद कई लोगों को पेट दर्द, उल्टी जैसी समस्याएं महसूस हुईं, जिससे प्रशिक्षण का माहौल भी प्रभावित हुआ। महिलाओं ने आयोजकों और संबंधित विभाग से मांग की है कि भोजन की गुणवत्ता में तत्काल सुधार किया जाए और जिम्मेदार एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। विरोध की सूचना मिलने के बाद मौके पर मौजूद अधिकारियों से भी महिलाओं ने अपनी शिकायत दर्ज कराई।फिलहाल, प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं का कहना है कि यदि भोजन व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे आगे भी विरोध करने को मजबूर होंगी। यह मामला प्रशासनिक व्यवस्था और सरकारी कार्यक्रमों में गुणवत्ता नियंत्रण पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# महादेव क्रेशर के पास दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों की भिड़ंत, चालक की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



धौरहरा खीरी। धौरहरा क्षेत्र में महादेव क्रेशर के पास गन्ना लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया।हादसे में घायल चालक की पहचान अफजाल पुत्र जलील (उम्र लगभग 35 वर्ष) निवासी मोहल्ला इज्जतनगर, कस्बा धौरहरा के रूप में हुई।

मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रमियाबेहड़ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे ओयल ट्रॉमा सेंटर, लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां ओवरटेक करने के प्रयास में आपस में टकरा गईं, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद सड़क पर गन्ना फैल गया और यातायात ठप हो गया।घटना की सूचना मिलते ही एसआई अरुण तिवारी, कफारा चौकी इंचार्ज पुष्कर वर्मा, एसआई मोहन सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया और यातायात को सुचारु कराया। पुलिस की मुस्तैदी से कुछ ही देर में मार्ग बहाल कर दिया गया और आवागमन सामान्य हो सका।घायल चालक को पहले सीएचसी रमियाबेहड़ ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर ओयल ट्रॉमा सेंटर, लखीमपुर खीरी रेफर किया गया। वहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया था, लेकिन लखनऊ जाते समय हरगांव के पास रास्ते में अफजाल की मौत हो गई।

## ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई, 4 हजार का जुर्माना, वाहन सीज की चेतावनी



गोला खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा अज़ान में बढ़ती यातायात अव्यवस्था और नियमों के उल्लंघन को लेकर थाना हैदराबाद के अंतर्गत अज़ान चौकी पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों का पालन न करने वाले दो ई-रिक्शा चालकों का चालान किया गया, जिन पर कुल 4 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।पुलिस के अनुसार कई ई-रिक्शा चालक सड़क पर मनमाने ढंग से कतार लगाकर वाहन खड़े कर रहे थे, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा कुछ मामलों में नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने की शिकायतें भी सामने आई थीं, जो गंभीर यातायात नियम उल्लंघन की श्रेणी में आता है।अज़ान चौकी पुलिस ने अभियान के दौरान सभी ई-रिक्शा चालकों को सख्त हिदायत दी कि वे निर्धारित स्थान पर ही लाइन से वाहन खड़े करें और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में नाबालिगों द्वारा वाहन चलाते पाए गए या सड़क पर अव्यवस्थित ढंग से ई-रिक्शा खड़े किए गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भारी जुर्माने के साथ वाहन सीज करने की कार्रवाई भी शामिल होगी।पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वे यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार के नियम उल्लंघन की सूचना पुलिस को दें, ताकि कस्बे में सुचारु और सुरक्षित यातायात व्यवस्था कायम रखी जा सके।

## मिश्रिख नहर चौराहे पर रोजाना जाम से जनजीवन अस्त-व्यस्त



मिश्रिख़, सीतापुर, , कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे के प्रमुख नहर चौराहे पर पुलिस चौकी के सामने आए दिन लगने वाला जाम अब आम जनजीवन के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। सुबह से लेकर शाम तक किसी न किसी समय चौराहे पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार चौराहे पर अतिक्रमण, सड़क किनारे खड़े वाहनों और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम में फंसकर स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचने में देरी होती है, वहीं मरीजों और बुजुर्गों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार एंबुलेंस और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन भी जाम में फंसे नजर आते हैं।पुलिस चौकी के सामने लगातार जाम लगने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जा सका है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभागों और जनप्रतिनिधियों का इस ओर ध्यान न देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। चुनाव के समय विकास के वादे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लें, चौराहे से अतिक्रमण हटवाया जाए, ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए और स्थायी यातायात व्यवस्था लागू की जाए, ताकि लोगों को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

## ग्राम पंचायत विजानयन्ट में विकास कार्यों में भारी अनियमितता का आरोप

सीतापुर, , कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड गोनदलामऊ की ग्राम पंचायत विजानयन्ट में सरकारी धन के दुरुपयोग एवं विकास कार्यों में अनियमितता के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्राम पंचायत के सदस्यों ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी पर मिलीभगत कर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।शिकायतकर्ताओं के अनुसार ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट के स्थान पर साधारण बल्ब लगाए गए हैं। वहीं पंचायत भवन निर्माण, विद्यालय फर्नीचर क्रय, पेयजल व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण, शौचालय मरम्मत, जूनियर विद्यालय की बाउंड्री निर्माण (जो वर्तमान में ध्वस्त हो चुकी है), नल व हैंडपंप जैसे कार्यों में भारी अनियमितता बरती गई है। आरोप है कि कागज़ों में कार्य पूर्ण दर्शाए गए, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ।ग्राम पंचायत सदस्यों ने बताया कि इस संबंध में दिनांक 10 दिसंबर 2025 को शिकायत संख्या 92515400092244 दर्ज कराई गई थी, किंतु आरोप है कि शिकायत पर कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा बनावटी तथ्यों के आधार पर आख्या तैयार कर दी गई, जिससे मामले को दबाने का प्रयास किया गया।शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ग्राम प्रधान एवं उनके सहयोगी ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा आपसी सांठगांठ कर सरकारी धन की बंदरबांट की गई है। उन्होंने विकास खण्ड स्तर से इतर न्यायिक/मजिस्ट्रेटी जांच समिति गठित कराकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

# बरवर पुलिस चौकी के पास ओवरलोड गन्ना ट्रक की बॉडी फटी, बड़ा हादसा टला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जिला खीरी के औरंगाबाद क्षेत्र में बरवर पुलिस चौकी के पास सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब गन्ना लदा एक ओवरलोड ट्रक चलते-चलते क्षतिग्रस्त हो गया। अधिक वजन होने के कारण ट्रक की बॉडी (बाड़ी) अचानक फट गई, जिससे सड़क पर गन्ना बिखर गया।

गनीमत रही कि घटना के समय आसपास मौजूद लोग बाल-बाल बच गए और कोई जनहानि नहीं हुई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक क्षमता से कहीं अधिक गन्ना लादकर गुजर रहा था। जैसे ही वह बरवर पुलिस चौकी के पास पहुंचा, तभी तेज आवाज के साथ ट्रक की बॉडी टूट गई। अचानक हुई घटना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई और यातायात भी बाधित हो गया।स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का संचालन लगातार हो रहा है, लेकिन परिवहन विभाग इस पर कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती बरती जाती तो इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता था।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर बिखरे गन्ने को हटवाकर यातायात बहाल कराया। हालांकि इस घटना ने एक बार फिर ओवरलोडिंग और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

## राष्ट्र की ऊर्ज़ा और चेतना का केंद्र हैं युवाः डा. अवनीश मिश्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




शाहजहांपुर । राष्ट्रीय युवा दिवस/स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव प्रो. (डॉ.) अवनीश मिश्र ने की। जबकि कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

इस दौरान डा.अवनीश मिश्र ने कहा कि युवा राष्ट्र की ऊर्ज़ा और चेतना का केंद्र हैं। विवेकानंद ने जिस जाग्रत भारत का स्वप्न देखा था, उसकी पूर्ति आज के युवाओं के हाथ में हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. प्रभात शुक्ला, विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं, बल्कि युवाओं के लिए जीवन-दर्शन हैं। कहा कि विवेकानंद का यह विचार-उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत आज के युवाओं के लिए सबसे बड़ा प्रेरक सूत्र है। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डॉ. पवन गुप्ता ने कहा कि विवेकानंद का दर्शन मानवता, करुणा और सेवा पर आधारित है। युवाओं को केवल भौतिक सफलता की नहीं, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक उन्नति की भी चिंता करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल विधिक शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में जीवन मूल्यों, सामाजिक चेतना और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करना है। कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करेंगे। गोष्ठी में डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विजय सिंह, सचिन कुमार, डॉ. प्रेम सागर, डॉ. अमित यादव, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, डॉ. दीप्ति गंगवार, डॉ प्रदीप सिंह, डॉ अशोक कुमार, मृदुल शुक्ला, अजीत कुमार, अरविंद कुमार, प्रियंक वर्मा, अमित सैनी, शिवम शर्मा, रोहित कुमार सहित महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा एसएसपी सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। राजमहल गार्डन में ज्वेलर्स एसोसिएशन एवं भारत विकास परिषद बदायूं द्वारा पुलिस सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य कार्यक्रम का शुभारंभ एसएसपी द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप जलाकर एवं माल्यार्पण करके किया गया। विगत दिनों में ज्वेलर्स के यहाँ हुई घटनाये जिनमे जुगल किशोर, प्रहलाददलाल ज्वेलर्स, खितौरा मे दिनदहाड़े हुई सर्राफा के यहां लूट, गुलडिया में सर्राफ के हुई लूट का एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जो पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण एवं एवं लूट का सारा सामान बरामद करने के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए एसएसपी सहित पुलिस की सारी टीम को जिसमें एसपी सिटी एसपी देहात, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी उझानी, एसओजी टीम,सर्विलांस टीम, इंस्पेक्टर कोतवाली और सिविल लाइन, आरआई पुलिस लाइन, महिला थाना एवं उनकी टीम स्वार्ट टीम एवं महिला शक्ति मिशन की सारी टीम एवं पीआरओ को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर और शाल पहनाकर सम्मानित किया। सभा का संचालन आरके उपाध्याय, कोषाध्यक्ष भारत विकास परिषद एवं समाजसेवी तथा रचना शंखधार समाजसेवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आरके उपाध्याय द्वारा का परिचय दिया गया कि डॉ बृजेश कुमार सिंह के आने के बाद बदायूं में हुई प्रत्येक घटना का 48 घंटे के अंदर उनकी पुलिस टीम द्वारा पर्दाफास करने के लिये पूरी पुलिस टीम को बहुत बधाई दी गयी। वहीं इस कार्यक्रम की काफी सराहना की गई तथा भविष्य में भी उनके पुलिस टीम द्वारा इसी तरह जनता के दुख दर्द को अपना दर्द समझकर इसी तरह कार्य करने का आश्वासन दिया गया। दिवाकर वर्मा एडवोकेट द्वारा पुलिस टीम के सम्मान में बहुत सुन्दर कविता और मुक्तक सुनाये वहीं सभा अध्यक्ष द्वारा पूरी पुलिस टीम एवं उपस्थित ज्वेलर्स एसोसिएशन भारत विकास परिषद एवं अन्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम बहुत सफल रहा सभी लोगों ने बडे उत्साह से कार्यक्रम मे बहुत बडी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन में हरिकृष्ण वर्मा एवं बालकृष्ण वर्मा फॉर्म मै0 श्यामलाल के नाती की दुकान ज्वेलर्स शोरूम पता टिकटगंज बदायूं का विशेष सहयोग रहा।

# मंत्री ने की सर्किट हाउस के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उ. प्र./जनपद के प्रभारी मंत्री श्री अनिल कुमार द्वारा मुरादाबाद शहर स्थित सर्किट हाउस के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित अधिकारी के गैरहाजिर रहने पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताई तथा जिलाधिकारी अनुज सिंह को निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करें। परिवहन विभाग द्वारा सीट बेल्ट एवं हेलमेट के प्रयोग को प्रोत्साहित करने तथा यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित कराने के संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में प्रभारी मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए की यातायात नियमों का गंभीरता पूर्वक पालन कराया जाए, इसके लिए चेकिंग अभियान सहित अन्य जरूरी कदम उठाए जाएं। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनता का फोन रिसीव न किए जाने की शिकायतों पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि फोन रिसीव न करने की शिकायतें न आएं। विभाग द्वारा आम जनता की सुविधा के दृष्टिकोण से ही अधिकारियों को सीयूजी नम्बर उपलब्ध कराए जाते हैं।

जीएसटी के निर्धारित मानकों का गंभीरता पूर्वक पालन करने के संबंध में भी प्रभारी मंत्री ने जीएसटी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित तौर पर चेकिंग अभियान जारी रखा जाए ताकि जीएसटी चोरी को सख्ती से रोका जा सके और सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी हो। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के संबंध में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्राधिकरण के नियमों के अनुसार ही प्रवर्तन की कार्रवाई की जाए, अनावश्यक रूप से किसी भी व्यक्ति का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है इसमें पात्रता का गंभीरता पूर्वक पालन करते हुए लाभार्थी को योजना से आच्छादित किया जाए ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप गरीब परिवारों की बेटियों का पूरे सम्मानपूर्वक और विधिवत वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हो। श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के संबंध में प्रभारी मंत्री ने कहा कि योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रचार होना चाहिए। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर गंभीरता नहीं बरती जा रही है जिस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि जगह-जगह कैंप आयोजित कराएं और लोगों को योजना का लाभ प्राप्त करने के तरीके एवं पात्रता आदि के बारे में जानकारी दें। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बैंक स्तर से ऋण स्वीकृत न किए जाने के मामले में प्रभारी मंत्री ने एलडीएम को निर्देश दिए की बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में बैंक स्तर से लापरवाही नहीं होनी चाहिए इसके लिए एलडीएम उद्योग विभाग और बैंकों में समन्वय स्थापित कराते हुए इस योजना को तेजी से आगे बढ़ाएं। मुरादाबाद शहर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि नगर निगम द्वारा जीआईएस के उपरांत निर्धारित हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की दरें निर्धारित की गई है परंतु टैक्स वसूली के दौरान अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिन पर गंभीरता बरतने की जरूरत है।

# बदायूं में गहराया जल संकट, दो सभासद चढ़े पानी की टंकी पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। शहर के एक बड़े हिस्से में पिछले 10 दिनों से जारी जल संकट के विरोध में सोमवार को वार्ड नंबर 27 के सभासद पति रफीकउद्दीन और वार्ड नंबर 18 के सभासद मोहित सक्सेना अंबेडकर छात्रावास के पास स्थित ओवरहेड पानी की टंकी पर चढ़ गए। दोनों जन प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि जब तक पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं की जाती या प्रशासन की ओर से ठोस आश्वासन नहीं दिया जाता, वे नीचे नहीं उतरेंगे। लोची नगला, कल्याण नगर, पटियाली सराय, हुसैनी गली, आर्य समाज, टिकटगंज, बरामपुर और इंदिरा चौक सहित कई इलाकों में पिछले 10 दिनों से पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभासदों ने अधिशासी अभियंता और नलकूप विभाग के कर्मचारियों पर जनता को गुमराह करने व लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि नगर पालिका अध्यक्ष के लिखित निर्देशों के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी स्थिति को संभालने और सभासदों को समझाने में जुटे रहे। कैनवस टाइम के संवाददाता से टंकी पर बातचीत के दौरान सभासदों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी और जलापूर्ति बहाल नहीं की जाएगी, वे नीचे नहीं उतरेंगे, भले ही उनकी जान ही क्यों न चली जाए। इसी दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मणिकांत त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और फोन पर वार्ता कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बाद में सिटी मजिस्ट्रेट नेवी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भरोसा दिलाया कि समस्या का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद सभासद नीचे उतरे और प्रशासन का आभार जताया।अधिशासी अधिकारी मणिकांत त्रिपाठी ने बताया कि यह समस्या मुख्य रूप से विद्युत विभाग की वजह से उत्पन्न हुई है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। संबंधित क्षेत्र विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अंतर्गत आता है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में 29 नवंबर और 20 दिसंबर को आयोजित मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा सुपर सीनियर वर्ग का परिणाम सोमवार को योग्यता सूची के आधार पर घोषित कर दिया गया। जिसमें मांडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज चन्दौसी की एम एड की छात्रा कु. रितुल गौतम और लखनऊ कॉलेज लखनऊ के बीए की छात्रा कु. सीमा शर्मा ने 200 में से 184 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम और राष्ट्रीय महासचिव कुसुम द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किया गया। घोषित सुपर सीनियर वर्ग के परिणाम में रितुल गौतम,सीमा शर्मा,गौसिया बी, सपना, शिवा गुप्ता, नाहिद परवीन ,आकाश यादव, सीमा रस्तोगी, रेखा वार्ष्णेय, पूनम पांडे, रोहित शर्मा, ऋतु सक्सैना, पवन सिंह, सोनिया सागर, मीनाक्षी राठौर, उमेश कुमार, प्रेम सिंह, नूतन ठाकुर, कुसुम वार्ष्णेय, रति वर्मा, गोविन्द सिंह, सीता रानी, ऋषिराज गिरी, पायल शर्मा, हरेंद्र सिंह, मुकेश गुप्ता, शिवानी यादव, अनम खान, अलीशा इशरत व रूही जेहरा तथा अनुपम गौतम समेत सभी प्रथम स्थान पर रहे। जबकि नन्दिनी शंखधर , सृष्टि सैनी, शिवि राघव, दीक्षा, सोनी, मोनिका, नाजिश, इरम,किरन यादव, परमानन्द, कुमकुम बाला, नवीन जिंदल, मीना कुमारी, भाग्य रेखा, नीलम वार्ष्णेय, अतिया तबस्सुम, नाजिश खान, इरम अंजुम, राधिका दिवाकर, मानव शर्मा, उपेन्द्र कुमार, शाहिद हुसैन, कविता सागर, देव कुमार, राधा पांडेय, असलम शेख, हसीना नाज, शहज़ाद अख्तर, सबिहा खातून, रोहिणी गुप्ता, निधि शर्मा, शिल्पी पांडेय समेत सभी द्वितीय स्थान पर रहे। इसके अलावा शीतल कुमारी, रूबी, राजकुमारी, गरिमा, दिव्यांशी रावत, राखी, ज्योति, काजल संगम भारती, शिवांशी, शोहित, सबिया, शबीना, हेमलता, खुशबू, रूही नाज, रमशा फात्मा, दामिनी, मुशरा मुजीब, रानी, वैशाली, उत्कर्ष सक्सैना, नरेन्द्र गौतम, दीपक देवी, अंशुल कुमार, ऊधम सिंह, प्राची शर्मा, इनादुर्रहमान ,सोनम, सक्षम पाठक, नन्दिनी वार्ष्णेय, खुशबू,मनीशा, ऊष्मा शर्मा, मधु बाला, तनु गुप्ता , अभिनव वार्ष्णेय, राखी गुप्ता, गुलज़ार अहमद, वैभव शर्मा, सीमा शर्मा, गौसिया बी, सपना सागर, लोकेश गौतम, कृष्ण कुमार अग्रवाल, राखी सिंह, समेत सभी तृतीय स्थान पर रहे। जबकि योग्यता सूची के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने के बाद शेष 60 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने पर सानिया, फरहीन फातिमा, इकरा मुजीब, वर्षा, सुप्रिया कौशिक, महक जिया, चांदनी शर्मा, नेहा, शहनाज़ ख़ानम, मेहविश, अर्शेनाज, सीमा, सानिया अजमी, अमरीन, सैफुल इस्लाम, फारेहा, इलमा परवीन, मन्तशा, काजल, लक्ष्मी, काजल उपाध्याय, गुंजन, लक्ष्मी, साधना, अंशुल, तरन्नुम, जेबा खातुन, जौली, नेहा, प्रिया, इलमा, रीना रानी, आरती, पिंकी रानी, साक्षी श्री वास्तव, मैविश, ज्योति शर्मा, मानसी, अंकित, मोनिका, भावना, पारूल, लविश कुमार, उदिता शर्मा, कंचन, संध्या राघव, तनुजा चौधरी, गुलफशा बी, निशा सैनी, सचिन, खुशी गुप्ता, अन्जू भारती, रंजना, गौरव कुमार, दिव्यांशी , यशपाल, करिश्मा, आफिया, नैना, अंकित, पवन कुमार, निधि शर्मा, शिल्पी राजौरिया, सिद्धार्थ राघव समेत 1280 प्रतिभागियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया। इस अवसर पर परीक्षा सचिव रूबी ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए बताया कि परीक्षा परिणाम की सूचना प्रदेश के सम्बंधित महाविद्यालयों को शीघ्र भेजी जायेगी।

## अभियुक्तों के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई तेज

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। बहुचर्चित बीमा घोटाले के अभियुक्तों के खिलाफ प्रशासन और पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कुर्की की कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार दोपहर बहजोई नगर के मोहल्ला शिवपुरी में ढोल–बाजे के साथ सार्वजनिक मुनादी कर आरोपी सचिन शर्मा उर्फ मोनू की दो अचल संपत्तियों को राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क कर लिया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार रविन्द्र विक्रम सिंह और क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में की गई। मौके पर कोतवाल बहजोई संत कुमार, थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। मुनादी शुरू होते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। कुर्क की गई संपत्तियों में मोहल्ला शिवपुरी स्थित 132.19 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की दो मंजिला कोठी तथा 189.23 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक मंजिला आवास शामिल है। दोनों संपत्तियों को विधिवत कुर्क कर रिसीवर तहसीलदार के सुपुर्द कर दिया गया है, जिन्हें अब राज्य सरकार के पक्ष में जब्त माना जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बीमा माफिया गिरोह भोले–भाले लोगों के नाम पर फर्जी बीमा पॉलिसियां कराकर बीमा कंपनियों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करता था। जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने बीमा कंपनियों को 100 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया है। इस मामले में थाना रजपुरा में गिरोह के सरगना ओंकारेश्वर मिश्रा उर्फ करन निवासी वाराणसी सहित कुल 26 अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को ही वाराणसी स्थित ओंकारेश्वर मिश्रा की अचल संपत्ति को भी कुर्क किया गया। यह कार्रवाई 7 जनवरी को जिलाधिकारी के आदेश पर अमल में लाई गई। थाना रजपुरा में दर्ज मु0सं0 237/25 के तहत अभियुक्तों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। अब तक इस प्रकरण में 68 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है पुलिस–प्रशासन ने अभियुक्तों की शेष चल–अचल संपत्तियों की भी जांच जारी रखने और आगे भी कुर्की की कार्रवाई जारी रहने की बात कही है।

## निर्धन बच्चों को संस्था ने वितरित किए जूते

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसौली क्षेत्र की जन– कल्याणकारी संस्था डीलेक्स एग्रो प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, स्वरूपपुर की ओर से सिद्व बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया में अध्ययनरत निर्धन छात्र– छात्राओं को ठंड से बचाव हेतु जूते वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने संस्था द्वारा किए गए इस सराहनीय सेवा कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं संस्था के डायरेक्टर सुभाष चौधरी ने कहा कि भविष्य में भी बच्चों को हर संभव सहायता प्रदान की जाती रहेगी। इस अवसर पर सहकारी समिति के सभापति वृजेश कुमार शंखधार, जाट महासभा के जिला मंत्री चौधरी महिपाल सिंह, राकेश शर्मा, सनोज शर्मा, शिक्षक नीरज चौहान, विपलव भारती, रामौतार मौर्य, यशपाल सिंह एवं प्रमोद शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बदायूं के सभी विकास खंडों में सफलतापूर्वक आयोजित हुई ग्राम चौपालें

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देश पर जनपद के समस्त विकास खंडों की दो–दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। चौपालों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जानकारी के अनुसार पेंशन से जुड़ी 12 और आवास से संबंधित 16 शिकायतों का तुरंत समाधान किया गया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम चौपालों में ग्रामीणों को पेंशन, आवास, मनरेगा, स्वच्छता, राशन, स्वास्थ्य सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि शेष शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाएगा। प्रशासन ने बताया कि आगामी 27 मार्च 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को सभी विकास खंडों की दो–दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन लगातार किया जाएगा।

## 29वें दिन भी जारी रहा आशा कर्मियों का धरना प्रदर्शन

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आशा कर्मियों का धरना प्रदर्शन मंगलवार को 29वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं और उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। आशा कर्मियों की जिलाध्यक्ष जॉली वैद्य ने पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित समिति द्वारा उनकी प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी देवी के साथ लगातार वार्ता की जा रही है। समिति की ओर से उन्हें आश्वासन दिया गया है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान निकाल लिया जाएगा। धरना दे रही आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द सकारात्मक पहल करने की मांग की है।

## हर्षोल्लास व गरिमापूर्ण ढंग से होगा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का आयोजन, प्रशासन ने तैयार की रूप राखी

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हर्षोल्लास व गरिमापूर्ण ढंग से राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें सभी सरकारी व गैर सरकारी संगठनों आदि की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा सभी का अपेक्षित सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आयोजन में आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित बैठक में एडीएम एफआर ने जनपद की सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 26 जनवरी दिवस के दिन व उससे पहले विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बैठक में विभिन्न महानुभावों द्वारा दिए गए सुझावों को भी सम्मिलित किया जाएगा। एडीएम एफआर ने बताया कि 26 जनवरी को प्रभात फ़ेरी का आयोजन गांधी ग्राउंड से किया जाएगा जो की विभिन्न स्थानों से होते हुए वापस गांधी ग्राउंड पर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी कार्यालय एवं भवनों पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय संकल्प का पाठ किया जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद में क्रीड़ा प्रतियोगिता में आयोजित होगी। समस्त शैक्षिक संस्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। जिला चिकित्सालय, जिला कारागार, राजकीय मेडिकल कॉलेज में फल वितरण कराया जाएगा। बदायूं क्लब बदायूं में भी कार्यक्रम किया जाएगा। जनपद में कवि सम्मेलन, मुशायरा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय अधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानन्द आधुनिक भारत के निर्माता और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत : अपर जिला जज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देषानुसार जनपद न्यायाधीष/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देषानुपालन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा सोमवार को समय पूर्वान्ह् 12 बजे जिला कारागार, बदायूँ में ङ्कस्वामी विवेकानन्द जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवसञ्च के अवसर पर विधिक साक्षरता षिविर/जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 2 कनिष्ठ युवाबन्दीगणों द्वारा जिला कारागार, बदायूँ, में देष भक्ति गीत के साथ स्वागत गायन की प्रस्तुति कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया बन्दी जिला कारागार, बदायूँ, समीर सागर, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त युवा बन्दियों को जागरूक करते हुए युवाओं में जोष भरते हुए स्वामी विवेकानन्द के विषय पर विस्तार पूर्वक प्रकाष बताया। बन्दी जिला कारागार, बदायूँ, विषाल गजराज,द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त युवा बन्दियों को जागरूक करते हुए-कुछ पक्तियां गायी ङ्कये देष है वीर जवानों का, अलबेले मस्तानों का, इस देष का यारो क्या कहना, ये देष है दुनिया का गहना, यहाँ चौड़ी छाती वारों की, यहाँ भोली शक्लें हीरों की यहाँ गाते हैं राँझे मस्ती मेंञ्च तथास्वामी विवेकानन्द के बताये मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया। कारापाल, जिला कारागार, बदायूँ रणन्जय सिंहद्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी बन्दीगणों में जोष भरते हुए स्वामी विवेकानन्द की जीवन शैली पर विस्तार पूर्वक प्रकाष डाला। असिस्टेंट लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँसु कषिष सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभीयुवा बन्दीगणों एवं समस्त मंचासीन अधिकारीगण व स्टाफ का धन्यवाद अभिवादन किया तथा विवेका नन्द जी के षिकागों में दिये गये भाषण का जिक्र करते हुए विस्तार पूर्वक प्रकाष डाला गया। डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ सत्यवीर सिंह, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवा बन्दीगणों एवं समस्त मंचासीन अधिकारीगण व स्टाफ का धन्यावाद अभिवादन कर एक स्लोगन ङ्कउठो और जागो और जब तक कामयाब नहीं हो जाओ तब तक रूकना नहीं हैञ्चतथा विवेका नन्द जी के अमेरिका में दिये गये भाषण का जिक्र करते हुए विस्तार पूर्वक प्रकाष डाला गया।

# डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन हेतु आधार के अंतिम चार अंक अनिवार्यत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) /उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अरूण कुमार ने राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अनन्तिम निर्वाचक नामावली-2025 में समान रूप से प्रदर्शित हो रहे मतदाताओं के नामों के सत्यापन के सम्बन्ध में जनपद के मतदाताओं को जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि पंचायत निर्वाचक नामावली के अनन्तिम प्रकाशन के बाद, जनपद की ग्राम पंचायतों में यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर समान रुप से प्रदर्शित हो रहे हैं तो ऐसी दशा में निर्वाचक तानाम्जो के वृहद पुनरीक्षण के समय सत्यापनोपरान्त, सामान्य रुप से निवास करने वाले ग्राम पंचायत में उरु मतदाता का नाम रखते हुए अन्य ग्राम पंचायत से नियमानुसार विलोपित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा इस कार्य हेतु पचायत निर्वाचक नामावली के अनन्तिम प्रकाशन के बाद जनपद के अन्तर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों के सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम चिन्हित किये गये है. जनपद स्तर पर सम्बन्धित सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची ग्राम पंचायतों के बीएलओ को उपलब्ध करायी गयी है। ताकि निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के समय द्वारा उनका पृथक से सत्यापन किया जा सके। उन्होंने बताया कि यदि किसी विकास खण्ड में ऐसे व्यक्ति जिनका नाम, पिता/पति/माता का नाम एवं लिंग समान है तथा के सत्यापन के उपरान्त सही पाये गये है तो प्रमाणीकरण स्वरूप उनके आधार कार्ड के अंतिम 04 अंक नी बी0एल0ओ0 द्वारा अंकित किया जायेगा ताकि क्म-क्नचसपबंजपवद में उनका नाम अपमार्जित (डिलीट) न हो। इस कार्य हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। उन्होंने जनपद बदायँ के समस्त ग्राम पंचायत के मतदाताओं से अनुरोध किया है कि बी0एल0ओ0 द्वारा इस डुप्लीकेट वोटर के सत्यापन में प्रमाणीकरण स्वरुप आधार कार्ड के अन्तिम 04 अंक उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

# दायित्वों का निर्वहन गंभीरता व सतर्कता से करें अधिकारी, रैंकिंग में करें सुधार : प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। जनपद की प्रभारी मंत्री मा0 गुलाब देवी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित जिला अनुश्रवण पुस्तिका के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता व सर्तकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी परस्पर विभागीय समन्वय से रैंकिंग में सुधार करें वहीं इससे पहले जिला कोर कमेटी की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद रहे तथा केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी में आहूत मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि विकास कार्यों में बदायूं प्रदेश में प्रथम आए। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकारी अपने-अपने विभागीय कार्यों का निरीक्षण करें तथा उसका नियमित अनुश्रवण व समीक्षा करें। जिलाधिकारी अवनीश राय ने अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन शासन की मंशा के अनुरूप करते हुए रैंकिंग में सुधार करें तथा आमजन की समस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता बरते। उन्होंने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त किया कि जो भी दिशा निर्देश उनके स्तर से दिए गए हैं उसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित जिला अनुश्रवण पुस्तिका के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनपद को नवंबर 2025 में प्रदेश में विकास कार्यों में 43 व राजस्व कार्यों में 10वीं रैंक प्राप्त हुई थी वहीं दिसंबर 2025 में प्रदेश में विकास कार्यों में 36 व राजस्व कार्यों में 09वीं रैंक प्राप्त हुई है तथा संयुक्त रूप से राजस्व व विकास कार्यों की दिसंबर 2025 में प्रदेश में 20वीं रैंक है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में 85 कार्यक्रमों में से 63 कार्यक्रमों में जनपद को ए श्रेणी प्राप्त हुई है 05 कार्यक्रमों में बी श्रेणी, 04 कार्यक्रमों में सी श्रेणी तथा 05 कार्यक्रमों में डी श्रेणी प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त 08 कार्यक्रम अमान्य हैं उन्होंने बताया कि अनुश्रवण पुस्तिका में 29 विभाग हैं तथा 77 कार्यक्रम व योजनाएं लागू हैं। इससे पूर्व लोक निर्माण विभाग के अथिति गृह में आगमन पर प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## युग दृष्टा थे स्वामी विवेकानंद : आशीष देव

बदायूँ। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर, जिसे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, नगर इकाई सैद्पुर की ओर से नगर कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मीडिया सह संयोजक आशीष देव मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के सच्चे मार्गदर्शक थे। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। उन्होंने भारत की आध्यात्मिक शक्ति से विश्व को परिचित कराया और युवाओं को ञ्चउठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुकोङ्क का मंत्र देकर नई दिशा दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रवाद और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशांक शर्मा, तहसील संयोजक निशांत शर्मा, विक्की मौर्य, राजीव शर्मा, अमित यादव सहित बड़ी संख्या में कार्य कर्ता मौजूद रहे।

# महिलाओं के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मंडलायुक्त


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। महिलाओं की समस्याओं के त्वरित संवेद नशील और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आ योजित माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मंडला युक्त कार्यालय में विशेष महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया।इस जनसुनवाई में जनपद के विभिन्न क्षे त्रों से आई कुल पंद्रह महिलाओं ने अपनी व्य क्तिगत,पारिवारिक, राजस्व एवं भूमि विवाद से जुड़ी समस्याएं मंडलायुक्त के समक्ष रखीं।कार्य क्रम के दौरान मंडलायुक्त ने एक-एक कर सभी महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना और स्पष्ट शब्दों में कहा कि महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों की तत्काल,निष्पक्ष और विधि सम्मत जांच कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए,ताकि पीड़ित महिलाओं को अनाव श्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक मी नू राणा,संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कुमार पाण्डेय तथा उपायुक्त खाद्य विजय प्रभा भी उपस्थित रहीं और उन्होंने संबंधित प्रकरणों में विभागीय स्थिति से मंडलायुक्त को अवगत क राया।जनसुनवाई के दौरान पारिवारिक प्रमाण पत्र से जुड़ा एक संवेदनशील मामला सामने आया। एक महिला प्रार्थिनी ने बताया कि उस के माता-पिता का निधन हो चुका है और परि वार में कोई भाई जीवित नहीं है।वर्तमान में वह और उसकी बहन बीना श्रीवास्तव ही वैध उत्त राधिकारी हैं,जिनके नाम ग्राम नरहरपुर, तहसी ल मनकापुर में राजस्व अभिलेखों में वरासत के रूप में दर्ज हैं।प्रार्थिनी ने बताया कि आवास विकास कॉलोनी,भरतपुरी योजना स्थित मकान संख्या-264 में नगर पालिका स्तर पर वरासत दर्ज कराने के लिए परिवार जन प्रमाण पत्र आ वश्यक है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी सदर को आवेदन दिया गया, जिसे जांच हेतु तहसील मनकापुर भेजा गया।वहां परिवार रजिस्टर की नकल मांगी गई, लेकिन ग्राम पंचायत यह कह कर नकल देने से इंकार कर दिया गया कि दो नों बहनें पिछले लगभग 40 वर्षों से गांव में निवास नहीं कर रही हैं। परिवार रजिस्टर की नकल न मिलने से प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है,जिससे मकान की वरासत भी लंबित है मंड लायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए समा धान के निर्देश दिए।इसी जनसुनवाई में थाना कौड़िया क्षेत्र के ग्राम लोनियनपुरखा, मौजा रूकमंगदपुर निवासी विद्यावती पत्नी सरदार ने विवादित भूमि पर अवैध कब्जा एवं निर्माण कार्य रोके जाने की मांग को लेकर अपनी पीड़ा रखी।पीड़िता ने बताया कि गाटा संख्या-678 में उनके पति सहखातेदार थे, जिनका हिस्सा उन्होंने विधिवत दानपत्र के माध्यम से प्राप्त किया है।इस भूमि को लेकर विपक्षीगण के साथ विवाद चल रहा है,जिसका मामला सिविल जज न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता ने बताया कि न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद विपक्षी दबंगई के बल पर भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे हैं तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं हुआ,तो उन्हें अपूरणी य क्षति हो सकती है।उन्होंने प्रशासन से तत्का ल प्रभावी कार्रवाई कर निर्माण कार्य रुकवाने तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की।इसके अतिरिक्त तहसील तरबगंज के ग्राम गढ़ी निवा सी कबूतरा ने अपनी पट्टा भूमि गाटा संख्या 25 (0.2020 हेक्टेयर) एवं गाटा संख्या-38 (0.1250 हेक्टेयर) पर जबरन अवैध कब्जा किए जाने और निरंतर हस्तक्षेप की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि गांव के ही कुछ लोग उनकी पट्टा भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं तथा विरोध करने पर गाली-गलौज और जान-माल की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने प्रशासन से भूमि पर उनका कब्जा सुरक्षित कराए जाने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।जनसुनवाई के समापन पर मंडलायुक्त महोदय ने स्पष्ट कि या कि मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद केवल एक औ पचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं को न्याय दिलाने का एक सशक्त मंच है।उन्होंने क हा कि शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आ धार पर किया जाएगा और किसी भी महिला के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।मंडला युक्त ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त प्रकरणों की नियत समयावधि में जांच कर स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करें, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके।उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिला या कि प्रशासन उनके साथ खड़ा है और प्रत्ये क मामले में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# चौवालीस दिन बाद भी अधजली लाश की पहचान नहीं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडाःजिले के धानेपुर थाना क्षेत्र में 30 नवंबर 2025 को रेतवागाड़ा गांव के पास एक 35 वर्षीय महिला की अधजली लाश मिली थी।घ टना के चौवालीस दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक महिला की पहचान नहीं कर पाई है।इस हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलि स की कई टीमें लगातार काम कर रही हैं,लेकि न उन्हें कोई सफलता नहीं मिली है।चौवालीस दिनों में धानेपुर थाने की पुलिस ने तीन सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की है, पर उनसे कोई सुराग नहीं मिला।इसके अतिरिक्त, गोंडा से लेकर बलरामपुर तक पांच सौ से अधि क गांवों और मजरों में जाकर लोगों से पूछताछ की गई है,लेकिन फिर भी पुलिस के हाथ कोई ठोस जानकारी नहीं लगी है। मृतक महिला के आधे हाथ और आधे पैर की तस्वीरें गोंडा समेत उत्तर प्रदेश के सभी थानों में पहचान के लिए भेजी गई थीं,लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।महिला की अधजली लाश के पा स से केवल उसका आधा हाथ और आधा पैर ही बरामद हुआ था।शरीर के बाकी अंग जल कर राख हो गए थे,जिससे पहचान और खुला से में काफी दिक्कतें आ रही हैं।पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल ने अधिकारियों को जल्द से जल्द मामले की जांच कर महिला की पहचा न करने और हत्याकांड का खुलासा करने का निर्देश दिया है।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी म नोज कुमार रावत ने बताया कि घटना के खुला से के लिए कई टीमें लगाई गई हैं।महिला की पहचान न होने के कारण अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।उन्होंने यह भी बताया कि अ लग-अलग थानों की मदद ली जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# सहकार भारती के स्थापना दिवस पर याद किए गए लक्ष्मणराव ईनामदार



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले में सहकार भारती का 48 वां स्थापना दिवस मनाया गया। सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मणराव ईनामदार के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया गया।इस दौरान सहकारिता से आर्थिक स्वाव लंबन पर परिचर्चा हुई और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सहकार भारती का 48 वां स्थापना दिवस वैशन पुरवा आटापरसपुर स्थित

वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह के आवास पर मनाया गया।जिसमें सहकारिता से आर्थिक स्वावलंबन पर परिचर्चा हुई और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अंबिका साहू ने की।सहकारिता पर परिचर्चा का शुभारंभ सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मणराव ईनामदार के चित्र पर माल्यार्प ण और दीप प्रज्जवलित कर किया।परिचर्चा में

संगठन प्रमुख बजरंगी लाल पांडे ने कहा कि इस वर्ष स्थापना दिवस को भ्रष्टाचारमुक्त संस्था न के रूप में मनाया जा रहा है।सभी को जाग रूक कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन चलाया जाएगा।जिला महिला प्रमुख पूनम शुक्ला ने बताया कि 1978 में पुणे से सहकार भारती का स्थापना की गई। इसमें सहकारिता द्वारा शहर से लेकर गांव तक सरकार की योजनाओं को पहुंचा कर रोजगार सृजित किये जा सकें। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा सोसाइटी एवं सहकारी बैंकों में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने की मुहिम चलानी होगी,तभी संगठन का उद्देश्य पूरा होगा।स्थापना दिवस पर त्रिलोकी सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अंबिका साहू जिलाध्यक्ष,बज रंगी लाल पांडे संगठन प्रमुख,पूनम शुक्ला जि ला महिला प्रमुख आदि मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में संगो ष्ठी का आयोजन किया गया।समारोह में प्रो.जि तेन्द्र सिंह की उपस्थिति में और विवेकानंद क्ल ब के सचिव डॉ.मनोज कुमार मिश्र के संचालन में संपन्न ''प्रबुद्ध राष्ट्र के निर्माण में चरित्रवान युवाओं की भूमिका'' विषय पर आयोजित संगो ष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो.जय शंकर तिवा री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद इस भारत देश की उन्नति के लिए अंतिम साँस तक बहुआया मी काम करते रहे। गुरुदेव राम कृष्ण परमहंस की आध्यात्मिक शिक्षाओं की सार्वभौम उपयो गिता को उन्होंने पूरे यूरोप,एशिया और अमेरि का महाद्वीप में फैलाया।युवाओं के लिए स्वामी जी के प्रेरक विचारों को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि विवेकानंद की वाणी युवाओं को शारी रिक,मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक रूप से सबल बनाने के लिए सर्वोत्तम स्रोत है,महाविद्या लय की मुख्य नियंता प्रो.अमन चंद्रा ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व को रेखांकित किया।व नस्पति विज्ञान की सहायक आचार्य डॉ.रेखा शर्मा ने इस अवसर पर स्वामी जी से प्रेरणा लेते हुए स्वदेशी अपनाने पर बल दिया।जिला युवा विकास अधिकारी राजितराम,विनय श्रीवास्तव और डॉ.रजनीकांत तिवारी इस अवसर पर मं चासीन रहे।महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. बी.पी.सिंह,आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. जितेंद्र सिंह, मुख्य नियंता प्रो.अमन चंद्रा,प्राणि विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो.अरविंद शर्मा,डॉ.रजनीकां त तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शु भारंभ किया।इस अवसर पर रोवर्स-रेंजर्स, एन. सी. सी. के कैडेटों और छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के बारे में विचार व्यक्त किया।कार्य क्रम में पवन कुमार सिंह, डॉ.अरुण प्रताप सिंह, डॉ.अमित शुक्ल,डॉ.अरुण वर्मा डॉ.हरीश शुक्ल डॉ.दलीप सिंह,डॉ.रचना श्रीवास्तव डॉ.मनीषा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला हुई सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।यह कार्यशाला मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुये उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं को उद्यमिता के लिये प्रोत्साहित करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने प्रशिक्षण प्रदाताओं से अपील करते हुये इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने और उनके आवेदन की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही है। कार्यशाला में जिला समन्वयक प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई विवेक, प्रधानाचार्य आईटीआई जायस, एमआईएस मैनेजर, जिला मैनेजर, सीएम फ़ेलो, सीएम युवा उद्यमी, विकास खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सहित जनपद अमेठी में कार्यरत सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं के प्रतिनिधि एवं केंद्र प्रबंधक उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। योजना के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यशाला के अंत में प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया गया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर संजीवनी लॉ कॉलेज में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में संजीवनी लॉ कॉलेज, कीर्तनपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुधाकर त्रिपाठी, संजीवनी लॉ कालेज में विधि के छात्र/छात्राओं भारती यादव, अभिनव चौधरी, सूफियान वारसी, विष्णु प्रताप सिंह, आदर्श तिवारी, शशि वर्मा, मुस्कान यादव, शिवांश त्रिपाठी, देवी प्रसाद द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सचिव श्री शिरोमणि ने ए.डी.आर. केन्द्र की भूमिका तथा युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 1863 में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी का जन्म हुआ था। उन्हीं की याद में भारत में प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा यह दिन देश के करोड़ों युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने मौजूद छात्र-छात्राओं का आहवान किया कि स्वामी जी जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। सचिव ने कहा कि स्वामी जी का मानना था कि युवा शक्ति ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। उनकी सोच को सम्मान देने और युवाओं का राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करने के लिए भारत सरकार द्वारा उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया गया। श्री शिरोमणि ने मौजूद लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंम्बर 15100 के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति किसी प्रकार की विधिक सलाह व समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं। सचिव श्री शिरोमणि ने छात्र-छात्राओं का आहवान किया स्वामी जी सूत्र वाक्य ''से नो टू ड्रग्स, से यस टू लाईफ'' को जीवन में अपना कर ड्रग फ्री इण्डिया के निर्माण में सहयोग करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए सचिव ने प्राचार्य रोहित प्रकाश सिंह, प्रवक्ता लॉ डॉ सुधाकर प्रसाद त्रिपाठी, डॉ अरूण कुमार कन्नौजिया, डॉ निशा त्रिपाठी सहित समस्त शिक्षण स्टाफ तथा कार्यक्रम को सम्बोधित करने वाले छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य श्री सिंह ने छात्र/छात्राओं को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति मार्गदर्शन करने के लिये सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच का आभार ज्ञापित किया।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा

अमेठी । थाना संग्रामपुर पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सुनील विश्वकर्मा पुत्र रामआसरे विश्वकर्मा निवासी ग्राम गोसाइगंज दया का पुरवा थाना अमेठी को एक तमंचा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## मकर संक्रान्ति के अवसर पर 15 जनवरी को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी 2026 घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर 15 जनवरी 2026 को निगोशिएबुल इन्स्टुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। अर्थात मकर संक्रान्ति के अवसर पर 15 जनवरी 2026 को जनपद के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 13 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## शोध व नवाचार प्रोत्साहन नीति का लाभ उठाएं शिक्षक : प्रो. वंदना सिंह

जौनपुर। यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने शिक्षकों में शोध, नवाचार एवं अकादमिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शोध प्रोत्साहन एवं उत्कृष्टता पुरस्कार नीतिऽ2025 को लागू कर दिया है। सोमवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इस नीति का शिक्षक अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह प्रोत्साहन नीति शिक्षकों को शोध और नवाचार के लिए प्रेरित करेगी ।यह नीति विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा तैयार की गई है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्यों, अंतरराष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन, पेटेंट प्राप्ति तथा बाह्य वित्त पोषित शोध परियोजनाओं को बढ़ावा देना है।उन्होंने कहा कि इस नीति के अंतर्गत विश्वविद्यालय के नियमित एवं संविदा शिक्षकों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं में शोधपत्र प्रस्तुत करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्रति शिक्षक अधिकतम 5,000 रुपये तक की सहायता दी जाएगी, जिसमें पंजीकरण शुल्क तथा द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित रेल यात्रा किराया सम्मिलित होगा।आइक्यूएसी सेल के कोऑर्डिनेटर प्रोफ़ेसर गिरिधर मिश्र ने कहा कि उच्च प्रभाव वाले शोध प्रकाशनों को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय ने प्रभाव कारक (इम्पैक्ट फैक्टर) के आधार पर आर्थिक प्रोत्साहन की व्यवस्था की है। एससीआई एवं स्कोपस जैसी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित शोधपत्रों पर 5,000 रुपये से लेकर 30,000 रुपये तक का प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। वहीं, एक वर्ष में कुल इम्पैक्ट फैक्टर 20 या उससे अधिक होने पर संबंधित शिक्षक को शोध उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिसे विश्वविद्यालय की कुलपति द्वारा प्रदान किया जाएगा।पेटेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रकाशित एवं स्वीकृत पेटेंट पर भी 5,000ऽ5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त शोध परियोजनाओं पर अनुदान राशि के आधार पर 10,000 रुपये से 25,000 रुपये तक का विशेष पुरस्कार भी निर्धारित किया गया है।

विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों से इस नीति के अंतर्गत पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक शिक्षक निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक अभिलेखों सहित अपना आवेदन पत्र 16 जनवरी 2026 तक आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चित प्रकोष्ठ कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बैठक में कुलसचिव केशलाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह, प्रो.देवराज, प्रो. गिरिधर मिश्र,डॉ धीरेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे।

# विकासखंड करनैलगंज में मनरेगा योजना में सिर्फ कागजों में हो रहा विकास कार्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले विकासखंड करनैलगंज प्रतापपुर व काशीपुर,बेल्लाहरी और रामगढ़ गाँव में मनरेगा योजना के मस्टर रोल में फर्जीवाड़ा हों रहा है। कर्नलगंज विकासखंड के क्षेत्र के गाँवो के ग्रामी णों का कहना है गांव में बिना काम करवाए सरकारी खजाने से लाखों की लूट-घसूट की जा रही है गांव में हो रहे विकास कार्यों को बाहरी जनपद से मजदूर बुलाकर काम करवाया जा रहा है जिससे गांव में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है कहीं-कहीं तो गांव में सिर्फ कागज में मस्टर रोल चल रहा है और बिना कार्य कराए ही पैसे निकालने की योजना बनाई जा रही है।

पत्रकारों की टीम इन इलाकों में गई तो पाया कि गांव में कई ऐसे कार्य हैं जो सिर्फ कागजों पर ही हों रहे हैं।विकासखंड करनैलगंज के कई गाँवो में जहां हर कदम पर गांव में विकास कर वाने के नाम पर लूट घसूट की जा रही है। गाँव वालो को रोजगार देने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार मनरेगा योजना चला रही है जिससे लो गों को गांव में काम मिले और उन्हें बाहर मज दूरी करने न जाना पड़े इसके लिए एपीओ,ग्राम प्रधान ,रोजगार सेवक और पंचायत सचिव के जरिये ही उन्हें अपनी ही ग्राम पंचायत में काम मिल जाता है मनरेगा के तहत काम करने वाले लोगों को सरकार सीधे खाते में मजदूरी भेजती है मजदूरों को मजदूरी के पैसे बैंक से निकलने के बाद बदले सिर्फ उन्हें मिलता है एक पांच सौ रूपये की नोट और बाकी पैसे को प्रधान और रोजगार सेवक मिलकर बंदर बांट करते हैं।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि काशीपुर गाँव में बेरोजगार और जरुरत मंद लोगों को काम न दे कर बाहर से मजदूरी करवाने के लिए गांव में ठेके पर मजदूर बुलाए जाते है गांव में ऐसे तमा म लोगों को जॉब कार्ड बनाकर दे दिए गए है जिनके घर पहले से ही सम्पन्न है और उनके घ रों में चार पहिया वाहन तक हैं ग्रामीण बताते है हर जगह फर्जीवाड़ा किया गया है।ग्राम प्रधान व पंचायत सेकेट्री खानापूर्ति करके लाखों रुपये सरकार के खजाने से फर्जीवाड़ा करके लाखों रुपए निकाले की योजना बना रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में ऐसे कई कच्चे चकमा र्ग है जिनपर कहीं कहीं मिट्टी डलवाकर चकरो ड पटवाने के नाम पर डाका डाला जाता है।

# कांग्रेसियों ने उत्साहपूर्वक मनाया प्रियंका गांधी का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिला एवं शहर कंाग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अखिल भारतीय कंाग्रेस कमेटी की महासचिव एवं वायनाड की सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिवस जिला कंाग्रेस कमेटी कार्यालय पर सादगी, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कंाग्रेस कार्यकर्ताओं ने 51 किलो का केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया तथा प्रियंका गांधी वाड्रा के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। इस दौरान कंाग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और जन सरोकारों की सशक्त प्रतीक हैं। वे निरंतर आमजन, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों की आवाज़ बनकर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही हैं। उनका संघर्ष और संवेदनशील नेतृत्व देश की राजनीति को नई दिशा देने वाला है। शहर कंाग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा वर्तमान समय में देश की करोड़ों महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका साहस, संघर्ष और जनसमर्पण समाज के हर वर्ग को आशा और विश्वास प्रदान करता है। वरिष्ठ कंाग्रेस नेता जफर खान ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा सच्चे अर्थों में जनसंघर्ष की प्रतीक हैं, उनका उप्र में पिछला कार्यकाल संघर्षों से भरा रहा है। वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा प्रियंका गांधी जी वर्तमान सरकार के अहंकार के विरुद्ध मजबूती से खड़ी होकर जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही हैं और गरीब, मजदूर व किसानों के हक की आवाज़ बुलंद कर रही हैं।

जन्मदिन के अवसर पर सेवादल के प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा व सुरेश चंद्र मिश्रा द्वारा कंाग्रेस कमेटी के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इस मौके राहुल त्रिपाठी,नफीस फारूकी, वरुण मिश्र,सलाहुद्दीन हाशमी, रणजीत सिंह सलूजा, हौसिला प्रसाद भीम,जय प्रकाश पाठक, आवेश अहमद, ममनून आलम, सुब्रत सिंह, नरेश चंद्र उपाध्याय, उमाकांत त्रिपाठी, मनीष तिवारी, विनय त्रिपाठी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मना स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल मे सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया और कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित है उनका शक्तिशाली वाक्य 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको' आज भी लाखों युवाओं को सही दिशा प्रदान करता है उन्होंने जोर दिया कि महाराजगंज जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में ये विचार युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि देश में प्रतिवर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है उनके विचारों ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व को धर्म, मानवता और कर्म का सच्चा स्वरूप समझाया इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके प्रेरणादायक आदर्शों से जोड़ना है स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 12 जनवरी 1863 को जन्मे नरेंद्रनाथ दत्त, जिन्हें बाद में स्वामी विवेकानंद के नाम से जाना गया, रामकृष्ण मठ के संस्थापक थे। 1893 में शिकागो विश्व धर्म संसद में उनके 'अमेरिका के भाइयों और बहनों' संबोधन ने विश्व पटल पर भारत की पहचान स्थापित की। वे वेदांत और भारतीय संस्कृति का प्रचार कर युवाओं के प्रेरणास्रोत बने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया इस दौरान उन्होंने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन किया इस अवसर पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं को सम्मानित भी किया सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल से शुरू हुई दौड़ का उद्घाटन चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने किया उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद का उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत का संदेश देश की मजबूत नींव के लिए युवाओं को हमेशा प्रेरित करता रहेगा इस अवसर पर विद्यालय समिति अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता,क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा रजनीश पाण्डेय, नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, विधायक पुत्र राजमणि पासवान, विद्यालय प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा, शलभ सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता , नगर उपाध्यक्ष मानस शुक्ला , नगर महामंत्री एवं सभासद सूरज बाथम, सौरभ खंडेलवाल,अनंत गुप्ता, प्रदीप शुक्ला, अवधेश मिश्रा, संजय पाण्डेय, राजीव मोहन अग्रवाल, राजीव सिंह, बलराम वर्मा, अरुण पाण्डेय, विवेक तिवारी, श्रेय सिंह व अन्य कई सम्मानित जन व विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे हैं।

## महिला थाना के प्रयास से दो विवाहित जोड़े साथ रहने को हुये राजी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद अमेठी में कानून व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही खाकी रिश्तों को भी मजबूत कर रही है ।महिला थाना के प्रयास से दो विवाहित जोड़े पुनः साथ रहने को राजी हुये ।मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा पति–पत्नी के बीच चल रहे विवादों के सम्बंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया जिसमें दो विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिये सहमत होकर घर गये तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया ।अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## कांग्रेस नेताओं ने प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में कांग्रेस की महासचिव व वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और कांग्रेसियों ने केक काटकर प्रियंका गांधी के दीर्घायु होने की कामना की है। कस्बा सेमरौता में पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेयी की अध्यक्षता में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु की कामना की है। कांग्रेस नेताओं द्वारा एक दूसरे को केक खिलाकर खुशियां मनाई है ।इस मौके पर गोपी बाजपेई, सतीश सिंह, पारस नाथ मिश्रा, भरत मिश्रा, विजय सिंह, दुर्गेश यादव, नीरज यादव सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने टोल प्लाजा पर दो सौ बीस वाहनों का किया चालान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के बारहवें दिवस पर एंथी टोल प्लाजा गौरीगंज में यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरुक किया गया और कोहरे को देखते हुये वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाये गये। पुलिस ने दो सौ बीस वाहनों का चालान कर दो लाख अड़तीस हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया ।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सोमवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के बारहवें दिवस पर यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर एंथी टोल प्लाजा गौरीगंज में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी तथा जागरूकता संबंधी पंफ्लेट वितरित किये गये ।कोहरे व धुंध को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये ।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल दो सौ बीस वाहनों का चालान कर दो लाख अड़तीस हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया।

# पहली बार जिला पंचायत चुनाव में ताल ठोकेंगे भाजपा नेता अचल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जनपद मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नजदीक आते ही लगातार संभावित प्रत्याशी अपने-अपने तरीके से चुनाव में दम खम दिखाने के लिए हर जोर आजमाइश कर रहे हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का समय नजदीक है। तैयारियां जोरों पर हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मंडल महामंत्री अचलेन्द्र मिश्र 'अचल' ने

वार्ड नंबर 8 से अपनी दावेदारी पेश करते हुए चुनाव प्रचार में लग गए हैं और लगातार जनता के संपर्क में आकर सेवा का संकल्प लेकर गांव गांव डोट टू डोर संपर्क कर रहे हैं। लगातार भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से संपर्क कर चुनाव की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार लगातार कई दिनों से कर रहे हैं। वार्ड नंबर 8 से जिला पंचायत के संभावित प्रत्याशी भाजपा नेता अचल ने बताया कि मेरा चुनाव लड़ने का फैसला जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करने का है। भाजपा नेता अचल मिश्रा लगातार लोकसभा विधानसभा सहित कई चुनाव भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को लड़ाने का कार्य कई वर्षों से करते चले आ रहे हैं।अब पहली बार जिला पंचायत का चुनाव लड़कर ग्राम वासियों की सेवा करने का मन बनाया है। जनता भी उनको काफी पसंद कर रही है और आगामी जिला पंचायत चुनाव में उनको वोट देने की बात कह रही है।

# युवा दिवस के अवसर पर सौरभ विनम्र सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। युवा दिवस के अवसर पर तक्षशिला आईएएस अयोध्या के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में सौरभ मिश्र विनम्र को इसमें स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक तक्षशिला आईएएस डायरेक्टर संतोष मिश्र ने बताया कि समाज के अंदर में निरंतर समाजसेवा करने वाले को आज स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर युवाओं को प्रोत्साहन करने के लिए संस्था के द्वारा युवाओं सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता। उन्होंने बताया कि सौरभ के कार्य एम्बुलेंस को रास्ता दें, रेडियम बेल्ट लगाने के कार्य से उनकी टीम काफी प्रभावित हुई जिसके बाद उन्होंने सम्मानित किया गया। सौरभ मिश्र विनम्र मूल रूप से गाना मिश्र पुरवा निवासी कटका के रहने वाले है और वो कटका क्लब सामाजिक संस्था के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।

इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक मां कामाख्या धाम के इंद्रेश कौशिक जी ने बताया कि सौरभ कि सराहना करते हुए कहा कि जब अयोध्या से सुल्तानपुर के पद यात्रा में शामिल हुए और उस कार्यक्रम के साक्षी रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं को सामाजिक और धार्मिक रूप से कार्य करने पर या सम्मान उन्हें दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपेक्षा रखते हैं कि जल्द जनपद का नाम कुशभवनपुर हो। आज युवा दिवस पर ऐसे युवाओं को सम्मानित करने पर स्वामी विवेकानंद के दिखाएं पथों पर चलना ही है। सम्मान प्राप्त होने के बाद ऋषभदेव शुक्ला, सर्वेश कंात वर्मा, कंाति सिंह, राजकुमार मिश्र, शनि मिश्र, अमरजीत मिश्र, शीतला प्रसाद पांडेय, विपिन मिश्र, ने उन्हें बधाई दी है।

## वन विभाग को मिली बड़ी सफलता कछुआ किया बरामद वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज किया मुकदमा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के एक युवक को कछुआ घर पर पालना महंगा पड़ गया उसका पालन–पोषण करना महंगा पड़ गया कछुआ विलुप्त होती प्रजाति का है वन्यजीव संरक्षण को लेकर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूरनपुर कस्बे के मोहल्ला कायस्थान में एक घर पर छापेमारी कर घर मे पाले गए दो दुर्लभ कछुओं को बरामद किया है इस मामले में युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि सोमवार को वन विभाग को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि पूरनपुर निवासी रवि गुप्ता पुत्र नंद किशोर गुप्ता अपने घर में प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं को पाल रहा है सूचना के आधार पर पूरनपुर के क्षेत्रीय वन अधिकारी सोवरन लाल के नेतृत्व में वन विभाग की संयुक्त टीम ने युवक के घर पर छापेमारी की तलाशी के दौरान घर के भीतर रखे एक एक्वेरियम से दो जीवित कछुए बरामद किए गए वन विभाग द्वारा कछुओं से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर युवक कोई संतोषजनक प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका जांच में सामने आया कि बरामद कछुए वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची–1 में सूचीबद्ध हैं, जिनका संरक्षण, व्यापार या पालन पूर्णतः प्रतिबंधित है और इसमें कठोर दंड का प्रावधान है वन विभाग ने युवक के खिलाफ रेंज केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया और सीजेएम कोर्ट पीलीभीत में पेश किया गया है।

# पूरनपुर पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराधों व साइबर अपराध से बचाव हेतु किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।महानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु पूरनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण कर बालिकाओं/महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराधों/साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सरकारी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक ऋतु चौधरी और शालिनी ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के व्यावहारिक उपायों के साथ-साथ साइबर अपराध से बचाव, नारी स्वावलंबन, और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं इन केंद्रों के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, मनोवैज्ञानिक सहायता और कानूनी सलाह दी जा रही है पुलिस का कहना है कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल बालिकाओं और महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि समाज में सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम साबित होता है टीम ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कानून बनाए गए हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, मानसिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाना है महिलाओं और बालिकाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों तथा बाल संरक्षण कानूनों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया इसके साथ ही विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा केंद्र टीम ने 112, 1090, 1091, 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या आपात स्थिति में इन नंबरों पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध से बचाव को लेकर भी विशेष रूप से जागरूक किया गया टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान कॉल या लिंक से बचने, ओटीपी एवं व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा ऑनलाइन ठगी के तरीकों के बारे में जानकारी दी साथ ही साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई महिला सुरक्षा केंद्र टीम ने निर्भीक होकर आगे बढ़ने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच पुलिस की मदद लेने का संदेश दिया है

## मंडी समिति में धान तौल को लेकर विवाद अभद्र व्यवहार करने पर दर्ज हुआ मुकदमा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंडी समिति में धान की तौल को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। पचपेड़ा तालुके महाराजपुर निवासी किसान गुरसरन सिंह पुत्र तरसेम सिंह और मंडी समिति में तैनात एमओ प्रदीप कुमार के बीच धान तौल को लेकर कहासुनी हो गई। 9 जनवरी को आरोप है कि विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच धक्का–मुक्की और गाली–गलौज भी हुई, जिससे मंडी परिसर में कुछ देर के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद किसान गुरसरन सिंह ने एमओ प्रदीप कुमार पर गाली–गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी। किसान का कहना था कि धान तौल में अनियमितता को लेकर जब उसने आपत्ति जताई तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो भी बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने और ज्यादा तूल पकड़ लिया और तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। वहीं दूसरी ओर एमओ प्रदीप कुमार ने भी पुलिस को तहरीर देकर किसान गुरसरन सिंह पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली–गलौज करने और मारपीट करने का आरोप लगाया। एमओ की शिकायत के आधार पर पुलिस ने किसान गुरसरन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान का हुआ शुभारंभ

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जनपद में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान की विधिवत शुरुआत कर दी गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि यह अभियान 12 जनवरी से 29 जनवरी तक जिले के सभी विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर चौपाल एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर मनरेगा श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पत्र ग्राम प्रधानों, पूर्व प्रधानों, रोजगार सेवकों एवं श्रमिकों तक पहुँचाया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जनसभाओं के माध्यम से मनरेगा रोजगार गारंटी योजना के महत्व पर विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा मजदूरों को उनके संवैधानिक रोजगार अधिकारों की जानकारी दी जाएगी।

## नारी शक्ति क्लब द्वारा मंदिर में भव्य भंडारा का किया आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पानी की टंकी के निकट स्थित मंदिर के बाहर क्लब के सदस्यों द्वारा खिचड़ी ,मूंगफली,रेवड़ी आदि का वितरण किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने भोजन गृहण किया द्यइस कार्य में क्लब की अध्यक्ष अंजली गुप्ता ,सचिव स्मिता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मोनिका होरा,पूर्व अध्यक्ष मोनिका गुप्ता ,सविता खंडेलवाल ,अर्चना सिंघल सदस्य अनुराधा गुप्ता ,प्रभा गुप्ता , दीपिका गुप्ता ,संगीता गुप्ता उपस्थित रही हैं।

# कंबल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता


गोसाईगंज/सुल्तानपुर। जयसिंहपुर ब्लॉक के क्षेत्र में ग्राम पंचायत वैदहा गांव मे कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शैलेश सिंह के द्वारा किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रसिद्ध सर्जन डॉ राजीव सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ राजीव सिंह के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जरुरत मंद लोगों की सहायता से बड़ा दुनिया मे कोई काम नही। इससे बड़ा कोई मानव सेवा नही। डॉ सिंह ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को ऐसे नेक कार्य के लिए आगे आना चाहिएद्यल। ग्राम प्रधान शैलेश सिंह ने बताया कि इस अवसर पर हजारों जरुरत मंद लोगों मे कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर अवधेश प्रताप सिंह, रमाकांत सिंह, उदयभान सिंह, रामफ़ेर तिवारी, राम आसरे यादव, अनिल, मृतुन्जय जायसवाल, महेन्द्र, श्रीराम उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

# खेल–कूद में है रुचि तो अब हैं रोजगार के अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। बच्चों को अक्सर सुनना पड़ता है कि पढ़ोगे-लिखोगे... बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे... बनोगे गंवार। लेकिन बदलते दौर के साथ स्कूलों में इस क्षेत्र को एक कौशल के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। अब शारीरिक शिक्षा और खेलकूद में रोजगार का एक अच्छा जरिया बनकर उभर रहा है।

प्रशिक्षित लोगों के लिए सफल खिलाड़ी बनने के अलावा स्कूल-कॉलेज, खेल अकादमी, व्यायाम केंद्रों और अस्पताल आदि में प्रशिक्षक के रूप में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। स्कूलों में शारीरिक शिक्षा शिक्षक, कोच, खेल अकादमियों में कोच, फिटनेस केंद्रों में प्रशिक्षक या न्यूट्रिशनिस्ट, खेल चिकित्सक, फ़िज़ियोथेरपी विशेषज्ञ और स्पॉर्ट्स इंवेंट्स में प्रबंधक, कमेंटेटर इत्यादि कई क्षेत्र हैं जहां उन्हें रोजगार मिल रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त किए लोगों को



रोजगार मुहैया करना है। इंटर पास करने के बाद शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद में रुचि रखने वाले बच्चों के लिए भारत सरकार विभिन्न कोर्स चलाती है,जैसे शारीरिक शिक्षा से बीए, बीपीएस, बीए पास करने के बाद बीपीएड, डीपीएड, उसके बाद एमपीएड यूजीसी नेट जेआरएफ, पीएचडी आदि कोर्स बच्चे करके अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। यह जानकारी आनन्द सिंह ने दी, जो शारीरिक शिक्षा से बीए, बीपीएड, एमपीएड, यूजीसी नेट, नेशनल फ़ेलोशिप किए है वर्तमान में इंटर कालेज में शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के अध्यापक हैं।

## राज्यमंत्री ने सिख समाज के सम्मानित लोगों के साथ बैठक कर संवाद किया

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने पीलीभीत की अमरिया तहसील की बल्लियां मे सिख समाज के सम्मानित लोगों के साथ बैठक कर संवाद किया सिख समुदाय के प्रमुख सदस्यों से मिलकर बातचीत की, जिसमें समाज से जुड़ी समस्याओं, जनहित के मुद्दों और सुझावों पर चर्चा हुई, ताकि उनके मुद्दों को समझा जा सके और समाधान की दिशा में काम किया जा सके, जैसा कि अक्सर विभिन्न नेता सिख समुदाय के साथ करते हैं, जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या स्थानीय जनप्रतिनिधि, ताकि उनके योगदान और चिंताओं पर चर्चा हो सके इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की तथा भाजपा सरकार में सिख समाज के सम्मान, सुरक्षा एवं सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता से अवगत कराया सिख समुदाय से मिले सम्मान के लिए राज्यमंत्री ने सभी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद किया है।

## गोमती गुरुदारा से श्रद्धा और उल्लास के साथ निकला नगर कीर्तन, आसाम रोड गुरुद्वारा में हुआ समापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिख धर्म के पावन पर्व के अवसर पर सोमवार दोपहर दो बजे गोमती गुरुद्वारा साहिब से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की पावन छत्रछाया में संगत ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। कीर्तन की शुरुआत सुबह अरदास के साथ की गई, जिसके बाद नगर कीर्तन नगर के हाइवे से होता हुआ आसाम रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह साहिब पहुंचकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन के दौरान पंच प्यारों के नेतृत्व में सिख संगत ॡवाहेगुरुङ्क के जयकारे लगाती हुई आगे बढ़ी। मार्ग में रागी जत्थों द्वारा शब्द–कीर्तन किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। नगर कीर्तन में पुरुषों के साथ–साथ महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही। संगत ने पारंपरिक वेशभूषा में अनुशासन के साथ नगर कीर्तन में भाग लिया ।नगर कीर्तन का स्वागत किया गया हैं।

## सम्पादकीय

# नैटफ्लिक्स ने बदल दी स्ट्रीमिंग की दुनिया

इस सप्ताह नैटफ्लिक्स भारत में 10 साल पूरे कर रहा है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर और भारत में मीडिया के मानचित्र के पतन और उसके बाद हुए पुर्ननिर्धारण पर फिर से विचार करने का यह एक उपयुक्त समय है। 1990 के दशक में नैटफ्लिक्स डी.वी.डी. किराए पर देता था। इसने यूट्यूब के 5 साल बाद, 2010 में स्ट्रीमिंग शुरू की। हालांकि, 'हाऊस ऑफ कार्ड्स' के निर्माण ने सब कुछ बदल दिया। पहले दो सीजन के 26 एपिसोड बनाने में 10 करोड़ डॉलर का खर्च आया, जो एक पूरी फिल्म के बजट के बराबर था। एक सीजन के सभी एपिसोड एक साथ रिलीज किए गए और इसकी कीमत 8 से 12 डॉलर प्रति माह थी, जबकि केबल टी.वी. की कीमत 50 डॉलर या उससे अधिक थी। यह मनोरंजन जगत में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव था, जब से एम.पी.3 जैसी कंप्रैशन तकनीकों ने 90 के दशक के उत्तरार्ध में संगीत उद्योग को तबाह कर दिया था। नैटफ्लिक्स ने ऑन-डिमांड, भुगतान-आधारित स्ट्रीमिंग की संभावनाओं को प्रदर्शित किया, जो एक ही समय में लीनियर टैलीविजन, थिएटर रिलीज और समाचार चौनलों को प्रतिस्थापित कर सकती थी और इसने उस क्षमता को साकार भी किया। 39 बिलियन डॉलर के साथ राजस्व और 300 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबरों के मामले में, यह दुनिया की सबसे बड़ी पेड स्ट्रीमिंग सेवा है। ये वे दर्शक थे, जिनके लिए दूसरे भी तरस रहे थे। चाहे बात ज्यादा उत्पाद बेचने की हो (अमेजन की) या लोगों को ज्यादा खोज करने के लिए प्रेरित करने की (गूगल की), कई बड़ी तकनीकी कंपनियों को भौगोलिक क्षेत्रों, तकनीकों और उपकरणों में फैले विशाल दर्शकों की जरूरत थी। इनमें से ज्यादातर, जैसे अमेजन और एप्पल, फॉक्स, डिज्नी, वार्नर जैसी पुरानी मीडिया कंपनियों के साथ, वीडियो स्ट्रीमिंग में हाथ आजमा रहे थे। लेकिन नैटफ्लिक्स के आने के बाद, स्ट्रीमिंग एक गंभीर क्षेत्र बन गया और अमेजन प्राइम वीडियो, एप्पल और कई अन्य कंपनियों ने भी अपनी पकड़ मजबूत कर ली। जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि जिनके पास सबसे ज्यादा संसाधन और प्लेटफॉर्म होंगे, उनकी सौदेबाजी की शक्ति सबसे ज्यादा होगी। टैक्नोलॉजी और मीडिया क्षेत्र की बड़ी कंपनियों का कुल राजस्व 160 अरब डॉलर से लेकर 600 अरब डॉलर तक है। सबसे बड़े पारंपरिक स्टूडियो का राजस्व 30 अरब डॉलर से 80 अरब डॉलर के बीच है। यही कारण है कि 2017 में रूपर्ट मर्डोक ने ट्वंटी-फर्स्ट सैंचुरी फॉक्स की मनोरंजन संपत्तियों, जिनमें स्टार इंडिया भी शामिल थी, को वॉल्ट डिज्नी कंपनी को बेचने का फैसला किया। लगभग उसी समय, जी कंपनी प्रोमोटरों द्वारा उत्पन्न ऋण संकट से जूझ रही थी, उसने अपने हिस्से की बिक्री करने का निर्णय लिया। सोनी-जी का विलय तो नहीं हो पाया लेकिन पी.वी.आर.-इनॉक्स और जियोस्टार (स्टार इंडिया और वायाकॉम 18) जैसे अन्य विलय हो गए। जिस तरह वैश्विक मानचित्र में बदलाव आया, उसी तरह भारतीय मानचित्र में भी बदलाव आया। दस साल पहले किसी आइसलैंडिक शो को ढूंढना, उसका आनंद लेना और फिर और भी देखने की इच्छा रखना कितना संभव था? स्ट्रीमिंग वीडियो या ओ.टी.टी. द्वारा दुनिया भर से पेश की जाने वाली कहानियों का भंडार असाधारण है और नैटफ्लिक्स ने हमें इनसे परिचित कराया, जिसके बाद अन्य चौनल भी जुड़ गए। जिस तरह आप और मैं कोलंबियाई, स्पैनिश, जर्मन, तुर्की या कोरियाई शो और फिल्में खोज रहे हैं, उसी तरह दुनिया भर में लाखों लोग कोहरा, पाताल लोक, मिर्ज़ापुर, फैमिली मैन या दिल्ली क्राइम जैसी भारतीय फिल्मों और शोज को खोज रहे हैं। ये स्थानीय कहानियां हैं, जिन्हें भारतीय कहानीकारों ने भारतीय भाषाओं में सुनाया है। स्ट्रीमिंग के जरिए इन्हें वैश्विक स्तर पर पहुंचाया जा रहा है, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। नैटफ्लिक्स या अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाला हर भारतीय शो 200 देशों में उपलब्ध है।

# केन्द्र से टकराने की सतही राजनीति

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संवैधानिक संकट पैदा कर दिया है। वे केन्द्रीय जांच एजेंसियों से भिड़ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यहां तृणमूल कांग्रेस के रणनीतिकार के आवास व कार्यालय पर छापा मारा। बताया गया कि एक घोटाले की जांच के लिए यह कार्यवाही की गई है, लेकिन जांच व कार्यवाही के समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंच गईं। वे अपने साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी ले गईं। दोनों पक्षों के बीच तीखी बातचीत हुई। आरोप-प्रत्यारोप लगे। प्रवर्तन निदेशालय ने बताया कि यह छापा कोयला तस्करी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने छापे मारने की आड़ में उनके चुनावी रणनीति सम्बन्धी रिकार्ड को जब्त किया। प्रत्याशियों की सूची भी छीन ली गई है। इस आलेख के लिखे जाने तक तृणमूल कांग्रेस के लगभग दो दर्जन सांसद राजधानी दिल्ली में गृह मंत्रालय के बाहर धरना दे रहे हैं।

केन्द्रीय जांच एजेंसी के सामने राज्य पुलिस को खड़ा कर देना गंभीर संवैधानिक संकट पैदा कर सकता है। सबसे खास बात है कि मुख्यमंत्री होने के बावजूद ममता ने घोषणा की कि प्रवर्तन निदेशालय के छापे के जवाब में पश्चिम बंगाल में भाजपा के कार्यालयों पर छापेमारी की जाए तो क्या होगा। वे संविधान की परवाह नहीं करतीं। केन्द्र से टकराव लेना और स्वयं को केन्द्र द्वारा पीड़ित बताना ममता की राजनीति का हिस्सा है। पश्चिम बंगाल में जब तब केन्द्र और राज्य के बीच टकराव की घटनाएं होती ही रहती हैं। जनता ऐसी घटनाओं व ममता से ऊब गई है। तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर हो रही है। उम्र और परिस्थितियां ममता बनर्जी की सरकार बनाने में सक्षम नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत पहले ही बंगाल विधानसभा चुनाव को जीतने की महत्वाकांक्षा प्रकट कर दी थी। इसी क्रम में गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल का तीन दिवसीय दौरा किया था। उन्होंने तृणमूल के कुशासन की ओर जनता का ध्यान खींचा और राजग की शक्ति का गुरु मंत्र भाजपा के नेताओं को दिया। शाह ने कहा कि भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और विदेशी घुसपैठ की राजनीति के स्थान पर विकास, विरासत और गरीब कल्याण की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प बंगाल की जनता में दिखाई पड़ रहा है। ममता बनर्जी साल 2021 का विधानसभा चुनाव जीती भी थीं। भाजपा भी पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनाव लड़ी और नेता विरोधी दल का पद हथियाने में सफल रही। साल 2021 की तुलना में राजनीतिक माहौल बदल चुका है। राजग का विस्तार हो रहा है। विदेशी घुसपैठ को लेकर ममता विपक्ष के आरोपों के घेरे में हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध हुई हिंसा से विश्व आहत है। पश्चिम बंगाल के हिन्दू मतदाता भी बांग्लादेश की घटनाओं से आक्रोश में हैं। पिछले विधानसभा के चुनाव में ममता पर अल्पसंख्यकवादी होने के आरोप लगे थे। अब वे स्वयं को हिन्दू सिद्ध करने के लिए प्रयासरत हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने मंच से ही चंडी पाठ किया था। इस बार की चुनौती बड़ी है। 2021 की तुलना में राष्ट्रवाद का विचार काफी सशक्त हो गया है। ममता द्वारा चुनाव के पहले दुर्गा आंगन और सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर निर्माण की घोषणा के संकेत भी दिए गए हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता और विधायक हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद की नींव रखी। यहां प्रत्येक शुक्रवार को भारी संख्या में लोग आते हैं। एकत्रीकरण बढ़ता जा रहा है। यद्यपि ममता बनर्जी के विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है, तो भी स्थानीय नागरिक काफी डरे सहमे हुए हैं। बाबर भारतीय मुसलमान नहीं था। वह विदेशी हमलावर था। उसी की सहायता और मार्गदर्शन में बाबर के सिपहसालार सैयद मीर बाकी ने 1528 में अयोध्या का श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ध्वस्त कर दिया था। दीर्घकाल तक चले आंदोलन से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण हुआ। दिव्य और भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर बन चुका है। लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। अयोध्या में की गई खुदाई की पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग की रिपोर्ट में 3500 साल ईसापूर्व का वर्णन

**केन्द्रीय जांच एजेंसी के सामने राज्य पुलिस को खड़ा कर देना गंभीर संवैधानिक संकट पैदा कर सकता है। सबसे खास बात है कि मुख्यमंत्री होने के बावजूद ममता ने घोषणा की कि प्रवर्तन निदेशालय के छापे के जवाब में पश्चिम बंगाल में भाजपा के कार्यालयों पर छापेमारी की जाए तो क्या होगा। वे संविधान की परवाह नहीं करतीं। केन्द्र से टकराव लेना और स्वयं को केन्द्र द्वारा पीड़ित बताना ममता की राजनीति का हिस्सा है। पश्चिम बंगाल में जब तब केन्द्र और राज्य के बीच टकराव की घटनाएं होती ही रहती हैं। जनता ऐसी घटनाओं व ममता से ऊब गई है। तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर हो रही है। उम्र और परिस्थितियां ममता बनर्जी की सरकार बनाने में सक्षम नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत पहले ही बंगाल विधानसभा चुनाव को जीतने की महत्वाकांक्षा प्रकट कर दी थी। इसी क्रम में गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल का तीन दिवसीय दौरा किया था। उन्होंने तृणमूल के कुशासन की ओर जनता का ध्यान खींचा और राजग की शक्ति का गुरु मंत्र भाजपा के नेताओं को दिया। शाह ने कहा कि भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और विदेशी घुसपैठ की राजनीति के स्थान पर विकास, विरासत और गरीब कल्याण की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प बंगाल की जनता में दिखाई पड़ रहा है। ममता बनर्जी साल 2021 का विधानसभा चुनाव जीती भी थीं। भाजपा भी पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनाव लड़ी और नेता विरोधी दल का पद हथियाने में सफल रही। साल 2021 की तुलना में राजनीतिक माहौल बदल चुका है। राजग का विस्तार हो रहा है। विदेशी घुसपैठ को लेकर ममता विपक्ष के आरोपों के घेरे में हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध हुई हिंसा से विश्व आहत है। पश्चिम बंगाल के हिन्दू मतदाता भी बांग्लादेश की घटनाओं से आक्रोश में हैं। पिछले विधानसभा के चुनाव में ममता पर अल्पसंख्यकवादी होने के आरोप लगे थे। अब वे स्वयं को हिन्दू सिद्ध करने के लिए प्रयासरत हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने मंच से ही चंडी पाठ किया था। इस बार की चुनौती बड़ी है। 2021 की तुलना में राष्ट्रवाद का विचार काफी सशक्त हो गया है। ममता द्वारा चुनाव के पहले दुर्गा आंगन और सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर निर्माण की घोषणा के संकेत भी दिए गए हैं।**

है। रिपोर्ट के अनुसार ईसापूर्व 3500 वर्ष से 1000 ईसापूर्व तक अयोध्या एक बस्ती है। एएसआई के अनुसार यहां एक दिव्य और भव्य मंदिर पहले से था। रिपोर्ट में 500 ईस्वी तक मंदिर के अस्तित्व के साक्ष्य हैं। मंदिर गिराकर मस्जिद बनाने के पाप को सुधारा जा चुका है। क्या देश बाबर को भूल सकता है? श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन और इसी विचार परिवार के अन्य संगठन भारतीय जनमानस का दिल जीतने में कामयाब हुए हैं। अब स्वयं को हिन्दू बताना लज्जा का विषय नहीं है। ममता बनर्जी बहुत पहले से अल्पसंख्यकवादी हैं। वे और इंडी गठबंधन के अधिकांश नेता स्वयं को हिन्दू सिद्ध करने में जुटे हुए हैं। पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति के संकेत सुस्पष्ट हैं। ममता पश्चिम बंगाल में बहुत कमजोर स्थिति में हैं। अभी चुनाव के लिए कुछ महीने बचे हैं। पश्चिम बंगाल की उथल-पुथल को देश देख रहा है। दरअसल, ममता बनर्जी को जनता के बीच तृणमूल कांग्रेस विरोधी भावनाएं सुस्पष्ट दिखाई दे रही हैं। ममता के मन में विधानसभा चुनाव को लेकर उत्साह है। वे हिन्दू ध्रुवीकरण की रणनीति पर अग्रसर हैं, लेकिन चुनाव में ध्रुवीकरण का लाभ उनको नहीं मिलेगा। ममता बनर्जी की राज्य सरकार के कार्यकाल में सत्ता संरक्षित लूट के मामले लगातार बढ़े हैं। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज व संदेशखाली के महिला उत्पीड़न के मामले सर्वविदित हैं। ममता के राज्य में अल्पसंख्यक तुष्टीकरण नया नहीं है। बेरोजगारी बढ़ी है। लोग गांव छोडकर पलायन कर रहे हैं और विकास का कहीं कोई नाम नहीं है। विपक्षी भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न जारी है। भारतीय संविधान में केन्द्र व राज्यों के बीच विषयों की एक सूची है। इस सूची के अनुसार पुलिस राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आती है और सीबीआई ईडी केन्द्रीय प्राधिकार में होते हैं। दोनों को आमने-सामने खड़ा कर देना संविधान का उल्लंघन है। दोनों परस्पर पूरक हैं लेकिन ममता बनर्जी ने देश के संघीय ढांचे का ध्यान नहीं रखा। ऐसा कई बार हुआ है। वे विकल्प नहीं छोड़तीं और केन्द्रीय सत्ता को दोष दिया करती हैं। संविधान के अनुच्छेद 355 में वाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति से राज्य की संरक्षा करने का संघ का कर्तव्य है। ये भी है कि वाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति की सुरक्षा के साथ प्रत्येक राज्य की सरकार का इस संविधान के अपबंधों के अनुसार चलाया जाना सुनिश्चित करें। लेकिन ममता बनर्जी संविधान की मूल भावना का उल्लंघन कर रही हैं। उन्हें याद कराना पड़ेगा कि मुख्यमंत्री के सम्माननीय पद पर बैठने के समय संविधान पालन की शपथ ली जाती है। वे सम्माननीय मुख्यमंत्री हैं। उन्हें संविधान विरोधी कार्य नहीं करना चाहिए लेकिन उनका एक स्वभाव है। वे बहुधा गुस्से में आ जाती हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी है कि वह तृणमूल कांग्रेस को लोकतांत्रिक तरीके से हराकर दिखाएं। वे चुनौती की भाषा बोलती हैं। लेकिन असल चुनौती आगामी विधानसभा चुनाव हैं। इसमें भाजपा की जीत पक्की है। **-हृदयनारायण दीक्षित**

# मकर संक्रांति और जैन धर्म

**अतिवीर जैन 'पराग'**

जब सूर्य भगवान दक्षिणायन से उत्तरायण में आते हैं , यानी धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते है तो वह दिन मकर सक्रांति कहलाता है। जिस प्रकार हमारी बारह घंटे की रात और बारह घंटे का दिन होता है ,उसी प्रकार देवताओं की छह महीने की रात्रि और छह महीने का दिन मिलाकर एक दिन होता है। छह महीने की रात्रि में सूर्य दक्षिणायन यानी धनु राशि में रहते हैं और जब देवताओं का दिन होता है तो सूर्य उत्तरायण यानि मकर राशि में आ जाते है। इस दिवस को मकर सक्रांति कहा जाता है। यह दिन सूर्य देवता की पूजा के रूप में मनाया जाता है। जैन धर्म की मान्यता के अनुसार मकर संक्रांति के दिन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के पुत्र चक्रवर्ती भरत महाराज ने सूर्य के अंदर स्थित जैन मंदिर के दर्शन अपने महल से किए थे। इसीलिए इसे जैन धर्म में भी यह पर्व मनाया जाता है लेकिन जैन धर्म में मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा नहीं है,क्योंकि इससे हिंसा होने का डर रहता है, और पतंग उड़ाने की प्रवृत्ति को पतंग काटने के कारण हिंसात्मक प्रवृत्ति माना गया है। भारतीय पुराणों के अनुसार मकर सक्रांति के दिन सूर्य अपने पुत्र शनि के घर एक महीने के लिए जाते हैं क्योंकि मकर राशि का स्वामी शनि है। हालांकि ज्योतिष दृष्टि से सूर्य और शनि में तालमेल नहीं होता लेकिन मकर राशि मे प्रवेश के कारण सूर्य खुद अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं। इसलिए इस महीने को पिता और पुत्र के संबंधों को निकटता के रूप में भी देखा जाता है। सूर्य के मकर राशि में आने के प्रभाव से दिन बड़े और रात्रि छोटी होने लगती है द्य प्राणियों में आत्मा की शुद्धि और संकल्प शक्ति बढ़ती है। ज्ञानतंत्र विकसित होते हैं । किसान अपनी फसल काटते हैं और मकर सक्रांति एक चेतना के रूप में परिलक्षित होती है।मौसम में परिवर्तन हो जाता है । इस दिन सूर्य देव की उपासना विशेष रूप से की जाती है। हरिद्वार, काशी, प्रयागराज, गंगासागर आदि सभी तीर्थों पर श्रद्धालु स्नान दान आदि करके पुण्य कमाते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन संक्रांति ने राक्षस किंकरासुर का वध किया था,इसलिए भी मकर संक्रांति पर्व मनाया जाता है। महाभारत की कथा के अनुसार भीष्म पितामह को अपनी इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त था। उन्होंने देह त्याग के लिए मकर सक्रांति के दिन को ही चुना था। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन देह त्याग से मोक्ष प्राप्ति होती है। मकर सक्रांति के दिन ही ऐसा माना जाता है कि गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होकर बंगाल की खाड़ी के सागर में जा मिली थी। यहां पर राजा सगर के साठ हजार पुत्रों की राख का तर्पण किया गया था । बंगाल में इस स्थान को गंगासागर कहते हैं । जहां पर आज भी मकर सक्रांति के दिन बहुत बड़ा मेला लगता है। यहां मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालु डुबकी लगाते हैं। मकर संक्रांति के दिन को अंधकार के नाशक और प्रकाश के आगमन के दिवस के रूप में भी देखा जाता है द्य इस दिन पुण्य , दान ,धार्मिक अनुष्ठानों का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। गुड़ , चावल, तिल ,खिचड़ी का दान विशेष रूप से किया जाता है। मकर संक्रांति का त्यौहार पूरे देश में मनाया जाता है । इस दिन लोग खूब पतंग उड़ाते हैं पूरा आसमान पतंगों से ढक जाता है । पूरे दिन वो काटा वो काटा की आवाज सुनाई देती रहती हैं । अलग अलग राज्य में अलग अलग नाम से इसको लोग जानते हैं । उत्तर प्रदेश और पश्चिम बिहार में इसे खिचड़ी का पर्व कहते हैं। तमिलनाडु में इसे पोंगल के नाम से जाना जाता है। बुंदेलखंड (मध्यप्रदेश) में मकर सक्रांति को सकरात नाम से जानते हैं। पंजाब में लोहड़ी के नाम से मनाया जाता है । कश्मीर में शिशिर संक्रांत नाम से जाना जाता है । नेपाल में संक्रांति कहते है। थाइलैंड में इसे सोंगकर्ण नाम से मनाते हैं। श्रीलंका में उलावर नाम से लोग जानते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि मकर संक्रांति का पर्व देश ही नहीं विदेशों में भी बड़ी धूमधाम से अलग अलग नामों से मनाया जाता है । श्रद्धालु इस दिन दान दक्षिणा देकर पुण्य कमाते हैं,नदियों में स्नान करते हैं । मकर संक्रांति हमारे हिन्दुत्व , सनातन धर्म ,ध्यान ,अध्यात्म का वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक पर्व है ।

## सेहत मंत्र

# जिम से पहले पियें हेल्थ ड्रिक्स, मिलेगी दोगुनी एनर्जी

आज के समय में लोगों के बीच जिम जाने और बॉडी बनाने का क्रेज काफी अधिक बढ़ गया है। बहुत से लोग जिम जाते हैं, लेकिन ऐसे कुछ ही लोग हैं, जो जिम में बेहतरीन तरीके से वर्कआउट कर पाते हैं। दरअसल, जिम में वर्कआउट करने के लिए एनर्जी और स्ट्रेन्थ का होना बेहद जरूरी है। लोग इस ओर ध्यान नहीं देते और फिर जब वह जिम में वर्कआउट करते हैं तो वह खुद को थका हुआ महसूस करते हैं और उन्हें मनचाहा रिजल्ट नहीं मिलता। ऐसे में आप अपने प्री?वर्कआउट पर भी ध्यान दें। अगर आप जिम आने से पहले यह हेल्थ ड्रिक्स पीते हैं तो इससे आपके भीतर एनर्जी आएगी और काफी अच्छी तरह से वर्कआउट कर पाएंगे। चुकंदर ड्रिंकः इसे बनाने के लिए आप एक चुकंदर को छीलकर व काटकर ब्लेंड करें। अब इसमें थोड़ा नींबू का रस और एक चुटकी पिंक हिमालयन सॉल्ट मिलाएं और पीएं। चुकंदर में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। चुकंदर के रस में पाया जाने वाला नाइट्रेट आपकी एक्सरसाइज परफार्मेंस को बेहतर बनाता है। यह चुकंदर ड्रिंक आपके शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे आप बेहतर तरीके से एक्सरसाइज कर पाते हैं। केला स्मूदीः केला पोटेशियम का अच्छा स्त्रोत है, जो थकान को दूर करके शरीर में ऊर्जा पैदा करता है। आप वर्कआउट से पहले बनाना स्मूदी बनाकर भी अपनी बॉडी को चार्ज कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए आप दो केले, दो कप पालक और एक कप सेब के जूस को ब्लेंडर में डालकर अच्छी तरह ब्लेंड करें। आपकी स्मूदी बनकर तैयार है। वर्कआउट से पहले इसे पीएं। कॉफीः जी हां, वर्कआउट से पहले कॉफी पीना भी अच्छा आईडिया हो सकता है। इसके लिए आप एक कप गर्म पानी में इस्टेंट कॉफी मिलाकर पीएं। कॉफी में पाया जाने वाला कैफीन एक एनर्ज़ाइजर की तरह काम करता है। सीमित मात्रा में लेने पर कैफीन हानिकारक नहीं है। एक अध्ययन से पता चला है कि सीमित मात्रा में चाय या कॉफी पीने से शारीरिक गतिविधि और ऊर्ज़ा के स्तर में सुधार होता है और थकान कम होती है। वैसे आप चाहें तो कॉफी के स्थान पर ग्रीन टी भी पी सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# सालासर बालाजी में देश का पहला मंदिर जहां हनुमान जी दाढ़ी मूंछ से प्रसिद्ध

भारत में श्रीराम भक्त हनुमान जी के कई चमत्कारी मंदिर हैं। जहां हनुमानजी विभिन्न रूप में विराजित हैं। लेकिन राजस्थान के चुरू जिले के सीकर नगर के समीप सालासर बालाजी का काफी प्रसिद्ध और चमत्कारी मंदिर हैं। यहां हनुमानजी बालाजी के रूप में विराजित हैं जो देश भर में दाढ़ी मूंछ वाले हनुमानजी के नाम से प्रसिद्ध हैं। यह देश का सम्भवतः पहला ऐसा मंदिर हैं। जहां हनुमानजी दाढ़ी मूंछ में विराजित हैं। इस मंदिर को लेकर कई मान्यता हैं। यहाँ आने वाले भक्तों का मनाना है कि सालासर बालाजी उनकी हर मुराद पूरी करते हैं। यहां से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटाता है। सालासर बालाजी धाम को लेकर काफी कथाएं प्रचलित हैं। बताया जाता हैं कि हनुमानजी के एक भक्त मोहनदास ने काफी भक्ति और तपस्या की थी। जिससे प्रसन्न होकर हनुमानजी ने मोहनदास को दाढ़ी मूंछ में दर्शन दिए थे। मोहनदास जी ने बालाजी से इसी रूप में प्रकट होने का वचन मांगा था। जिससे वचन को पूरा करते हुए सालासर बालाजी एक जाट के खेत में प्रकट हुए। जब जाट खेत हल चला रहा था तब उसका हल एक पत्थर से टकराया और उसने पत्थर को साफ करके देखा तो उसमें बालाजी नजर आए। जिसके बाद सालासर में बालाजी यह प्रतिमा स्थापित करने का बालाजी ने सपना दिया। इस तरह सालासर बालाजी धाम से जुडी कई कथाएं प्रचलित हैं।

## पर्यटन



# लद्दाख की रोड ट्रिप को करना है एन्जॉय तो छोटी-छोटी बातों पर दें ध्यान

जहां लद्दाख देश की खूबसूरत जगहों में से एक है, वहीं लद्दाख की रोड ट्रिप को बेहद एडवेंचर्स रोड ट्रिप में से एक माना जाता है। अगर आप लद्दाख के रोड ट्रिप पर जाते हैं तो यकीनन यह आपके जीवन के बेहद यादगार पलों में से एक होगा। आप इस रोड ट्रिप को काफी एन्जॉय कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना होगा। बेहतरीन ड्राइविंग- अगर आप लद्दाख की रोड ट्रिप पर जाने का प्लान कर रहे हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपको काफी अच्छी तरह से ड्राइविंग करनी आती हो। लद्दाख की रोड ट्रिप के दौरान जैसे ही आप जम्मू और कश्मीर राज्य में प्रवेश करते हैं तो सड़कें खराब होने लगती हैं। यह इलाक़ा बहुत खूबसूरत है लेकिन काफी दुर्गम भी है। लद्दाख में और उसके आसपास की सड़कों पर ड्राइविंग करते समय आपको खास ध्यान रखना चाहिए। याद रखें कि आत्मविश्वास अच्छा है, लेकिन अति आत्मविश्वास आपके लिए खतरनाक हो सकता है। कर लें रिसर्च-अगर आप चाहते हैं कि लद्दाख की रोड ट्रिप के दौरान आपको किसी तरह की परेशानी ना हो तो ट्रिप पर जाने से पहले अच्छी तरह से रिसर्च कर लें। इससे आपको पहले से ही ट्रैवल के दौरान वहां के रास्तों, खाने-पीने व ठहरने की जगहों के बारे में पता होगा। लद्दाख में रोड ट्रिप के दौरान आपको फोन के नेटवर्क व इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए पहले से ही की गई रिसर्च के कारण आपको बाद में कोई परेशानी नहीं होगी। जरूरी तैयारी- लद्दाख की रोड ट्रिप पर निकलने से पहले कुछ तैयारियां करनी बेहद जरूरी है। जैसे पहले आप अपनी बाइक की कंडीशन व अपना हेल्थ चेकअप भी करवा लें। इसके अलावा अपने बैग में कुछ जरूरी चीजें जैसे कपड़े, जैकेट, ग्लव्स, हेलमेट, नी गार्ड, रेन कवर, रेन क्लोद्ज, एक्स्ट्रा जूते, टॉयलेट पेपर, हैंड सेनेटाइजर, जरूरी दवाइयां आदि जरूर कैरी करें। आपको अपनी रोड ट्रिप के दौरान इन चीजों की जरूरत पड़ेगी।

# युवा दिवस पर वे विविध आयोजन, स्वामी जी के आदर्श का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता






बाराबंकी। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर, कृतज्ञ जनमानस द्वारा उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया गया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। युवा दिवस पर आज पूरे जनपद में अनेकानेक आयोजन हुए। ''निंदूरा'' राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवा ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। यदि युवा ईमानदारी, अनुशासन और लगन से शिक्षा ग्रहण करें, तो देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर प्रवक्ता कुमार नंदन प्रधान, नीलेश कुमार सिंह, अंकित वर्मा, ज्योति वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

''रामनगर'' यूनियन इंटर कॉलेज के मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ।श्रीहनुमानगढ़ी से पधारे महंत राजू दास मुख्य वक्ता रहे।

''जैदपुर'' अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर इकाई द्वारा एक मोटरसाइकिल विचार रैली यात्रा का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य सलामुद्दीन लकी शामिल हुए!

यात्रा नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थान अली अकबर कटरा पानी टंकी बड़ी बाजार छोटी बाजार बाध चौराहा छोटा इमामबाड़ा से होकर थाना चौराहा पर पहुंची।थाना चौराहा पर व्यापारी नेता अर्जुन कश्यप द्वारा फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। दिलोना मोड़ पर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में हजारों कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। फतेहपुर प्रतिनिधि ने बताया कि सदर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में कुर्सी विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होने के लिए रवाना हुए। मंडल मंत्री सरोज वर्मा के नेतृत्व में यह जत्था पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ कार्यक्रम स्थल के लिए निकला।

इस अवसर पर मदनपुर, झांसा, बनियानी, मिर्दहनपुरवा, गुरसेल सहित दर्जनों गांवों से आए सैकड़ों कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं में प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

मंडलमंत्री ने कहाकि पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

उनके नेतृत्व में पार्टी आगामी चुनावों में और मजबूती के साथ जनता के बीच पहुंचेगी। उन्होंने कहाकि क्षेत्र के कार्यकर्ता संगठन की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने हेतु निरंतर सक्रिय रहेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं की सराहना करते हुए कहाकि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर काम कर रही है। क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह और राजनीतिक हलचल देखने को मिली।

## अपना दल नेता मंत्री का फतेहपुर में भव्य स्वागत



फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपनादल(एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-प्रदेश कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का बड्डूपुर चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीषपटेल सीतापुर के महमूदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।इस दौरान कैबिनेटमंत्री ने स्वतंत्रतासंग्राम सेनानी स्व0 अवध शरण वर्मा लल्ला जी की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार पटेल, जिलाध्यक्ष विनय प्रकाश वर्मा, प्रदेश सचिव नीरज पटेल,अनूप वर्मा, राहुल विश्वकर्मा, शिवकुमार वर्मा,अनुज कुमार रावत, अखिलेश कुमार वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, सुभाष चन्द्र वर्मा नरेंद्र कुमार हिंदुस्तानी,आदि सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नरेंद्र एक विचार शोभायात्रा, राष्ट्रीय युवा दिवस

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के साथ पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एस पी शाक्य,कृष्ण चंद्र, संतोष श्रीवास्तव,विद्यालय प्रबंधक लाल बहादुर वर्मा एवं प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा के साथ पुरातन छात्र श्रीयंक यादव विभु पाठक एवं अन्य भैया बहन भारी संख्या में उपस्थित रहे। विवेकानंद जी के जीवनचरित्र से प्रेरणाप्रदान करतेहुए मुख्यअतिथि ने भैया बहनों को सशक्त समर्थ व संस्था के प्रति सहयोग की भावना का संदर्भ लिया। प्रधानाचार्य द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर को भैया बहनों के मनमंदिर में बसने वाली संस्था की नन्ही बहन आराध्या द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालक पूर्व छात्रभैया प्रखर शर्मा द्वारा किया गया।कस्बे में स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 'नरेंद्र एक विचार शोभायात्रा' का आयोजन किया।

यात्रा कस्बे के प्रमुखमार्गों से होकर गुजरी। प्रतिभागी हाथों में भगवा ध्वज लिए हुएऔर स्वामीविवेकानंद के विचारों से ओत-प्रोत नारे लगा रहे थे।यात्रा के आगे चल रहे बैनर पर स्वामीजी का चित्र जिस पर युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का संदेश लिखा था।यात्रा का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र, चरित्र निर्माण और आत्मबल के महत्व से जोड़ना बताया। जिसके जरिए युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन औरराष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का प्रयास किया गया। शामिल वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी जी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। युवाओं से आह्वानकिया कि वे शिक्षा, संस्कार और सेवा मार्ग पर चलकर समाज और देश को नईदिशा प्रदान करे, जिससे कस्बे में अनुशासन और उत्साह का माहौल बना रहा।अंत में पूर्व छात्र प्रमुख अनिलकुमार ने अतिथियों पूर्व छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

## रजबहा में शव बरामद

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली जैदपुर में चौकी अहमदपुर के गांव जवाहर पुरवा रोड के निकट रजबहा में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान रमेश गुप्ता उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र राम सेवक ग्राम उद्धौली,थाना सफदर गंज जनपद बाराबंकी के रूप में हुई।पुलिस ने मृतक रमेश गुप्ता का शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा।

## केजीएमयू के विरुद्ध साजिश, भाकपा का ज्ञापन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ख़िलाफ़ अराजक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे आपत्तिजनक टिप्पणियों के ख़िलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को ख़राब करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर तरह तरह की फ़र्ज़ी बाते प्रसारित कर रहे हैं और पता नहीं किस षड्यंत्र के तहत विश्व विद्यालय में अपना राजनैतिक एजेंडा चला रहे हैं। जबकि विशाखा समिति ने लगाये गए आरोपों की पुष्टि नहीं की है। ऐसी दशा में आपके हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उन्होंने ज्ञापन में आगे कहा है कि क़ानून व्यवस्था समाप्त है। लोग कुलपति के चैम्बर में आकर अराजक व विधि विरोधी हरकते कर रहे हैं। जबकि सरकार मौन है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि प्रतिष्ठित संस्थानों की गरिमा गिराने का कार्य हो रहा है जो शर्मनाक है इतिहास माफ नही करेगा।

## शांति सुरक्षा कानून व्यवस्था प्राथमिकता बोले प्रभारी अमित

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कोतवाली में नवागंतुक कोतवाल अमित कुमार सिंह ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने थाना परिसर में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और पुलिसकर्मियों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध की स्थिति और जनसमस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। फिर कोतवाल ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने अपराध और अपराधियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने की बात कहीऔर किसी प्रकारकी अवैधगतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उनकेकार्यभार संभालने के बाद लोगों में कानून-व्यवस्था को लेकर सकारात्मक उम्मीद जगी है।

## शेरपुर कला गन्ने से लदी ओवरलोडिंग ट्रॉली ने मचाई अफरा-तफरी, बिजली का खंभा हिला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गन्ना पेराई सीजन शुरू होते ही ओवरलोडिंग का खतरा बढ़ गया है। शेरपुर कलाऽधनाराघाट रोड पर गन्ने से लदी एक भारी ट्रॉली ने सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से खंभा हिल गया और बिजली के तार टूटकर सड़क पर लटक गए, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। संयोगवश बाइक सवार और राहगीर बाल-बाल बच गए। सोमवार दोपहर एक बजे ग्रामीणों का कहना है कि तार नीचे गिरते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुटे और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर रोजाना ओवरलोड ट्रक व ट्रॉलियां गुजरती हैं, जिससे जाम और हादसों का खतरा बना रहता है। आरोप है कि परिवहन विभाग की अनदेखी से नियमों का पालन नहीं हो रहा। ग्रामीणों ने नियमित चेकिंग, भारी जुर्माना और वाहन सीज करने की मांग की है।

## मंत्री आशीष का कुर्सी विधानसभा में भव्य स्वागत

निंदूरा बाराबंकी। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल का लखनऊ से महमूदाबाद जाते समय बाराबंकी के कुर्सी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़डुपुर में भव्य स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम अपना दल (एस) के प्रदेश सचिव डॉ. नीरज पटेल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। मंत्री के आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय अवध शरण वर्मा लल्ला की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर डॉ. नीरज पटेल ने कहा कि मंत्री आशीष पटेल के नेतृत्व में प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। इस दौरान जिला अध्यक्ष विनय प्रकाश वर्मा, सुरेंद्र सिंह, आशीष वर्मा, शिव कुमार वर्मा, वितिन कुमार, आदर्श वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# भाजपा प्रदेश मुखिया का बाराबंकी में अभूतपूर्व स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट /जैदपुर बाराबंकी। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का सोमवार को लखनऊ से अयोध्या जाते समय रामसनेहीघाट क्षेत्र में अभूतपूर्वक स्वागत हुआ।भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का हुजूम उमड़ा।बुलडोजर पर सवार कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में पुष्प वर्षा करते रहे।सफदरगंज में लखनऊ अयोध्या हाईवे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का बुलडोजर और पुष्प वर्षा के साथ भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत इस दौरान राष्ट्रवादी जयघोष गूंजते रहे।दिलोना मोड़ पर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में हजारों कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश व प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।लेकिन कुछ लोग भ्रम फैलाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में सतीश शर्मा की संगठनात्मक क्षमता और क्षेत्र में मजबूत पकड़ की

### सतीश शर्मा के नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब

सराहना करते हुए उन्हें प्रदेश व देश में भाजपा का मजबूत स्तंभ बताया।उन्होंने कहा कि श्री शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।स्वागत के दौरान अहमदपुर टोल प्लाजा से लेकर भिटरिया चौराहे और ताला मोड़ तक जगह-जगह पुष्पवर्षा व नारों से वातावरण गूंज उठा।

इस मौके पर पूर्व सांसद लालू सिंह, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,भाजपा नेता जवाहरलाल वर्मा, बनीकोडर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रामीण श्रमिकों के हित में मजबूत रोजगार गारंटी : गुलाब देवी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी-राम-जी) के संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा एवं जनपद प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने संबोधित किया। प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि एनडीए सरकार ने ग्रामीण श्रमिकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए रोजगार की गारंटी को पहले से अधिक सशक्त, पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि गांव का अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े और उसे सम्मानजनक रोजगार तथा स्थायी आजीविका प्राप्त हो। इसी उद्देश्य से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 लागू किया गया है, जो रोजगार की गारंटी को अधिकार का रूप देते हुए ग्रामीण श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा और आत्मसम्मान प्रदान करता है। यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि नया अधिनियम ग्रामीण श्रमिकों को सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व प्रदान करता है। इसमें स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि यदि किसी श्रमिक को समय पर कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो उसे बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा, जिससे कोई भी श्रमिक असुरक्षित न रहे। प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि ग्रामीण रोजगार को नई दिशा और नई परिभाषा देने के उद्देश्य से वीबी-जी-राम-जी अधिनियम, 2025 को लागू किया गया है। यह अधिनियम गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे बताया इस अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीण श्रमिक को प्रतिवर्ष 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी।

# द वॉयस ऑफ़ अवध प्रतियोगिता का दूसरा आडिशन सम्पन्न



सुलतानपुर। द वॉयस ऑफ अवध इस क्षेत्र में लोक गायन की छिपी प्रतिभाओं को पहचानने का महत्वपूर्ण अवसर है। अवधी और भोजपुरी गीतों पर केंद्रित इस आयोजन में हम गांव की मिट्टी की महक महसूस कर सकते हैं। यह बातें राणा प्रताप पीजी कालेज के प्रबंधक एडवोकेट बालचंद्र सिंह ने कही। सत्यधाम आश्रम और राणा प्रताप पीजी कॉलेज के तत्वावधान में क्षत्रिय भवन में आयोजित अवधी और भोजपुरी लोकगीतों की प्रतियोगिता द वायस आफ अवध को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के आयोजक सत्यधाम आश्रम के गद्दीधीश आचार्य, सत्यसमदर्शी देवेंद्र कविराजदेव महाराज ने बताया कि प्रतियोगिता में अवध क्षेत्र के 18 जनपदों के कुल 73 बच्चों ने भाग लिया जिसमें से 30 प्रतिभागी चयनित हुए। इसके लिए दोनों राउंड मिलाकर कुल साठ प्रतिभाओं का चयन किया गया है। इनकी सूची जल्द ही सार्वजनिक की जायेगी । अंतिम रूप से टॉप 12 ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित होंगे जिसमें से तीन प्रतिभागियों प्रथम, द्वितीय और तृतीय को आकर्षक पुरस्कार देकर ल्लद वायस आफ अवधङ्क के खिताब से नवाजा जाएगा। विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि लोकगीत पीढ़ियों से चली आ रही एक मौखिक विरासत है जिसे गांव से जुड़ी महिलाएं सहेजती रही हैं। आज जब लोक परम्परायें संकट में हैं इन्हें सुरक्षित और संरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है । महाविद्यालय आई क्यू ए सी निदेशक प्रोफ़ेसर इन्द्रमणि कुमार ने कहा कि अच्छी गायकी के लिए अच्छा स्वर, सधा सुर, संगीत की समझ, सातत्य, समर्पण, साधना और संवेदनशीलता का सामंजस्य जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी व संचालन कवि लोकेश श्रीवास्तव ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक भोजपुरी के चर्चित गायक नंदन, चंदन और अमित यादव दीपू ने अपने गीतों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए निष्पक्ष निर्णय दिया। इससे पूर्व अतिथियों ने सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर निर्देशक

## आयुक्त अयोध्या मंडल के दौरे को लेकर प्रशासन सतर्क

सुल्तानपुर। अयोध्या मंडल के आयुक्त महोदय के जनपद भ्रमण को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य विकास अधिकारी, सुल्तानपुर द्वारा विस्तृत निरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। यह दौरा आज 13 जनवरी 2026 को प्रस्तावित है, जिसमें विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं एवं संस्थानों का निरीक्षण किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार आयुक्त सबसे पहले ग्राम चौपाल एवं पंचायत भण्डरा, विकास खंड कूरेभार में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद करेंगे। इसके उपरांत प्राथमिक विद्यालय भण्डरा पर मध्यान्ह भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत राजकीय बालिका आश्रय गृह, पलाही व दूध का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद विकास खंड कूरेभार के ग्राम सिसवार में अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण प्रस्तावित है। दौरे के अंतिम चरण में नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट में माननीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक तथा कानून एवं राजस्व व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे समय से उपस्थित होकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें।

# राज्यस्तरीय टीम ने किया सीएचसी का निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामसनेहीघाट का स्टेट की टीम अरुणा सिंह और डॉ.एन. कमाल एसीएमओ ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी रूम,रजिस्ट्रेशन रूम, ओटी रूम, लेबर रूम, ईटीसी वार्ड, पैथोलॉजी, एन बी सयू रूम का निरीक्षण किया और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ.रमेश चंद्र और नोडल अधिकारी डॉ रईस खान ,डॉ सरोज, डॉ स्वाती, डॉ नगमा, चिफफार्मासिस्ट बृजेश कुमार श्रीश्वास्तव, गरिमा मिश्रा, नवीन जी मिश्रा, मोहम्मद आरिज़, हर्ष तिवारी, राहुल प्रजापति, शालिनी चौधरी, शशिबाला, आशा यादव, इजरायल, रामराज आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पंजाब से लाई रही जा रही थी अवैध शराब, चार आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

बदायूँ। थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा टाटा पिकअप लोडर वाहन फर्जी नम्बर प्लेट में 25 कार्टन 100 पेटी अवैध शराब व एक थार गाड़ी समेत चार शराब तस्कर को थाना इस्लामनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन इस्लामनगर पुलिस नें बड़ी सफलता हासिल की है। वहीं रविवार की शाम मुखबिर की सूचना पर गंगा एक्सप्रेस-वे हाईवे क्रासिंग अण्डरपास चन्दौसी रोड पर बैरियर लगाकर सघन चैकिंग के दौरान एक सफ़ेद रंग की टाटा पिकअप व एक थार गाड़ी काले रंग को रूकवाया गया तो थार गाड़ी बैरियर में टक्कर मारते हुए तेजी से इस्लामनगर की ओर भाग गयी वहीं पिकअप गाड़ी में बैठे सुमित वर्मा, गुड्डू, पारुल, मनीश को 25 कार्टन 100 पेटी अवैध शराब जिसमें 4800 पव्वा सभी कार्टन पर हिमालय ड्रग कम्पनी का लेवल लगा है समेत मौके से इस्लामनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन को सीज किया गया एवं थार गाड़ी को लावारिस हालत में बिसौली से बरामद किया गया।

# वाद-विवाद और असहमति स्वस्थ लोकतंत्र का हिस्सा : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि वाद-विवाद, चर्चा, असहमति और यहां तक ??कि टकराव भी स्वस्थ लोकतंत्र के आवश्यक तत्व हैं, लेकिन ऐसी प्रक्रियाओं का अंततः एक निष्कर्ष पर पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निर्णय हो जाने के बाद उसके कार्यान्वयन में सहयोग करने की सामूहिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए।



यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने स्नातक की उपाधि हासिल करने वाले छात्रों से अपने ज्ञान और कौशल को राष्ट्र सेवा में समर्पित करने का आग्रह किया। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनके उपदेशों को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा को डिग्री से आगे बढ़कर चरित्र निर्माण, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि और व्यक्तियों के सशक्तीकरण पर जोर देना चाहिए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि केवल शिक्षा और उचित प्रशिक्षण ही भारत के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में सक्षम बनाएगा। भारत में ज्ञान की सभ्यतागत परंपरा को रेखांकित करते हुए राधाकृष्णन ने नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन शिक्षा केंद्रों का उल्लेख किया और कहा कि उपनिषदों और भगवद्गीता से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र और तिरुवल्लुवर के तिरुक्कुरल तक, भारतीय धर्मग्रंथों और शास्त्रों ने निरंतर शिक्षा को सामाजिक और नैतिक जीवन के केंद्र में रखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची शिक्षा आचरण और चरित्र का निर्माण करती है, और यह केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। जेएनयू के लोकतांत्रिक लोकाचार का उल्लेख करते हुए उपाराष्ट्रपति ने कहा कि वाद-विवाद, चर्चा, असहमति और यहां तक कि टकराव भी एक स्वस्थ लोकतंत्र के आवश्यक तत्व हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसी प्रक्रियाओं का अंततः एक निष्कर्ष पर पहुंचना आवश्यक है। उपराष्ट्रपति ने स्नातकों से तीन प्रमुख जिम्मेदारियों का पालन करने का आग्रह किया - सत्य की तलाश में बौद्धिक ईमानदारी, असमानताओं को कम करने के लिए सामाजिक समावेश और राष्ट्रीय विकास में सक्रिय योगदान। उन्होंने उनसे संवैधानिक मूल्यों और भारत की सभ्यतागत नैतिकता से निर्देशित होने और हमेशा अपने माता-पिता और शिक्षकों का

# भाजपा जनविरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक: खरगे

एजेंसी

बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के फंड में कटौती और इसे कमजोर करने का प्रयास उसकी जनविरोधी मानसिकता और गरीबों के बजाय कॉर्पोरेट हितों को अधिक प्राथमिकता देना दर्शाते हैं।

श्री खरगे ने यहां मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मनरेगा एक अधिकार-आधारित कानून था। इसे ग्रामीण गरीबों को रोजगार और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया था। उन्होंने याद दिलाया कि यह कानून पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के दौरान लाने का उद्देश्य गरीबों के लिए काम का अधिकार और उनकी आजीविका सुनिश्चत करना था।

श्री खरगे ने आरोप लगाया कि केंद्र अब इस योजना की जड़ पर ही हमले की कोशिश कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि पंचायत स्तर पर किये जा रहे कार्यों को बाधित करने और जमीनी स्तर पर इसे कमजोर करने के लिए सरकार नीति में बदलाव कर रही है।

श्री खरगे ने कहा कि 60:40 फंडिंग फॉर्मूला लागू कर केंद्र राज्यों पर 30 प्रतिशत का अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल रहा है। असल में वह अपनी जिम्मेदारी कम कर रहा है और राज्यों पर डाल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'उसका इरादा गरीबों को मिलने वाली मदद रोकना है' और कल्याणकारी योजनाओं को धीरे-धीरे खत्म करने की सोची-समझी कोशिश की जा रही है। श्री खरगे ने कहा, ''वे एक-एक कर सभी ऐसी योजनाओं को हटाना चाहते हैं। वे खुलेआम कहते हैं कि गरीबों के लिए लाभ रोका जाना चाहिए और जो कारण देते हैं, वे तर्कसंगत नहीं है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधते हुए कंग्रेस प्रमुख ने कहा, ''यदि वे मनरेगा का विरोध करते हैं, तो इसका मतलब है कि वे जनविरोधी हैं। गरीबों की मदद करने के बजाय श्री मोदी कॉर्पोरेट घरानों की मदद की ओर बढ़ रहे हैं। श्री खरगे ने मनरेगा की आलोचना और योजना को खत्म करने की मांगों पर जवाब देते हुए कहा कि इसे कमजोर करने के बहाने के तौर पर लेखा जांच एजेंसियों को पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना में छिपाने जैसा कुछ नहीं है और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने अपनी रिपोर्ट में माना है कि मनरेगा के जरिये स्थायी संपत्तियों का निर्माण हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आधिकारिक नतीजों से यह दावा साबित नहीं होता कि यह योजना बेकार है, ''जो लोग मनरेगा की आलोचना करते हैं और कहते हैं कि इसे समाप्त कर दिया जाना चाहिए, उनके पास लेखा जांच एजेंसियां हैं। उन्हें लेखा जांच करने दें। श्री खरगे ने आगे कहा कि कंाग्रेस इसके फंड में किसी भी कटौती या योजना को कमजोर करने की कड़ी निंदा करती है।

## बजट 2026-27 में होगी निवेश सुस्ती, बढ़ती असमानता जैसी बड़ी चुनौती : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि देश में निवेश की सुस्ती, घरेलू बचत में गिरावट और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी गंभीर समस्याएं हैं जिनसे निपटने के उपाय कर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की 2026-27 के बजट में बड़ी चुनातियाँ होंगी।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान ने कहा कि संसद के बजट सत्र का कार्यक्रम घोषित हो चुका है और 2026-27 का बजट करीब बीस दिन बाद पेश किया जाना है। यह बजट 16वें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों को भी प्रतिबिंबित करेगा, जिसकी रिपोर्ट गत 17 नवंबर को सौंपी गई थी। ये सिफ़ारिशें 2026-27 से 2031-32 की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व के बंटवारे तथा राज्यों के आपसी हिस्से से जुड़ी हैं। उन्होने कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और निवेश की सुस्ती, घरेलू बचत में गिरावट और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी बड़ी चुनौतियाँ सामने हैं और यदि इन मूलभूत समस्याओं से ठोस तरीके से नहीं निपटा गया, तो उच्च जीडीपी वृद्धि और बड़े स्तर पर रोजगार सृजन कठिन हो जाएगा। कांग्रेस ने मनरेगा से जुड़े नए कानून में 60: 40 के फार्मूले पर भी चिंता जताई और कहा कि इससे पहले ही दबाव में चल रही राज्य सरकारों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। उनका कहना था किअर्थव्यवस्था के सामने तीन बड़ी चुनौतियां स्पष्ट हैं जिनमें पहली टैक्स में कटौती और बेहतर मुनाफ़े के बावजूद निजी कॉरपोरेट निवेश की रफ्तार सुस्त बनी हुई है। दूसरी, घरेलू बचत दरों में उल्लेखनीय गिरावट से निवेश क्षमता सीमित हो रही है। तीसरी, आय, संपत्ति और उपभोग से जुड़ी असमानताएं लगातार गहराती जा रही हैं।

## राष्ट्र निर्माण विषयों पर पुस्तकें लिख रहे युवा : प्रधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि युवा लेखक राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक भारत के निर्माताओं जैसे विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं।

श्री प्रधान ने आज यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में पीएम-युवा 3.0 (प्रधानमंत्री युवा लेखक मार्गदर्शन योजना) के तहत चयनित 43 युवा लेखकों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर श्री प्रधान ने युवा लेखकों को उनका चयन किए जाने पर बधाई दी और उन्हें सार्थक पुस्तकें लिखने के लिए मेंटरशिप अवधि का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जो देश के युवाओं को पढ़ने, लिखने और ज्ञान के साथ गहराई से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने शोध सामग्री तक पहुंच के महत्व पर जोर दिया और निर्देश दिया कि राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट (एनबीटी) के माध्यम से भौतिक और डिजिटल दोनों संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लेखकों को 'एक राष्ट्र, एक सदस्यता' (ओएनओएस) पहल के तहत संसाधनों तक पहुंच प्रदान की जानी चाहिए। उनके अकादमिक और शोध संबंधी सहयोग को पुख्ता करने के लिए, उन्होंने सुझाव दिया कि चयनित लेखकों को अपने-अपने क्षेत्रों के केंद्रीय विश्वविद्यालयों से संबद्ध किया जाए ताकि वे अपनी किताबों को तैयार कर सकें। श्री प्रधान ने कहा कि पीएम-युवा 3.0 के तहत चयनित उभरते लेखकों से मिलकर उन्हें बेहद खुशी हुई और उन्होंने पाया कि उपस्थित लेखकों की विविधता देश की विविधता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि ये युवा लेखक राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक भारत के निर्माताओं जैसे विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संवाद में संस्कृति, प्रौद्योगिकी, ज्ञान प्राप्ति के प्रयास और राष्ट्रीय दृष्टिकोण पर व्यापक चर्चा हुई और युवा लेखकों की ऊर्जा, आत्मविश्वास और आकांक्षाओं ने विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को और भी मजबूत किया।

पीएम-युवा 3.0 योजना का उद्देश्य युवा लेखकों को तैयार करना और देश की बौद्धिक और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हुए पढ़ने, लिखने और ज्ञान सृजन की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

## ग्रीनलैंड को 'किसी भी तरह से' हासिल करेंगे: ट्रंप

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक बार फिर दावा किया कि अमेरिका डेनमार्क के अधीन ग्रीनलैंड को ''किसी न किसी तरीके से'' हासिल करके ही रहेगा।

श्री ट्रंप ने अपने आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि ग्रीनलैंड के संबंध में वह लीज़ या अल्पकालिक व्यवस्था पर विचार नहीं कर रहे हैं, बल्कि इस क्षेत्र को ''अधिग्रहित'' करने की बात कर रहे हैं। श्री ट्रंप ने कहा, '' हम लीज़ या किसी अल्पकालिक व्यवस्था के बजाय अधिग्रहण की बात कर रहे हैं । हम इसे हासिल करने की बात कर रहे हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि केवल द्वीप पर सैन्य अड्डे बनाए रखना पर्याप्त नहीं है। श्री ट्रंप ने कहा, ''मैं उनके साथ एक समझौता करना चाहूंगा। यह आसान है, लेकिन एक तरह या दूसरी तरह से हमारे पास ग्रीनलैंड होगा।'' यह पूछे जाने पर कि क्या ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका की मांग नाटो और यूरोपीय सहयोगियों को नुकसान पहुंचाएगी तो श्री ट्रंप ने कहा, ''अगर इसका असर नाटो पर पड़ता है, तो पड़ता है, लेकिन सच्चाई यह है कि उन्हें हमारी जरूरत हमसे कहीं ज्यादा है।'' उन्होंने दावा किया, ''नाटो को मैंने ही बचाया,'' और फिर यह सवाल उठाया कि जरूरत पड़ने पर क्या नाटो सहयोगी अमेरिका का समर्थन करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा, ''मुझे संदेह है कि अगर हमें नाटो की जरूरत पड़ती है, तो क्या वे हमारे लिए खड़े होंगे। मुझे नहीं लगता कि वे ऐसा करेंगे।'' श्री ट्रंप ने यह भी दोहराया कि रूस और चीन के युद्धपोत और पनडुब्बियां ग्रीनलैंड के आसपास ''हर जगह'' मौजूद हैं।

## विश्व पुस्तक मेला के तीसरे दिन दिखा साहित्य, संस्कृति और शौर्य का संगम

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में चल रहे नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेला के तीसरे दिन सोमवार को भारी संख्या में पाठकों की भीड़ उमड़ी। मेले में सुबह से ही परिवार, छात्र, युवा और पुस्तक प्रेमी मेले में पहुंचे। भारत मंडपम का पूरा परिसर पुस्तकों, विचारों और सांस्कृतिक गतिविधियों से जीवंत नजर आया। मेले का सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र 'भारतीय सैन्य इतिहासः शौर्य और प्रज्ञा 75' थीम पवेलियन रहा। यहां भारतीय सेना के टैंकों की प्रतिकृतियां, शौर्य से जुड़ी प्रदर्शनी और वर्दीधारी सैनिकों की उपस्थिति ने लोगों को खासा आकर्षित किया। युवा और बच्चे यहां सेल्फी लेते और सैन्य इतिहास को करीब से समझते दिखे।

पुस्तक मेले के तीसरे दिन कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। इनमें भारतीय सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और सांसद व वरिष्ठ अभिनेत्री हेमा मालिनी, वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी भी शामिल रहे।

जनरल अनिल चौहान ने थीम पवेलियन का भ्रमण किया और भारत के सैन्य इतिहास, नेतृत्व और रणनीतिक सोच पर आधारित प्रदर्शनी की सराहना की।

श्रीमती ईरानी ने भारत लिटरेचर फ़ेस्टिवल के विशेष सत्र में भाग लेते हुए कहा कि यह पुस्तक मेला अब तक का सबसे अलग और प्रभावशाली आयोजन है। उन्होंने कहा कि पहली बार साहित्य के साथ शौर्य और दर्शन को एक साथ प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक के बदलते दौर में भी विचारों और पुस्तकों की ताकत कभी कम नहीं होती।

इसके बाद आयोजित एक अन्य सत्र में हेमा मालिनी ने कवि दास नारायण की कृष्ण भक्ति पर आधारित पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर अरुण माहेश्वरी और विमलेश कांति वर्मा भी मौजूद रहे। श्रीमती हेमा मालिनी ने कहा कि यह केवल पुस्तक विमोचन नहीं, बल्कि भक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा का उत्सव है, जिसकी जड़ें सूरदास और मीराबाई जैसे संत कवियों से जुड़ी हैं।

# पेज एक का शेष

### यूपी में 2000...

शर्मा, राज्यमंत्री अजीत पाल, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल व चिकित्सा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष सहित अन्य उपस्थित रहे। तकनीक के इस्तेमाल से योजनाओं का लाभ पहुंचा अंतिम पायदान तक मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमने देश में तकनीक के प्रभाव को जमीनी धरातल पर मूर्त रूप लेते देखा है। उत्तर प्रदेश में भी पिछले आठ वर्षों से हमारी डबल इंजन की सरकार ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से शासन के विजन, नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सफलता हासिल की है। योगी ने बताया कि वर्ष 2017 में जब हमारी सरकार आई तो सबसे ज्यादा शिकायतें राशन की दुकानों की आती थीं। हमने समाधान के लिए एक साथ छापेमारी करवाई और 30 लाख फर्जी राशन कार्ड बरामद किए। प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की 80 हजार दुकानों ई-पॉस मशीनें लगवाईं। अब लोगों को सही राशन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा ही निराश्रित पेंशन में भी था। 300 रुपये मासिक पेंशन मिलती थी, जिसमें भी बिचौलिए अपना हिस्सा ले लेते थे। अब सीधे बैंक खातों से प्रदेश में 1.06 करोड़ परिवारों को पेंशन मिल रही है। कोविड-19 के पहले कई जिलों में नहीं थे आईसीयू, अब 81 मेडिकल कॉलेज मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 के पहले यूपी की स्वास्थ्य व्यवस्था के बारे में कहा कि प्रदेश में तब केवल 40 मेडिकल कॉलेज थे। इनकी संख्या अब बढ़कर 81 हो गई है। दो एम्स भी हैं। कोविड-19 से पहले कई जिलों में आईसीयू की सुविधाएं नहीं थीं। प्रदेश में ऑक्सीजन प्लांट, डायलिसिस, ब्लड बैंक और डिजिटल डायग्नोस्टिक सुविधाओं का अभाव था। अब ये सभ सुविधाएं हर जिले में मौजूद हैं। वर्चुअल आईसीयू और टेली मेडिसिन सेवाएं भी चल रही हैं। टीबी उन्मूलन की दिशा में एआई आधारित टूल्स के माध्यम से रोगियों और जोखिम क्षेत्रों की पहचान, उपचार और निगरानी को प्रभावी बनाया गया है। सरकार एआई का उपयोग केवल स्वास्थ्य सेवाओं में ही नहीं, आधुनिक पुलिसिंग, कृषि, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में भी कर रही है। एआई मानव द्वारा संचालित होना चाहिए, मानव एआई द्वारा संचालित न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा करने के बाद भी और अच्छा किए जाने की गुंजाइश बनी रहती है। उस दिशा में सरकार काम कर रही है। यूपी जैसी बड़ी आबादी वाले प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में और भी बेहतर करने की गुंजाइश है।

### नशा कारोबारियों की...

कि स्वामी विवेकानंद ने दुनिया की प्राचीनतम संस्कृति भारतीय सनातन संस्कृति को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। दुनिया को बताया कि भारतीय संस्कृति किसी भी समाज पर जबरिया अपने विचार नहीं थोपती है और दुनियाभर से कोई भी पीड़ित मानवता भारत आई तो भारत ने उसे स्वीकार किया। स्वामी विवेकानंद ने भारत को विश्व गुरु का सपना देखा था, उसे आज पूरा होते हुए पूरी दुनिया देख रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज जीजाबाई माई साहब को उनकी जयंती पर नमन करता हूं, जिनके पालन पोषण और संस्कारों में पले बढ़े छत्रपति शिवाजी ने हिंदवी स्वराज की स्थापना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा महोत्सव में युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्रान करते हुए कहा कि अगर संकल्पवान होकर लक्ष्य के लिए आगे बढ़ते हैं तो सफलता जरूर मिलेगी लेकिन अक्सर युवा मंजिल के नजदीक आने पर लापरवाही कर जाते हैं जबकि उन्हें बिना निराश हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए तो एक न एक दिन जरूर मंजिल मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस समारोह में विभिन्न कार्यों के लिए युवक व महिला मंगल दल को सम्मानित किया गया है। मंगल दल एक पेड़ मां के नाम पर पेड़ लगाएं। पुराने नदी- नालों, कुओं का संरक्षण करें। मंगल दलों को स्पोटर्स किट दी गई उसका गांव के युवाओं को खेल प्रतिभा विकसित करने में उपयोग करें। साथ ही ग्राम, न्याय, जिला, मंडल और प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायं और युवाओं को पुरस्कृत किया। जुलाई से प्रदेश में वन महोत्सव शुरु किया जाएगा और करोड़ पौधे रोपे जाएंगे। वन क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में पूरे भारत में प्रथम है। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए पीएम व सीएम योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए ऋण दिए जा रहे हैं। स्किल को बढाने के लिए ट्रेनिंग कराई जा रही है और सरकारी नौकरियों में बिना किसी भेदभाव के चयन किया जा रहा है। पहले पैसे वसूल कर नौकरी बांटी जाती थी लेकिन अब ऐसा करने वालों को जेल भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले व्यापारी सहमे रहते थे और कोई निवेश नहीं आ रहा था लेकिन वर्ष 2017 के बाद से स्थितियां बदल गई हैं। अब करोड़ों रुपए के निवेश आ रहे हैं और युवाओं को रोजगार मिल रहा है। प्रयागराज में सफल महाकुंभ के आयोजन में करोड़ों लोग आए। प्रदेश में करोड़ों पर्यटक आने से युवाओं को रोजगार मिल रहा है। यह स्थिति आने वाले दिनों में और अधिक बेहतर होने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन की सराहना करते हुए योगी ने कहा कि देश को आजादी तो मिली लेकिन इसके जश्न में हर भारतीय शामिल नहीं हो पाया लेकिन अब पीएम मोदी ने आजादी के सौ साल पूरे होने पर 2047 में वि?कसित भारत का लक्ष्य तय किया है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश भर में विभिन्न कार्यक्रम और अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी प्रकार हर घर तिरंगा अभियान से लोगों को देश और समाज के प्रति अपने दायित्व को बोध कराया गया। समारोह में विभागीय योजनाओं की एक प्रस्तुति भी दी गई।

### हमारे लिए भारत जितना...

भी कहा कि भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कुछ दिन पहले अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक ने संकेत दिया था कि वाशिंगटन इस समझौते को जल्द अंतिम रूप देने को लेकर बहुत उत्सुक नहीं है। व्यापार पर बात करते हुए अमेरिकी राजदूत ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो की उस टिप्पणी का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने इसे ''परस्परता का वर्ष'' बताया था। गोर ने कहा, ''हम कूटनीति के मानकों को ऊंचा कर रहे हैं। इसका मतलब है निष्पक्ष व्यापार, पारस्परिक सम्मान और साझा सुरक्षा। उन्होंने कहा, ''आप में से कई लोगों ने मुझसे जारी व्यापार वार्ताओं पर जानकारी मांगी है। दोनों पक्ष सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। वास्तव में व्यापार पर अगली बातचीत कल होगी। बहरहाल, गोर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह बातचीत दोनों देशों के व्यापार वार्ताकारों के बीच टेलीफोन पर होगी या किसी अन्य माध्यम से। अमेरिकी राजदूत ने कहा, ''भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। इसलिए इसे (व्यापार वार्ता को) अंतिम चरण तक पहुंचाना आसान काम नहीं है लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, ''व्यापार हमारे संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन हम सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अन्य अहम क्षेत्रों में भी मिलकर काम करते रहेंगे। गोर ने 'पैक्स सिलिका' पहल का भी उल्लेख किया, जिसे अमेरिका ने पिछले महीने शुरू किया था। जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, इजराइल और कई अन्य देश पहले ही इसमें शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, ''आज मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अगले महीने भारत को इस समूह में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'दुनिया नई प्रौद्योगिकी को अपना रही है, ऐसे में यह आवश्यक है कि भारत और अमेरिका इस पहल की शुरुआत से ही कंधे से कंधा मिलाकर काम करें।

### केजीएमयू में धर्मांतरण...

इसके आधार पर आरोपी डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया है और निष्कासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलपति सोनिया नित्यानंद ने कहा था कि उसे निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एमबीबीएस में प्रवेश नीट के जरिए और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत होता है, इसलिए निष्कासन की संस्तुति विभाग को भेजी गई है।

### संजय प्रसाद समेत...

मुकेश कुमार मेश्राम को तत्काल प्रभाव से पदोन्नति देते हुए अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। केंद्र में तैनात भुवनेश कुमार, मृत्युंजय कुमार नारायण और संतोष कुमार यादव को यूपी में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। पदोन्नति पाने वाले अफसरों को 2,25000 सातवें वेतन आयोग के मुताबिक पे-मैट्रिक्स लेवल-17 दिया गया है।

### सब्जियों-दालों के...

मुद्रास्फीति फिलहाल रिजर्व बैंक के दो से छह प्रतिशत के लक्षित दायरे से भी नीचे है। केंद्रीय बैंक को यह लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा दिया गया है। साथ ही उसे मध्यम अवधि में महंगाई दर को चार प्रतिशत के आसपास रखने की जिम्मेदारी दी गयी है।

### सुरक्षित, भरोसेमंद...

मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है। '' श्री मोदी ने कहा कि भार और जर्मनी इसके विरुद्ध एकजुट होकर पूरी दृढ़ता से लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए जी 4 के माध्यम से दोनों का संयुक्त प्रयास इसी सोच का प्रमाण है। श्री मोदी ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग साल दर साल मजबूत हुआ है और आज इसका प्रभाव जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत और जर्मनी की प्राथमिकताएं समान हैं। इसमें सहयोग बढ़ाने के लिए भारत-जर्मनी उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह ज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का साझा मंच बनेगा। उन्होंने कहा,'' हम जलवायु, ऊर्जा, शहरी विकास और शहरी आवागमन जैसे क्षेत्रों में मिलकर नई परियोजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हरित हाइड्रोजन में दोनों देशों की कंपनियों का नया मेगा प्रोजेक्ट, भविष्य की ऊर्जा के लिए कायापलट करने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा, '' भारत और जर्मनी , सुरक्षित, विश्वसनीय और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। इन सभी विषयों पर आज किए जा रहे समझौता ज्ञापनों से सहयोग को नई गति और मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ता सहयोग परस्पर भरोसे और साझी सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रक्षा व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए वह चांसलर मर्ज़ का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा,'' हम रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए एक रोडमैप पर भी काम करेंगे, जिससे सह विकास और सह उत्पादन के नए अवसर खुलेंगे।'' श्री मोदी ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच ऐतिहासिक और गहरे जन संबंध हैं और आज हम इस ऐतिहासिक जुड़ाव को आधुनिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। आव्रजन, आवागमन, और कौशल बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया है और भारत की प्रतिभाशाली युवाशक्ति जर्मनी की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक कौशल साझेदारी पर जारी संयुक्त घोषणा इसी भरोसे का प्रतीक है। इससे खास तौर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में पेशेवरों की आवाजाही आसान होगी। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने खेलों के क्षेत्र में भी सहयोग आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा,'' यह युवाओं को जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम बनेगा। आज उच्च शिक्षा पर बना व्यापक रोड़मैप शिक्षा के क्षेत्र में हमारी साझेदारी को नई दिशा देगा। मैं जर्मन विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने का आमंत्रण देता हूँ। भारतीय नागरिकों के लिए वीज़ा-फ्री ट्रांजिट की घोषणा के लिए मैं चांसलर मर्ज़ का आभार व्यक्त करता हूँ। इससे दोनों देशों के लोगों के बीच नज़दीकियाँ और बढ़ेंगी।'' उन्होंने गुजरात के लोथल में बनाए जा रहे राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर से जर्मनी के समुद्री संग्रहालय से जुड़ने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्याल का जर्मनी के साथ करीबी सहयोग रहा है। इस महत्वपूर्ण विषय पर आज किए जा रहे समझौता ज्ञापन से सहयोग को और अधिक बल मिलेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कहा , '' आज स्वामी विवेकानंद जयंती के दिन चांसलर मर्ज़ का भारत में स्वागत करना मेरे लिए विशेष प्रसन्नता का विषय है। यह एक सुखद संयोग है कि स्वामी विवेकानंद ने ही भारत और जर्मनी के बीच दर्शन, ज्ञान और आत्मा का सेतु बनाया था। आज चांसलर मर्ज़ की यह यात्रा उसी सेतु को नई ऊर्जा, नया विश्वास और नया विस्तार प्रदान कर रही है। चांसलर के रूप में यह उनकी भारत ही नहीं, बल्कि एशिया की पहली यात्रा है। यह इस बात का सशक्त प्रमाण है कि वे भारत के साथ संबंधों को कितना गहरा महत्व देते हैं। श्री मोदी ने कहा कि चांसलर मर्ज़ की यह यात्रा रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने पर हो रही है और इस वर्ष दोनों देश राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष के अवसर को भी मना रहे हैं। उन्होंने कहा, '' ये उपलब्धियां केवल समय की उपलब्धियां नहीं हैं, ये हमारी साझा महत्वाकांक्षाओं, परस्पर विश्वास, और निरंतर सशक्त होते सहयोग के प्रतीक हैं। भारत और जर्मनी जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं के बीच करीबी सहयोग पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। बढ़ते व्यापार और निवेश संबंधों ने हमारी रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा दी है। हमारा द्विपक्षीय व्यापार अब तक के अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच चुका है और 50 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। दो हज़ार से अधिक जर्मन कंपनियां लंबे समय से भारत में मौजूद हैं। ये भारत के प्रति उनके अटूट विश्वास और यहाँ मौजूद अनंत संभावनाओं को दर्शाता है।

# नीतीश की समृद्धि यात्रा से पहले कैबिनेट की बैठक

## रोजगार, बुनियादी ढांचा पर रहेगा फोकस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगामी 16 जनवरी से समृद्धि यात्रा पर राज्यभर का दौरा करेंगे। इससे पहले मंगलवार यानी 13 जनवरी को कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। कैबिनेट की बैठक मंगलवार सुबह 11 बजे मुख्य सचिवालय के कैबिनेट हॉल में होगी। कैबिनेट सचिवालय विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित सभी कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा से ठीक तीन दिन पहले हो रही है, जो 16 जनवरी 2026 से शुरू होगी। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों का दौरा कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। बैठक में विकास, रोजगार, बुनियादी ढांचा और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है, जिससे यात्रा के लिए मजबूत आधार तैयार हो सके। पिछली कैबिनेट बैठक 16 दिसंबर 2025 को हुई थी, जिसमें केवल एक एजेंडे पर मुहर लगी। इसमें सात निश्चय-3 (2025-2030) कार्यक्रम को स्वीकृति दी गई, जिसका उद्देश्य बिहार को देश के सबसे विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करना है। यह कार्यक्रम पिछले दो संस्करणों (2015-2020 और 2020-2025) की सफलता के बाद शुरू किया गया है। नए साल की पहली बैठक में विशेष रूप से रोजगार और नौकरी से जुड़े फैसलों पर सबकी नजरें टिकी हैं। पिछले फैसलों के आधार पर संविदा कर्मियों के नियमितीकरण या नई भर्तियों जैसे बड़े ऐलान की संभावना जताई जा रही है। यह बैठक राज्य के विकास एजेंडे को नई गति देने वाली साबित हो सकती है।

# एसजीपीसी 328 पवित्र स्वरूपों के मुद्दे पर सरकार को दे सहयोग : जत्थेदार गड़गज्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने 328 पवित्र स्वरूपों (धर्मग्रंथों) से संबंधित चल रहे मुद्दे के संबंध में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को सरकार को सहयोग देने के लिए कहा है। जत्थेदार गड़गज्ज ने सोमवार को कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब सिखों के जीवित, शाश्वत गुरु हैं और दुनिया भर में हर सिख और गुरु नानक देव के अनुयायी गुरु साहिब के प्रति गहरी श्रद्धा और भक्ति रखते हैं। उन्होंने कहा कि 328 पवित्र स्वरूपों (धर्मग्रंथों) से संबंधित चल रहे मुद्दे के संबंध में श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा ईश्वर सिंह की अध्यक्षता में एक जांच आयोग का गठन किया गया था। आयोग की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ये पवित्र स्वरूप संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत से संगत को दिए गए थे, और निर्धारित चढ़ावा न तो ट्रस्ट फंड में जमा किया गया और न ही बिल जारी किए गए। उन्होंने कहा कि यह मामला कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों द्वारा वित्तीय हेराफ़ेरी से संबंधित है। उन्होंने कहा कि श्री सिंह ने आयोग की रिपोर्ट, जिसे श्री अकाल तख्त साहिब ने मंजूरी दे दी है, में 16 आरोपी व्यक्तियों के नाम स्पष्ट रूप से बताए हैं, जिन्हें श्री अकाल तख्त साहिब ने भी दोषी ठहराया है। श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा जारी आदेशों के आलोक में, एसजीपीसी ने पहले ही इन 16 आरोपियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की है। उन्होंने आगे याद दिलाया कि श्री अकाल तख्त साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने भी 17 नवंबर, 2020 को गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल के ऐतिहासिक मंच से कहा था कि यह प्रशासनिक भ्रष्टाचार का मामला है जिसमें संबंधित कर्मचारियों ने पैसे का गबन किया था, और एसजीपीसी ने उन कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया था जिन्होंने धन का गबन किया था। जत्थेदार सिंह ने कहा कि हालांकि खालसा पंथ ने कभी भी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधिकार क्षेत्र में सरकारी दखलअंदाजी को बर्दाश्त नहीं किया है, और न ही भविष्य में करेगा - क्योंकि यह चुनी हुई प्रतिनिधि और सर्वोच्च सिख संस्था है - फिर भी, पवित्र स्वरूपों के मौजूदा मामले में कुछ लोगों द्वारा संगत के बीच पैदा किए जा रहे भ्रम को देखते हुए, और बड़े पंथिक हितों को ध्यान में रखते हुए, एसजीपीसी के अध्यक्ष, एडवोकेट हरजिंदर सिंह को केवल 328 पवित्र स्वरूपों के मुद्दे के संबंध में सरकार को उचित सहयोग देने के लिए अधिकृत किया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को जांच के उद्देश्य से एसजीपीसी से कोई जानकारी चाहिए, तो आवश्यक जानकारी की जांच एसजीपीसी के चंडीगढ़ सब-ऑफिस में एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह की उपस्थिति में की जा सकती है। जत्थेदार सिंह ने आगे कहा कि ईश्वर सिंह आयोग ने अपनी रिपोर्ट के चौथे भाग के पेज 231 पर बहुत स्पष्ट रूप से लिखा है कि कोई भी राजनीतिक दल इस मुद्दे से राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश न करे, और ऐसा करने वाला कोई भी दल श्री अकाल तख्त साहिब के प्रति जवाबदेह होगा और पंथिक हितों के साथ विश्वासघात का दोषी माना जाएगा।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है पूरा देश : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज किरोड़ीमल कॉलेज स्थित हनुमान मंदिर परिसर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आज संपूर्ण भारत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय विरासत की उस हजार वर्षों से चली आ रही अविचल यात्रा का स्मरण है, जो हमारी अटूट श्रद्धा, सांस्कृतिक पुनरुत्थान और सनातन चेतना की जीवंत गौरवगाथा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में इस गौरवशाली विरासत के प्रति प्रेम और गर्व देखकर यह विश्वास और अधिक दृढ़ होता है कि भारत अपने सांस्कृतिक वैभव के साथ पुनः विश्व पटल पर गौरवशाली ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का पुनरुद्धार जहां लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के दृढ़ संकल्प का प्रतीक था, वहीं आज माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वही विरासत अपनी पूर्ण भव्यता के साथ नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रही है।

# बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की उत्तर कोयल, मंडई वीयर और ताजपुर-बख्तियारपुर पुल परियोजनाओं की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सोमवार को राज्य की तीन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं उत्तर कोयल जलाशय परियोजना, मंडई वीयर परियोजना तथा गंगा नदी पर निर्माणाधीन ताजपुरऽबख्तियारपुर ग्रीनफील्ड पुल की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजनाओं की प्रगति, आ रही समस्याओं और भावी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने गयाजी के जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अथवा धीमी गति से कार्य करने वाले संवेदकों पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यकता पड़ने पर कार्यस्थल पर श्रमिकों की संख्या और खुदाई उपकरणों में भी वृद्धि की जाए, ताकि परियोजना तय समय सीमा में पूरी हो सके। मंडई वीयर परियोजना की प्रगति को तेज करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव ने जल संसाधन विभाग को अपने अधिकारियों की सक्रिय तैनाती जिलों में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विभाग की ओर से बताया गया कि 30 कनीय अभियंताओं को विशेष रूप से जहानाबाद जिले में प्रतिनियुक्त किया गया है। ये अभियंता घर-घर जाकर रैयतों से संवाद करेंगे और उन्हें भू-अर्जन के बदले मिलने वाली मुआवजा राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक में पथ निर्माण विभाग की ओर से गंगा नदी पर निर्माणाधीन ताजपुर-बख्तियारपुर ग्रीनफील्ड पुल पर एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। विभाग ने जानकारी दी कि पुल का निर्माण कार्य संतोषजनक प्रगति पर है और इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने का निर्देश दिया, ताकि जमीनी स्तर पर उत्पन्न होने वाली किसी भी तकनीकी या प्रशासनिक समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके। इस समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा संबंधित जिलों के जिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर्स पुलिस, सरकार को ही दे रहे हैं चुनौती : जाखड़

चंडीगढ़। पंजाब के फगवाड़ा में अज्ञात हमलावरों द्वारा एक दुकान पर की गई गोलीबारी पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने सोमवार को कहा कि ऐसा करके गैंगस्टर्स पुलिस और सरकार को ही चुनौती दे रहे हैं ।

श्री जाखड़ ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, ''आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के सात दिन में गैंगस्टर्स को खत्म करने के दावे को आज फगवाड़ा में चुनौती मिली, जहां मुख्यमंत्री के दौरे से पहले गैंगस्टर्स ने एक मिठाई की दुकान पर सात गोलियां चलाईं। ऐसा करके गैंगस्टर्स पुलिस और सरकार को ही चुनौती दे रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि इससे पहले भी फगवाड़ा में ही आप नेता दलजीत सिंह राजू के घर पर इसी तरह अंधाधुंध गोलीबारी हुई थी। उन्होंने कहा कि क्या आप सरकार इस मामले में कुछ करने में सक्षम है, या लोगों को गैंगस्टर्स के भरोसे छोड़ दिया गया है?

# रोहिणी में स्कूटी और कार की टक्कर, एक युवक गंभीर रूप से घायल

नई दिल्ली। रोहिणी जिले के बुद्ध विहार थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात स्कूटी और आई-20 कार की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा 11 जनवरी की रात करीब 11:40 बजे रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास हुआ। घटना की सूचना पीसीआर कॉल के जरिए पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बुद्ध विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला। घायल को पहले पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान जेजे कॉलोनी, शकूरपुर निवासी सुख नंदन (35) के रूप में हुई है। वह स्कूटी से जा रहा था। हादसे के बाद आई-20 कार का चालक मौके से फरार हो गया और अपनी गाड़ी वहीं छोड़कर भाग निकला।

# एक लाख का इनामी बदमाश विकास उर्फ विक्की गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली में सक्रिय कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बरार के नेटवर्क पर दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। ऑपरेशन गैंग बस्ट के तहत पूर्वी जिले की रेंज (एनडीआर) क्राइम ब्रांच ने गोल्डी बरारऽरोहित गोदारा गिरोह के सक्रिय सदस्य विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र में दर्ज 18 संगीन आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है। वह कई मामलों में कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने सोमवार को बताया कि विकास उर्फ विक्की लंबे समय से गोल्डी बरार के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा था। वह गिरोह के लिए फायरिंग, लूट और जबरन वसूली जैसी वारदातों को अंजाम देता था। आरोपित दिल्ली के चाणक्यपुरी थाना क्षेत्र में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले में फरार चल रहा था। इस मामले में उसके साथी अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए थे, जबकि विकास मौके से फरार हो गया था। बाद में उसे भगोड़ा घोषित किया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि वर्ष 2023 में विकास उर्फ विक्की ने गुरुग्राम में एक फ्लैट किराए पर लेकर गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गिरोह के करीब दस बदमाशों को ठहराया था। इनकी योजना अदालत परिसर में कौशल चौधरी गिरोह के सरगना की हत्या करने की थी। हालांकि समय रहते पुलिस ने साजिश को नाकाम करते हुए सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि विकास एक बार फिर फरार हो गया। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार, विकास उर्फ विक्की की पहचान गोल्डी बरार के भरोसेमंद सहयोगी के रूप में थी। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि जेल में रहते हुए उसका संपर्क लॉरेंस बिश्नोई से हुआ था, लेकिन बाद में गिरोह के अंदरूनी मतभेदों के चलते उसने गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गुट का साथ दे दिया। जेल से बाहर आने के बाद वह लगातार फरार रहा और गिरोह के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से वसूली व लूट की घटनाओं को अंजाम देता रहा। दिल्ली पुलिस ने बताया कि जून 2025 में राजधानी के कई कारोबारियों को गोल्डी बरार की ओर से फिरौती की धमकी भरे कॉल किए गए थे। इसी सिलसिले में चाणक्यपुरी इलाके में एक क्लब के बाहर फायरिंग की साजिश रची गई थी, जिसमें विकास उर्फ विक्की की अहम भूमिका थी। हालांकि पुलिस कार्रवाई में उसके साथी पकड़े गए थे, जबकि वह बचकर निकल गया था।

# नगर परिषद निवासी टैक्स राशि जमा करें तो नहीं लगेंगे ब्याज : पिंकी कुमारी

नवादा। नवादा नगर परिषद के अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने कहा है कि 31 दिसंबर 2026 तक नगर परिषद क्षेत्र के निवासी एक मुफ्त होल्डिंग टैक्स जमा कर देते हैं, तो उनसे ब्याज नहीं लिए जाएंगे। वे सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि बिहार नगर पालिका सम्पत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स / होल्डिंग टैक्स) प्रोत्साहन योजना, 2025 के तहत सरकार ने यह निर्णय लिया है। इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं उसके पूर्व के बकाये संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स/होल्डिंग टैक्स) की मूल राशि का भुगतान करने पर पूर्व के सभी लंबित संपत्ति कर के व्याज की राशि एवं दण्ड को माफ कर दिया जायेगा। यह योजना सभी आवासीय, वाणिज्यिक, औधोगिक एवं केन्द्र / राज्य सरकार की सम्पत्ति एवं संस्थागत सम्पत्तियों (प्रॉपर्टी) पर समान रूप से लागू होगी। चेयरमैन ने कहा कि यह योजना दिनांक 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने कहा कि नवादा नगर परिषद में कुल होल्डिंग कि संख्या 11945 है। कुल बिजली कनेक्शन 20048है। टैक्स वसूली की वार्षिक लक्ष्य 25469656 करोड़ है। अब तक 11387081 रुपये संग्रह की गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष के प्रतिनिधि नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संजय साव तथा सिटी मैनेजर शशि प्रकाश भी उपस्थित थे।

# यूओयू का 10वां दीक्षांत समारोह, 18,129 विद्यार्थियों को उपाधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता





हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का दसवां दीक्षांत समारोह सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने की।इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले 34 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए। वहीं विश्वविद्यालय से अध्ययनरत 18,129 शिक्षार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की गईं।

इसके साथ ही 6 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया।दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका 'उड़ान' का विमोचन किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय की हिंदी वेबसाइट का लोकार्पण भी किया गया, जिससे हिंदी भाषी विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से और अधिक सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि यह दिन विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज जिन 18,129 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां, स्वर्ण पदक और पीएचडी की उपाधियां प्रदान की गई हैं, वे भविष्य में न केवल प्रदेश बल्कि देश के विकास में भी अहम भूमिका निभाएंगे।राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय से निकलकर विद्यार्थी अब जीवन में नई ऊंचाइयों को छुएंगे और समाज के निर्माण में सकारात्मक योगदान देंगे। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं एवं विश्वविद्यालय परिवार को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# फगवाडा में अज्ञात हमलावरों ने की मिठाई की दुकान पर गोलीबारी

फगवाड़ा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार को फगवाड़ा पहुंचने के कुछ ही घंटे पहले उस समय दहशत फैल गई जब तीन अज्ञात लोग एक स्कूटर पर आए और होशियारपुर रोड पर स्थित मशहूर मिठाई की दुकान पर गोलीबारी की । यह घटना सोमवार सुबह करीब 6:45 बजे घटी। गनीमत रही कि गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ, हालांकि हमले के समय दुकान मालिक और चार कर्मचारी अंदर मौजूद थे। घटना के तुरंत बाद, पुलिस अधीक्षक माधवी शर्मा और निरीक्षक अमन कुमार दवेशवर समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस टीमों ने हमलावरों की पहचान करने और उनकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटनास्थल से लगभग आठ खाली कारतूस बरामद किए गए हैं, जिनके 9 एमएम पिस्टल के होने का अनुमान है। गोलीबारी के बाद हमलावर भागने में सफल रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और विधायक सोम प्रकाश भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की निंदा करते हुए कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त की।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063